सुप्रभात
रांची, बुधवार
23.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष,अमावस्या, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 130

12 सेना पीओके लेने को तैयार, सरकार के आदेश का इंतजार

## न्यूज डायरी

### भारत ने श्रृंखला जीती सूर्या प्लेयर ऑफ द सीरीज

**नेपियर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को वषार्बाधित तीसरा टी20 मैच टाई हो गया। भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट रहे। तीसरे मैच में चार विकेट चटकाने वाले मेजवान टीम ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए 160 रन बनाये। भारत ने हार्दिक पांड्या (30 नाबाद) के योगदान की मदद से टीम ने नौ ओवर में 75 रन बना लिये थे, उसके बाद बारिश के कारण खेल नहीं हो सका। मैच टाइ करार दिया गया।

### राज्यपाल बैस ने एक और विधेयक लौटाया

**रांची।** विधानसभा के मानसून सत्र 2022 में पारित उत्पाद (संशोधन) विधेयक 2022 को राज्यपाल रमेश बैस ने कुछ बिंदुओं पर नाराजगी के साथ पुनर्विचार के लिए सरकार को लौटा दिया है।

### करगिल में भूकंप के झटके, 4.3 की तीव्रता

**कारगिल।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने मंगलवार को कहा कि कारगिल, लद्दाख से 191 किमी उत्तर में रिक्टर स्केल पर 4.3 की तीव्रता वाला भूकंप आय। भूकंप का यह झटका सुबह दस बजे के करीब महसूस किया गया। एक दिन पहले सोमवार को इंडोनेशिया में आये भूकंप में 162 लोगों की मौत हो गयी थी।

### सड़क हादसे में तीन युवक की मौत

**गोड्डा।** तेज रफ्तार का कहर ने तीन युवकों की जान ले ली। हादसे दो युवक घायल हैं, जिनका इलाज भागलपुर अस्पताल में चल रहा है। पहली घटना गोड्डा-भागलपुर मार्ग पर डुमरिया के पास हुई। बाइक पर तीन युवक सवार होकर गोड्डा से पंजवारा की ओर आ रहे कि उनकी बाइक पलट गयी। दो युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं महगामा के मोहनपुर में एक लाइन होटल के पास खड़ी हाइवा में तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गयी।

### असम-मेघालय सीमा पर फायरिंग, 6 की मौत

**शिलांग।** असम-मेघालय सीमा पर मंगलवार को मुकरोह क्षेत्र में हुई गोलीबारी में कम से कम छह लोगों के मारे जाने की खबर है। मेघालय के सीएम कोनराड संगमा ने कहा कि मुकरोह क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में मेघालय के पांच और असम वन रक्षक के एक सहित कुल छह लोगों की मौत हो गयी। मेघालय पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेघालय पुलिस द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, असम वन रक्षकों द्वारा असम पुलिस के साथ लकड़ी लदे एक ट्रक का पीछा किया गया और असम पुलिस और असम वन रक्षकों द्वारा हिरासत में लिया गया। इससे बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गये और असम पुलिस के जवान और वन रक्षकों को घेर लिया।

### दुमका में महिला नक्सली मोनिका जीना गिरफ्तार

**दुमका।** पुलिस ने महिला नक्सली मोनिका ऊर्फ जीना ऊर्फ टेढ़ी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी रामगढ़ थाना क्षेत्र के बलियाकोड़ा गांव से हुई। गिरफ्तार मोनिका हार्डकोर नक्सली ताला दा, विजय दा और सुधीर किस्कू के दस्ते में शामिल रही है। मोनिका के खिलाफ गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी थाना में 2016 और गोपीकंदर थाना में 2017 में नक्सली मामले दर्ज किये गये थे। पुलिस को यह सूचना मिली कि वह अपने ससुराल पहुंची है। इस सूचना उसे गांव में छापेमारी की और गिरफ्तार किया गया।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 49,400 रु./10 ग्राम
चांदी : 63,500 रु./प्रति किलो

## विस के समारोह में बोले राज्यपाल ,लोकतंत्र की गरिमा बचाने को आत्ममंथन जरूरी

# दलित-आदिवासी की आवाज बना सदन : सीएम

### स्पीकर की पुस्तक *संसदीय दायित्व के तीन वर्ष* और पत्रिका *उड़ान* का लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा अपनी स्थापना का 22वां वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने अपने-अपने विचार साझा किये। उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित बगोदर से भाकपा माले के विधायक बिनोद सिंह समेत पांच विधानसभा कर्मियों को सम्मानित किया गया। सभी को शुभकामनाएं दी। समारोह का उदघाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की गरिमा के लिये आत्ममंथन जरूरी है। उन्होंने कहा कि सदन में लिये गये निर्णयों पर अधिक से अधिक कार्रवाई होना चाहिये। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड विधानसभा दलित-आदिवासी, गरीबों और वंचितों की आवाज बना है।

**दलित-आदिवासी का आवाज बना झारखंड विधानसभा : सीएम :** हेमंत सोरेन ने कहा कि दलित-आदिवासी के लिये झारखंड विधानसभा आवाज बना है। एकीकृत बिहार में सब कुछ दूर होने से इनकी कई समस्याएं पैदा होने लगी थी। लंबे संघर्ष के बाद सन 2000 में झारखंड राज्य मिला। राज्य बना तो विधानसभा बना। उन्होंने कहा कि जनमुद्दों को हल करने के लिए पक्ष-विपक्ष को मिलकर कार्य करना चाहिए। सदन राज्य का सर्वोच्च पंचायत है। यहां सभी की भूमिका बराबर हैं। पक्ष-विपक्ष मिलकर राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। करीब 20 वर्षों में राज्य का अपेक्षित विकास नहीं हुआ, अब समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्याप्त समस्या का बेहतर तरीके से समाधान करने की आवश्यता है। एकीकृत बिहार के समय क्षेत्र इतना बड़ा था कि मंत्री और विधायक गुम हो जाते थे। आदिवासी, दलित,पिछड़ों व अल्पसंख्यकों की झारखंड में बहुलता है। सरकार लोगों के लिए कई योजनाएं चला रही है। राज्य की 80 प्रतिशत ग्रामीण जनता समस्याओं से गुजर रहे हैं। इनकी समस्याओं के समाधान का काम सिर्फ कार्यपालिका को नहीं बल्कि विधायिका को भी करना है।

(शेष पेज 11 पर)

### विनोद सिंह को उत्कृष्ट विधायक सम्मान




### शहीद के आश्रित, टॉपर छात्र भी सम्मानित

इसके पहले बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में विनोद सिंह को सम्मानित किया गया। माले विधायक विनोद कुमार सिंह को राज्यपाल रमेश बैस और सीएम हेमंत सोरेन ने मोमेंटो, शॉल, प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। विनोद कुमार सिंह ने सम्मान राशि को अपने विधानसभा क्षेत्र के महाविद्यालयों में पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए देने की घोषणा की है। इसके अलावा शहीदों के आश्रितों व दसवीं -12 वीं के टॉपर विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### स्पीकर ने 27 लाख सीएम राहत कोष में दिये

स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने अपनी लिखित पुस्तक विचारों के 11 अध्याय के रॉयल्टी के तौर पर प्राप्त 27 लाख 900 रुपये की राशि का चेक सीएम राहत कोष में सौंपा। श्री महतो ने कहा कि शिक्षा से ही विकास संभव है। बच्चों की पढ़ाई पर फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन की वजह से राज्य मिला, उन्होंने हमेशा शिक्षा को बढ़ावा देने की पैरवी की। समारोह में संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, झामुमो के मुख्य सचेतक नलिन सोरेन के अलावा कई मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक,विधानसभा के प्रभारी सचिव जावेद हैदर, शहीदों के परिजन, खिलाड़ियों के परिजन और विधानसभा कर्मी मौजूद थे।

### हाइकोर्ट ने भवन सचिव को लगायी फटकार, पूछा

# अधिकारी कोर्ट के आदेश से ऊपर हैं क्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में कोर्ट सुरक्षा से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने पूछा कि क्या विभाग के अधिकारी खुद को कोर्ट से ऊपर समझते हैं। वहीं अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जिला जज रैंक के अधिकारी जूनियर इंजीनियर को अगर फोन करते हैं, तो वे रिस्पॉन्स नहीं देते। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत के बाद भी विभाग अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करता, इसके पीछे क्या कारण है।



सुनवाई के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव भी अदालत में सशरीर उपस्थित रहे। अदालत ने उन्हें जमकर फटकार लगायी और पूछा कि सरायकेला खरसावां, जमशेदपुर, घाटशिला और गिरिडीह के जूनियर इंजीनियर के खिलाफ शिकायत अदालत में पहुंची थी, लेकिन अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई।

(शेष पेज 11 पर)

## रोजगार मेला में सरकारी नियुक्ति पत्र सौंप कर बोले मोदी

# युवाओं की क्षमता राष्ट्र निर्माण में अहम

### देश भर के 45 शहरों से जुड़े मंत्रियों दिये पत्र हर जगह मंत्री इस समारोह से जुड़े थे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला-2 के तहत नव नियुक्त कर्मियों को करीब 71,000 नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनसे विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी भूमिका निभाते हुए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आये, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य दस लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही उन्होंने कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर विभिन्न राज्यों से जुड़े मंत्रियों ने अपने-अपने यहां युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा।

रांची, हजारीबाग समेत देश भर के 45 शहरों में राजगार मेले का आयोजन किया गया था।

**10 लाख की भर्ती का अभियान रोजगार मेला :** पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि शीघ्र ही भारत विश्व का मैन्युफैक्क्रिंग पावर हाउस बनेगा। भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं।

(शेष पेज 11 पर)




### रांची में केंद्रीय मंत्री मुंडा ने बांटे नियुक्ति पत्र

रोजगार मेले के दौरान रांची से जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जुड़े। उन्होंने रांची के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र की बड़ी ताकत बताया।

### लव जिहाद: चंडीगढ़ में घर में घुस कर बिहारी युवक ने की हत्या

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में लव जिहाद में हत्या का एक मामला प्रकाश में आया है। शादीशुदा एक मुस्लिम युवक ने पड़ोस में रहने वाली हिंदू लड़की की घर में घुस कर गला दबाकर हत्या कर दी। आशंका है कि हत्या से पहले दुष्कर्म भी किया गया है। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को सेक्टर-45 से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपित 25 वर्षीय मोहम्मद शरीक बिहार के मधुबनी जिला के गांव बेला का निवासी है और उसने अपने विवाहित होने की बात छिपा कर युवती को अपने प्रेम के जाल में फंसाया। करीब दो साल बाद जब लड़की को उसके विवाहित होने का पता चला, तो उसने युवक से दूरी बना ली। युवती की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि सोमवार को उनकी बेटी घर पर अकेली थी।

# आतंकी दाऊद इब्राहिम ने रची मोदी को मारने की साजिश

### मुंबई पुलिस को मिला वॉट्सऐप मैसेज, दो आतंकियों को हत्या की सुपारी दी, सुरक्षा कड़ी

**एजेंसी**

**मुंबई।** पीएम मोदी मोदी की जान को खतरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुलिस को एक वॉट्सऐप मैसेज मिला है, जिसमें कहा गया है कि भगोड़े आतंकी दाऊद इब्राहिम ने मोदी को मारने की साजिश रची है। ऑडियो मैसेज में कहा गया है कि दाऊद इब्राहिम की डी-कंपनी के दो गुर्गों मुश्ताक अहमद और नवाज नाम के दो आतंकियों को मोदी को मारने की सुपारी दी है। धमकी भरे संदेश मामले में वर्ली थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है। पुलिस मैसेज भेजने वाले की तलाश कर रही है। दाऊद इब्राहिम भारत का भगोड़ा कुख्यात अपराधी है। 1992 में मुंबई बम धमाकों के मामले में सुरक्षा एजेंसियों को उसकी तलाश है। इस खबर के बाद सुरक्षा एजेंसियां समेत मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अलर्ट हो गयी है।



**अगस्त में भी मिली थी धमकी :** पीएम मोदी को इसी साल अगस्त में भी जान से मारने की धमकी मिली थी। उस समय एक ई-मेल भेजकर कहा गया था कि आतंकियों के स्लीपर सेल में शामिल 20 लोग मोदी को मारने के लिए तैयार हैं। ई-मेल में कहा गया था कि इस स्लीपर सेल के पास 20 किलो आरडीएक्स है। ई-मेल भेजने वाले ने यह दावा भी किया था कि उसके आतंकवादियों से संबंध हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# लातेहार : रेलवे साइट पर नक्सली तांडव

## रवींद्र गंझू दस्ते का हाथ, कई वाहन फूंके, एक माह में दूसरा हमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कठपुलिया के डगडगिया पुल के पास थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर मंगलवार की देर शाम 50 की संख्या में आये प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ते ने जमकर उत्पात मचाया। माओवादी दस्ते ने निर्माण कार्य में लगे कंपनी के इंजीनियर व कई कर्मियों को कब्जे में लेकर मारपीट की व पाइलिंग मशीन, जेसीबी,बाइक, जनरेटर समेत जो भी मशीन वंहा थी, सबको आग के हवाले कर दिया। इससे करोड़ो की कीमती मशीनें जल कर खाक हो गयीं। नक्सली अपने साथ एक इंजीनियर व कई मजदूरों को भी लेते गये थे, पर बाद में सभी को छोड़ दिये जाने की खबर है। नक्सलियों की धमक के बाद कुछ कर्मी व मजदूर मौके से भागने में सफल रहे। उन्होंने गांव आकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। बाद इसकी सूचना लातेहार एसपी को दी गयी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल की ओर रवाना हो गयी।



**एक माह पूर्व भी मचाया था तांडव :** 22 अक्टूबर को भी टॉप माओवादी रविंद्र गंझू के दस्ते ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन स्थित रेलवे के कंस्ट्रक्शन साइट पर हमला कर तांडव मचाया था। उस दौरान भी एक इंजीनियर व दो कर्मियों को गोली मारकर घायल कर दिया था। माओवादियों ने बिना लेवी दिये काम नहीं करने की घमकी भी दी थी। इस घटना में भी माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के ही दस्ते का हाथ होने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि उग्रवादियों को संख्या करीब 50 के आसपास थी। भाकपा माओवादी संगठन का जोनल कमांडर लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला बांझीटोला का रहने वाला है। उस पर 15 लाख का इनाम है। नक्सली रविन्द्र गंझू लोहरदगा, गुमला और लातेहार पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इन तीनों जिलों में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। रविंद्र गंझू के दस्ते के साथ पुलिस की कई बार मुठभेड़ हुई।

# वेल्लोर में झारखंडी मरीजों के लिए भवन बनाने का आग्रह

## तमिलनाडु की सबसे बड़ी पंचायत की प्रमुख मिली सीएम से, निशुल्क भूमि देने का वादा

### झारखंड से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए जाते हैं वेल्लोर, रहने में होती है कठिनाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वेल्लोर जिले (तमिलनाडु) की सबसे बड़ी पंचायत विरंचिपुरम की प्रमुख बी गुणासुंदरी, पंचायत सचिव जे सिलवक और एक्स आर्मी मैन एवं सामाजिक कार्यकर्ता बालचंद्रन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आनेवाले मरीजों के लिए वहां एक भवन का निर्माण कराया जाये। तमिलनाडू सरकार इस कार्य के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध करा सकती है। तीनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की और उनसे उक्त अपील की। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। प्रमुख गुणासुंदरी और पंचायत सचिव सिलवक ने सीएम श्री सोरेन को बताया कि झारखंड और राज्य के कई इलाकों से बड़ी संख्या में गरीब मरीज इलाज कराने के लिए सीएमसी वेल्लोर आते हैं। इनमें गंभीर बीमारी से ग्रसित गरीब मरीजों की संख्या बहुत होती है। इलाज के सिलसिले में उन्हें लंबे समय तक यहां रहना पड़ता है। ऐसे में इन मरीजों को रहने में काफी कठिनाई होती है। रहने, खाने के लिए जगह-जगह इन मरीजों को भटकना पड़ा है। वहां उन्हें भारी परेशानी का भी आग्रह करना पड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सोरेन से कहा कि अगर राज्य सरकार वहां भवन बना दे तो उसका काफी फायदा इस झारखंड के उन गरीब मरीजों को होगा, जो वहां इलाज कराने पहुंचते हैं।

(शेष पेज 11 पर)



### सऊदी अरब से हार कर रो पड़े लियोनेल मेसी



**रियाद।** फीफा वर्ल्ड कप में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। सऊदी अरब ने लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम को 2-1 से हरा दिया। अर्जेंटीना ने पहले 10वें मिनट में ही गोल कर बढ़त बना ली, लेकिन अंतिम मिनटों में सऊदी अरब ने दो गोल कर फुटबॉल प्रेमियों को हैरान कर दिया। इस पराजय के बाद मैदान में ही रो पड़े लियोनेल मेसी। अर्जेंटीना की तरफ से मेसी ने 10वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला था।

# खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने जीते 22 स्वर्ण सहित 33 पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची के खेल गांव में आयोजित झारखंड राज्य ओपन कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों ने 22 स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

शीतल टोपनो, निराली गुड़िया, अंजली कुमारी, निखिल सिंह और आर्यन प्रमाणिक काता तथा कुमिते दोनों इवेंट में डबल स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में एलिसा केरकेट्टा, स्मिता जोजो, मुकेश बोदरा, मुचिराय हस्सा, अंकित धान, प्रिंस लुगुन, चन्दन नाग, समीर भेंगरा, काशीनाथ मानकी, जयेश राज, आकृत सुरीन तथा अयमान असदक शामिल हैं।

रजत पदक जीतने वालों में आदित्य राम, स्मिता, जोजो, माधुरी बोदरा, सुखराम नाग और कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में सुरभि सिंह, करण यादव, सत्यम ओहदार, सिमरन टोपनो, सोसन बोदरा, संजीव सांगा तथा सुभाष कुमार शामिल हैं।

## झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 28 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 28 को होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने दी है। विभाग की ओर से कहा गया है कि बैठक सोमवार की शाम 4 बजे झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। इसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी।

## परिवहन विभाग में 11 व्यक्ति मनोनीत

**रांची।** राज्य परिवहन प्राधिकार झारखंड (एसटीए) एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आरटीए) में 11 व्यक्तियों को गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य परिवहन प्राधिकार में 2 सदस्य संजीव कुमार और सोनाराम देवगम को रखा गया है। वहीं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार में निरंजन कुमार मिश्रा, मंटू यादव, शाहनवाज अंसारी, राजेंद्र कुमार सिन्हा, सूर्यदेव मेहता, तारकेश्वर महतो, प्रमोद लाल व आदित्य प्रसाद को रखा गया है।


### कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

–: शुद्धि–पत्र :–

अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ज्ञापांक–1670(DHS)/ दिनांक –17.11.2022 (विज्ञापन PR. NO.-282544 Health Med Edu and Family Welfare [22–23]:D) के आलोक में चार अटल मुहला क्लीनिक में चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु WALK IN INTERVIEW के लिए विज्ञापन प्रकाशित कराया गया।

उक्त वर्णित ज्ञापांक में भूलवश–1470(DHS)/दिनांक–17.11.2022 के स्थान पर 1670(DHS)/दिनांक–17.11.2022 अंकित हो गया है। कृपया भूल सुधार कर संशोधित ज्ञापांक–1470 (DHS)/ दिनांक–17.11.2022 को माना जाय।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

PR.NO.283015 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D

### कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के तहत् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित आवासो में दिनांक 09.02.2021, 05.08.2021 तथा दिनांक 01.11.2021 को लॉटरी के माध्यम से 10 लाभुको के द्वारा आवंटन पत्र प्राप्त करने के उपरान्त अब तक प्रथम किस्त की राशि मो0 20000/– (बीस हजार) रूपये जमा नही की गई है और ना हीं एकरारनामा किया गया है ऐसे 10 (दस) लाभुको को रद्द किया गया है।

अतः वैसे इच्छुक लाभुक जिनका भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही हो तथा जिनकी वार्शिक आय 300000/– (तीन लाख) रूपये से कम हो वैसे लाभुक जो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हो वे दिनांक – 30.11.2022 तक 5000/– (पांच हजार) रूपये के चलान एवं अनिवार्य दस्तावेजो के साथ कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा में आवेदन जमा कर सकते है – दस्तावेज :– (1) आधार कार्ड (2) वोटर कार्ड (3) आय प्रमाण पत्र (4) सहमति पत्र (5) शपथ पत्र एवं (6) कट ऑफ डेट 17.06.2015 के पहले से नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र में रहने का प्रमाण पत्र।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 283049 Urban Development(22-23)#D

### कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, रामगढ़

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निश्पादन हेतु सूचना**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि " झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2022" के कंडिका 32 (i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक– 1419 (अनु0) दिनांक– 11.10.2022 के आलोक में रामगढ़ जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (छोटा/बड़ा) के निश्पादन के संबंध में अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं।

**अति अल्पकालिन निविदा का कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून को निष्पादन हेतु सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय, रामगढ़ में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | 23/11/2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून को निष्पादन हेतु सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय, रामगढ़ में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 30/11/2022 अपराह्न 01:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 30/11/2022 अपराह्न 03:30 बजे |
| 4 | मुहरबंद निविदा खोलने का स्थल | सहायक आयुक्त उत्पाद रामगढ़ का कार्यालय समाहरणालय परिसर कमरा न0.– 305 |

निविदा डालने हेतु नियम व शर्ते तथा तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड के विहित प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्तो, समर्पित किये जाने वाले कागजात की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित सूचना सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं एवं https://ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
सहायक आयुक्त उत्पाद, रामगढ़

PR 283014 Excise(22-23)#D


### विस के 22वें स्थापना दिवस समारोह में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा

# विधानसभा की गरिमा बढ़ायें, सार्थक चर्चा से ही समस्याओं का निदान संभव

खुशनुमा पल






खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि सदन में सार्थक चर्चा से ही समस्याओं का समाधान संभव है। श्री आलम मंगलवार को विस का 22वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा से जो जुड़े हैं, उन्हें इसकी गरिमा बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाने के लिए सदन है लेकिन सिर्फ आलोचना में समय बर्बाद नहीं होना चाहिये। सदन में सटीक सवाल पूछा जाना चाहिये।

**विधानसभा के पांच कर्मियों को मिला सम्मान :** समारोह में विधानसभा के उत्कृष्ट पांच कर्मियों संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, नीजि सहायक अमित कुमार दास, वरीय सचिवालय सहायक मोहम्मद अनवारूल हक अंसारी, चालक हेमंत चौरसिया और अनुसेवक अजीत कुमार नारायण को सम्मानित किया गया।

**खिलाड़ियों भी सम्मानित :** लॉन बॉल में स्वर्ण पदक जीतने वाली रूपा रानी तिर्की व लवली चौबे को सम्मानित किया गया। फुटबॉल खिलाड़ी अष्टम उरांव, पूर्णिमा कुमारी, नीतू लिंडा, अंजलि मुंडा, अनिता कुमारी और सुधा अंकिता तिर्की को सम्मानित किया गया।

**टॉपर विद्यार्थियों को मिला सम्मान :** राज्य के 10वीं व 12वीं के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इंटर की टॉपर मानसी साहा, प्रिया कुमारी व निक्की कुमारी तथा 10वीं के टॉपर अभिजित शर्मा, तन्नु कुमारी, तानिया शाह, रिया कुमारी, निशा वर्मा तथा निशू कुमारी को सम्मानित किया गया।

**शहीदों के परिजन, पुलिसकर्मी व सैनिक सम्मानित :** स्थापना दिवस समारोह में शांति काल में शहीद हुए तथा वीरता पदक प्राप्त झारखंड के बहादुर पुलिसकर्मियों और सैनिकों को सम्मानित किया गया। शहीदों के परिजनों ने सम्मान प्राप्त किया। जिन्हें सम्मान मिला उनमें शौर्य चक्र प्राप्त शहीद मेजर सम्राट मैती की पत्नी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रभा विष्ट, शौर्य चक्र प्राप्त शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल संकल्प कुमार की पत्नी प्रिया, शौय चक्र प्राप्त हेड कांस्टेबल शहदी कुलदीप उरांव की पत्नी बन्ना उरांव, आरक्षी ठाकुर हेंब्रम की पत्नी कुमारी अष्टमी, आरक्षी शंकर नायक की पत्नी सपना नायक, जवान संदीप सिंह की पत्नी सीमा सिंह, नायक संदीप कुमार पाल के पिता जयनंदन पाल, आरक्षी चितरंजन कुमार की पत्नी जूही कुमारी व शौर्य चक्र प्राप्त शहीद फिलिप्स के माता-पिता ने सम्मान ग्रहण किया। वहीं, शौय चक्र प्राप्त मेजर जनरल राजेश सिंह, मेजर कुमार अंकुर, एयरफोर्स के मोहम्मद जावेद और सिपाही करमदेव उरांव ने खुद सम्मान ग्रहण किया।

समारोह में कई मंत्री, विधायक नलिल सोरेन, मथुरा प्रसाद महतो, सीपी सिंह, सरयू राय, लंबोदर महतो, सांसद महुआ माजी समेत कई पूर्व विधायक, विधानसभा और सरकार के अधिकारी व कर्मी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने लौटाया उत्पाद (संशोधन) विधेयक, कहा- पुनर्विचार करे सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र 2022 में पारित झारखंड उत्पाद (संशोधन) विधेयक 2022 को राज्यपाल रमेश बैस ने कुछ बिंदुओं पर नाराजगी जताते हुए पुनर्विचार के लिए सरकार को लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक के कई प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की बात सरकार से की है। इसमें सबसे प्रमुख विधेयक में शामिल उड़न दस्ता गठन के प्रावधान और बिवरेज कॉपोरेशन की कार्यशैली पर सवाल उठाना शामिल हैं। राज्यपाल ने सरकार से पूछा है कि विधेयक की धारा 7 के उपधारा-3 में उड़नदस्ता का गठन का प्रावधान किया गया है। जबकि पहले से ही उत्पाद विभाग को आवश्यकतानुसार पदाधिकारियों के उड़नदस्ता, टास्क फोर्स, मोबाइल फोर्स आदि गठित करने की शक्ति मिली हुई है। ऐसे में फिर से धारा- 7 के उपधारा- 3 जोड़े जाने का औचित्य नहीं है। इसके अलावा झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को काम दिये जाने और नये उत्पाद नीति लागू किये जाने के बाद विभाग का दावा था कि उत्पाद राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी, पर यह दावा फेल साबित हुआ है। पहले छह माह में ही उत्पाद राजस्व में निरंतर कमी देखी जा रही है।

उपरोक्त तथ्यों की बात करते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा है कि सरकार विधेयक के प्रावधानों पर पुनर्विचार करें। साथ ही संबंधित प्रावधानों की समीक्षा कर राजस्व पर्षद से मंतव्य लेकर विधेयक के प्रावधानों को संशोधित करने पर विचार करें।

## झारखंड में कोल्ड वेव की स्थिति, अगले तीन दिनों में और बढ़ेगी ठंड

**रांची।** झारखंड के उत्तर पश्चिम इलाकों (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा) में कोल्ड वेव की स्थिति बनी हुई है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले तीन दिनों में और ठंड बढ़ेगी। राज्य के इन इलाकों में तापमान में और गिरावट आएगी।

मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में, जबकि सबसे कम तापमान 09.3 डिग्री सेल्सियस डालटेनगंज में दर्ज किया गया। बता दें कि बीते 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची का मौसम पूरे दिन शुष्क रहा। अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

## खबर एक नजर में

### क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सीएम से मिलीं



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी और क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनीता के ने औपचारिक मुलाकात की। मालूम हो कि मनीता के ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के पद पर हाल मे योगदान दिया है।

### पांच साल पुराने लंबित मामलों की समीक्षा आज

**रांची।** विभिन्न जिलों में पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों के निष्पादन के लिए एडीजी अभियान आज समीक्षा बैठक करेंगे। इसको लेकर सीआईडी के आईजी ने सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी डीआईजी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि 23 नवंबर को दिन के 11:30 बजे वीसी के माध्यम से सभी डीआईजी और जिले के एसपी, एसएसपी निर्धारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### पंकज मिश्रा की जमानत पर फैसला 26 को

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट 26 नवंबर को फैसला सुनायेगी। इससे पहले मंगलवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी की ओर से पूर्व में जवाब दाखिल किया गया था। मालूम हो कि 17 अक्टूबर को पंकज मिश्रा ने जमानत याचिका दाखिल किया था।

### हाईकोर्ट ने सरकार पर लगाया 10 हजार जुर्माना

**सहायक अभियंता नियुक्ति मामला**

**रांची।** सहायक अभियंता नियुक्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने जवाब दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार को दस हजार का जुर्माना लगाया है। अब इस केस की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति में पीटी में रिजर्वेशन देने के खिलाफ याचिका दायर की गयी थी। बता दें कि असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति में पीटी में आरक्षण के खिलाफ दायर याचिका को हाईकोर्ट का एकल पीठ खारिज कर चुका है। जिसके खिलाफ प्रार्थी भास्कर एवं अन्य ने एलपीए दाखिल की है।

### मुख्यमंत्री से मिले समनव्य समिति के सदस्य



**रांची।** नवगठित झारखंड राज्य समनव्य समिति के सदस्य के रूप में मंत्री का दर्जा प्राप्त विनोद पांडेय, योगेंद्र प्रसाद महतो व फागू बेसरा ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवास पर मुलाकात की। सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

### भाजपा झारखंड को बनायेगी विकसित : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कांग्रेस ने 50 सालों के शासन में विकास नहीं हुआ। श्री मरांडी मंगलवार को चाईबासा में आक्रोश प्रदर्शन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब बाजपेयी जी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तब झारखंड अलग राज्य का निर्माण हो सका। उन्होंने कहा कि झामुमो–कांग्रेस हमेशा झारखंड के आंदोलन को खरीदने और बेचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही झारखंड को विकसित कर सकती है।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के नवनियुक्त 63 अधिकारियों की औपबंधिक रूप से नगर निकायों में हुई पदस्थापना

**इस दौरान सभी अधिकारियों को दी जायेगी शहरी स्थानीय निकायों में प्रशिक्षण**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी परीक्षा 2021 सातवीं आठवीं और नौवीं के आधार पर औपबंधिक रूप से नियुक्त सहायक नगर आयुक्त विशेष पदाधिकारी कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर 63 अधिकारियों की पोस्टिंग शहरी स्थानीय निकायों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए की गई है।

नगर विकास विभाग की ओर से इस संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बताते चलें कि सभी अधिकारियों को फिलहाल एटीआई में ट्रेनिंग दी जा रही थी। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए विभाग ने सभी 63 अधिकारियों की पोसिंटग राज्य के विभिन्न नगर निगम/निकायों में ट्रेनी के तौर पर की है।

**इनकी इन नगर निकायों में हुई पोस्टिंग :** दिलीप कुमार दुमका नगर परिषद, प्रियंका कुमारी धनबाद नगर निगम, प्रतिभा रानी चतरा नगर परिषद, अंशु कुमारी मधुपुर नगर परिषद, अनिल पांडे बंशीधर नगर पंचायत, अभिलाषा कुमारी चाकुलिया नगर पंचायत, शुभम पोद्दार चाईबासा नगर परिषद, मनीष कुमार छतरपुर नगर पंचायत, आकिब जावेद धनबाद नगर निगम, विपुल सनी लोहरदगा नगर परिषद, राहुल यादव गिरिडीह नगर निगम, शैलेश कुमार राजमहल नगर पंचायत, गौरव कुमार मेदिनीनगर निगम, हर्षवर्द्धन सिमडेगा नगर परिषद, स्मिता किरण हजारीबाग नगर निगम, प्रसून कौशिक रांची नगर निगम, सुमित कुमार महतो रामगढ़ नगर परिषद, निकेश कुमार धनबाद नगर निगम, अजमल हुसैन पाकुड़ नगर परिषद, चंद्रदीप कुमार जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, दानिश हुसैन गिरिडीह नगर निगम, अरविंद प्र. अग्रवाल मेदिनीनगर नगर निगम, विनीता कुमारी मानगो नगर निगम, अंकिता गुप्ता झुमरी तिलैया नगर परिषद, शंभू प्रसाद कुशवाहा मिहिजाम नगर परिषद, चंदन कुमार मानगो नगर निगम , विश्वजीत महतो गुमला नगर परिषद, मुकेश कुमार रंजन गोड्डा नगर परिषद, अजीत कुमार धनबाद नगर निगम, सोमा खंडैत रांची नगर निगम, शिखा कुमारी आदित्यपुर नगर निगम, सनी कुमार रांची नगर निगम, गोपीकृष्ण जामताड़ा नगर पंचायत, गोपेशकुंज कुंभकार हुसैनाबाद नगर पंचायत, अभिषेक कुमार सिंह चिरकुंडा नगर परिषद, राजकमल देवघर नगर निगम, राजीव रंजन लातेहार नगर पंचायत, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी चक्रधरपुर नगर परिषद, संदीप पासवान गिरिडीह नगर निगम, विपिन कुमार मझियां नगर पंचायत, शशि शेखर सुमन आदित्यपुर नगर निगम, अमरेंद्र कुमार चौधरी बासुकीनाथ नगर पंचायत, राजीव रंजन नगर परिषद, मुकेश कुमार रांची नगर निगम, फैजुर रहमान अंसारी साहिबगंज नगर परिषद, जोन मरांडी देवघर नगर निगम, प्रमोद उराव विश्रामपुर नगर परिषद, विजय कुमार हांसदा खूंटी नगर पंचायत, मोटाई बांद्रा आदित्यपुर नगर निगम, सुरेंद्र किस्को कापाली नगर परिषद, अवनीश कुमार हंस जुगसलाई नगर परिषद, सूरज उरांव कोडरमा नगर पंचायत, संतोष शनि मुर्मू जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मुक्ति किरी हजारीबाग नगर निगम, समीर बोदरा गढ़वा नगर परिषद, निहारिका तिर्की देवघर नगर निगम, रंजीत सिंह बुंडू नगर पंचायत, शीतांशु खलको सरायकेला नगर पंचायत, जयपाल सिंह मेदिनीनगर निगम, सृष्टि दीप प्रिया मिंज मानगो नगर निगम, अरविंद तिर्की चास नगर निगम, अशोक कुमार हांसदा को हजारीबाग नगर निगम में पदस्थापित किया गया है।


### Office of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division Latehar

**E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)**

Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-17/21-22 (10th Call) Dt- 22.11.2022

| Sl No | Particular | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Work | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2020 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oereation & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | BRD/SVS/CLTR/07(A)(ii) | 3 | 2020 | 707.87 | 7.08 | 10000.00 | 09 month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 23.11.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 3 | Date of Starting Submission of Bid | 23.11.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 4 | Last Date of Submission of Bid | 29.11.2022 upto 05.00 P.M | | | | | |
| 5 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 30.11.2022 upto 05.00 P.M<br>1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar.<br>2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi.<br>3. Executive Engineer D W & S Div Latehar. | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | 01.12.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer , D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 9 | Contact No of Procurment Office | 9430725642, 6201242103 | | | | | |
| 10 | Contact No of Procurement cell | 0651-2480342 | | | | | |

- Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
- Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar.

PR 283066 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)


### रूर्बन, जलछाजन और आवास की योजनाओं की हुई समीक्षा, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

# पीएम आवास योजना के लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करें गरीब लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने सोमवार को सभी उप विकास आयुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूर्बन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इसमें पीएम आवास, जलछाजन व अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सचिव ने योजनाओं का सभी जिलों में गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति में सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास का निर्माण लक्ष्य के अनुरूप समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही बचे हुए योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। इसके अलावा श्री कुमार ने कहा कि सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण क्लस्टरों का सृजन करते हुए इसमें व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सके।

मौके पर एसएलईसी (स्टेट लेवल एम्पावर्ड कमिटी) के तहत पारित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करना और एकीकृत और समावेशी विकास को बढ़ाना है उद्देश्य

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी ने रूर्बन मिशन अंतर्गत विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अंतर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों के तहत पंचायत क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई गति प्रदान है। साथ ही बुनियादी सेवाओं में बढ़ोतरी करना है। सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण क्लस्टरों का सृजन कर ग्रामीण क्लस्टरों में बदलाव लाने की जरूरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सके। सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर योजनाओं को पूरा करने की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रूर्बन योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव राम कुमार सिन्हा अन्य शामिल थे।

## बस दुर्घटना में मृत 7 श्रद्धालुओं के आश्रितों को मिला 3-3 लाख



17 सितंबर को टाटीझरिया स्थित सिवाने नदी पुल पर बस हादसे में सिख समुदाय के 7 श्रद्धालुओं की हुई थी मौत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 17 सितंबर 2022 को हुए बस हादसे में मृत सिख समुदाय के 7 श्रद्धालुओं के आश्रितों को मंगलवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। गिरिडीह जिले से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही बस हजारीबाग जिले के टाटीझरिया स्थित सिवाने नदी पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत रणवीर कौर सलूजा के आश्रित पति हरवंश सिंह, दिवंगत हरमीत सिंह के आश्रित पिता जीवन सिंह, दिवंगत भूपेंद्र सिंह सेवक की आश्रित पत्नी सुजेन्द्र कौर, दिवंगत अमृतपाल सिंह की आश्रित माता राजेंद्र कौर, दिवंगत जगजीत सिंह के आश्रित पुत्र इंद्रजीत सिंह, दिवंगत कमलजीत कौर के आश्रित पति अजिंद्र सिंह और दिवंगत रविंद्र कौर के आश्रित पति अजीत सिंह को सहायता राशि प्रदान की। इस मौके पर गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे।

## रांची मेयर पद को लेकर हाइकोर्ट में याचिका दाखिल

**रांची।** रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व किए जाने के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड पांचवीं अनुसूची में आता है। इसके तहत 13 अनुसूचित जिले हैं। इसमें रांची भी शामिल है। अनुसूचित जिलों में मेयर, अध्यक्ष का पद आदिवासी के लिए आरक्षित किया जाता है। झारखंड में पेसा कानून भी लागू है। इस कानून के तहत राज्य सरकार ने अनुसूचित जिलों में मुखिया और अन्य पदों को एसटी के लिए आरक्षित किया है।

### संघ से वार्ता में बोले सीएम- शिक्षकों की न्यायोचित मांगों का होगा समाधान

# अंतरजिला स्थानांतरण की कमियों को दूर करने के लिए होगी पहल : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे के नेतृत्व में मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में वार्ता की। मौके पर सीएम ने कहा कि शिक्षकों की न्यायोचित मांगों का समाधान किया जाएगा। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि वार्ता में शिक्षकों को बिहार की भांति सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) का लाभ देने, सचिवालय सहायकों की तरह छठे वेतनमान में शिक्षकों के उत्क्रमित वेतन विसंगति दूर करने, अंतरजिला स्थानांतरण के नियम को सरल करने और शिक्षकों को लिपिकीय और गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग तथ्यों के साथ रखी गई।

संघ ने कहा कि सेवा हित के मामले में शिक्षकों और अन्य कर्मियों में विभेदपूर्ण नीति के कारण समस्याएं उत्पन्न होती है। बिहार ने शिक्षकों को एमएसीपी दे दिया, लेकिन झारखंड में इसे दरकिनार कर रखा गया है। इसी प्रकार छठे वेतनमान की विसंगति को सचिवालय कर्मियों के लिए दूर कर दिया गया, लेकिन शिक्षकों को इससे अलग रखा गया। एक ही नीति सिद्धांतों से सभी का समाधान हो जाना है। मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जो काम होने लायक है, उसे भी विभाग क्यों लंबित रखकर समस्याओं को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि इन सबका समाधान कराएंगे।

संघ ने शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण नीति की कमियों को मुख्यमंत्री के पास रखते हुए 2020 के शिक्षा मंत्री की अनुशंसाओं को लागू करने या 1994 के नियम को फिर से बहाल करने के मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरजिला स्थानांतरण की कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही शिक्षा विभाग में एनजीओ के हस्तक्षेप और शिक्षकों को लिपिकीय कार्य एवं गैर शैक्षणिक कार्य में लिप्त रखने के प्रति संघ ने मुख्यमंत्री का ध्यानाकृष्ट कराया। शिक्षा विभाग में एनजीओ के हस्तक्षेप पर मुख्यमंत्री गंभीर दिखे। शिक्षकों को शिक्षण कार्य की आजादी देने के लिए विभाग से बात करने की बात कही। वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौजूद थे। उन्होंने भी शिक्षकों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष समाधान करने पर बल दिया।

प्रतिनिधिमंडल में राममूर्ति ठाकुर, दीपक दत्ता, बाल्मिकी कुमार, असदुल्लाह, अजय ज्ञानी हरे कृष्ण चौधरी, संतोष कुमार, सुधीर दुबे, आभा लकड़ा, संजय कांडुलना, रघु महतो, मनी उरांव, संजय कुमार, महेश्वर घोष, कृष्ण झा उपस्थित थे।

## जेसीआई ने निकाली मोटरसाइकिल रैली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई रांची ने अपने एक्सपो की तैयारी के बीच एक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। यह रैली मोराबादी मैदान से निकल कर रांची के सभी प्रमुख स्थान होते हुए वापस मोराबादी को लौटी। ज्ञात हो कि जेसीआई शहर में पिछले 24 वर्षों से एक्सपो लगाता आ रहा है और यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है। इस वर्ष एक्सपो 24 नवंबर से 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में लगेगा। सभी सदसयों ने बाइक रैली के माध्यम से एक्सपो का प्रचार कर रहे थे और लोगों को इस राँची के त्योहार में आमन्त्रित कर रहे थे।

इस वर्ष भी एक्सपो कुछ नया लेके आ रहा है जो पहले कभी नहीं आया था। जेसीआई राँची के अध्यक्ष सौरव साह ने बताया कि इस वर्ष वो पूरे मोरहाबादी मैदान को वाईफाई जोन में परिवर्तित किया जायेगा। इसमें 300 से अधिक स्टॉल देश विदेश से एक्सपो में लगाये जायेंगे। इसके अतिरिक्त इस वर्ष एक्सपो में शहरवासी नए व्यंजनों का भी खूब लुफ्त उठा सकेंगे। इस वर्ष कई तरह के नए व्यंजन के भी काउंटर्स आएंगे। इसके अतिरिक्त ऑटो जोन, मिडनाइट बाजार, स्टार्टअप जोन, होम डेकोर, रियल एस्टेट, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन और भी कई नए सेक्शन आएंगे।

एक्सपो चीफ अभिषेक केडिया ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में ब्रिस्टों कैफे भी नई आ रही है। पांचों दिन निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर डिवाइन हॉस्पिटल के द्वारा लगाया जायेगा। एंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट कूपन रहेंगे। हर दिन कुछ इवेंट रहेंगे जैसे फैशन शो, वॉयस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, ट्रेजर हंट इत्यादि। इस बाइक रैली की जिम्मेवारी अंकित जैन, शुभम बुधिया और सुमित केडिया ने संभाला।

## जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी के रिक्त पद दिसंबर माह में भरे जायेंगे

### राज्य सरकार ने हाइकोर्ट को दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), सीडब्ल्यूसी व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट को बताया गया कि नियुक्ति के लिए चयन समिति का चेयरमैन रिटायर्ड जस्टिस एके गुप्ता को बनाया गया है। 29 नवंबर को समिति की बैठक होगी। रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया 12 दिसंबर से 17 दिसंबर के बीच में पूरी कर ली जायेगी। कोर्ट को बताया गया कि जेजे बोर्ड में सोशल मेंबर के 6 पद रिक्त हैं। वहीं सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन के 6 पद रिक्त हैं। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। नियुक्ति के लिए आये आवेदनों की स्क्रूटनी की गयी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने 2 दिसंबर की तिथि अगली सुनवाई के लिए निर्धारित की। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।

बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा था कि कई बार सरकार की ओर से समय मांगा गया। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है।

## सड़क हादसा के बाद हंगामा और पथराव

**रांची।** राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठिओ में मंगलवार को हुई सड़क एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम पीरु खोया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा किया और यातायात बाधित करने के साथ राहगीरों के साथ मारपीट करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ की। सड़क से गुजरने वाले कई वाहनों को ग्रामीणों ने अपना निशाना बनाया। धुर्वा, जगन्नाथपुर और तुपुदाना पुलिस ने मामले को शांत कराया। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है और यातायात का परिचालन चालू हो गया है।

## ऑटो व कार के बीच टक्कर, चार घायल

**रांची।** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास एक ऑटो और कार में हुई टक्कर में तीन स्कूली बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। एक बच्चा और ऑटो के ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। रांची के रिम्स में इलाज चल रहा है।

### खबर एक नजर में

## टीपीसी उग्रवादी की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने हत्या मामले के आरोपी टीपीसी का जोनल कमांडर भीखन गंझू उर्फ दीपक कुमार गंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वह बीते 18 अगस्त से जेल में है। उस पर कारोबारी रिंकू सिंह को गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। घटना का अंजाम 27 नवंबर 2016 की सुबह दी गई थी।

## सीएमपीडीआई-करूणा एनएमओ के बीच एमओयू



**रांची।** सीएमपीडीआई, रांची के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत करूणा एनएमओ, रांची को 7.43 लाख के एक 5 सीटर ईको सीएनजी वाहन उपलब्ध कराने के निमित्त सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक आरके महापात्रा तथा करूणा एनएमओ की सचिव डॉ. कुमकुम विद्यार्थी के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इसका उद्देश्य करूणा एनएमओ के छोटे-छोटे अनाथ बच्चों को उचित समय पर अस्पताल में इलाज उपलब्ध करवाने एवं अन्य जरूरतों को पूरा करना है।

## विधायक समरीलाल गवाहों की लिस्ट छोटी करें

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह कृष्णा राम का बयान दर्ज किया गया। कृष्णा राम ने भी कोर्ट को यही बताया कि समरी लाल का परिवार आजादी से पहले से रांची में रह रहा है लेकिन इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं है। अदालत ने एक बार फिर समरी लाल पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गवाहों सूची छोटी की जाये। अदालत इस मामले में 23 नवंबर को सुनवाई करेगा।

### कई आईएएस अधिकारी गुजरात चुनाव में व्यस्त

## सुनील को प्राथमिक शिक्षा निदेशक और अजय सिंह को निदेशक हस्तकरघा का अतिरिक्त प्रभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने कई आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सुनील कुमार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक का प्रभार सौंपा गया है। दरअसल कई आईएएस गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रेक्षक बनकर जा रहे हैं। गृह विभाग के विशेष सचिव सह प्राथमिक शिक्षा निदेशक चन्द्रशेखर चुनाव प्रेक्षक कार्य के लिए जा रहे हैं। इनके मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक मिशन निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी के पद पर पदस्थापित सुनील कुमार अपने कार्यों के साथ प्राथमिक शिक्षा निदेशक के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सूरज कुमार के गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रेक्षक कार्य के लिए जाने के फलस्वरूप इनके मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक के लिए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी और उच्च शिक्षा निदेशक के प्रभार में रहेंगी।

निदेशक हस्तकरघा आकांक्षा रंजन के गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रेक्षक कार्य के लिए जाने के फलस्वरूप इनके मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक के लिए क्षेत्रीय निदेशक (झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार) अजय कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प और प्रबंध निदेशक, झारक्रॉफ्ट, रांची के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

## सदर हॉस्पिटल में पुरुष नसबंदी अभियान शुरू, 20 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के सदर हॉस्पिटल में राज्य स्तरीय पुरूष नसबंदी अभियान की शुरूआत हुई। मौके पर निदेशक प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर रांची सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि भूषण खलखो, डॉ अनिल खेतान, डॉ विमलेश सिंह, डॉ एस प्रसाद, फैमिली प्लानिंग कोषांग की राज्य समन्वयक गूंजन खलखो, एस विजयलक्ष्मी सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

निदेशक प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों में से एक साधन है पुरुष नसबंदी। अभी तक इस साधन के प्रति पुरुष रुचि नहीं दिखाते थे और इसे अपने पौरुष से जोड़कर देखते थे, लेकिन अब परिवार नियोजन में वह भी अपनी भूमिका महत्वपूर्ण मानते हुए नसबंदी कराने के लिए आगे आ रहे हैं।

**नसबंदी कराने से नहीं होती है कमजोरी :** रांची सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने कहा कि पुरुष नसबंदी को लेकर लोगों में भ्रांतिया हैं। पुरुषों में कमजोरी आ जाती है और नपुंसक हो जाते हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है। अब पुरुष, एनसवी को लेकर जागरूक हो रहे हैं, लेकिन अभी हमें और प्रयास करने की जरूरत है।

राज्य समन्वयक गूंजन खलखो ने कहा कि बिना-चीरा, बिना टांका वाली नई पुरुष नसबंदी एनएसवी के लाभ जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पुरुष नसबंदी माह का आगाज हुआ। इस 21 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े का उद्देश्य परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाना है।

**एनएसवी चैंपियन सूरज ने पुरूषों को किया जागरूक :** रांची का सूरज एक ऐसा नाम है जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए नसबंदी करायी है। उनका एक बच्चा है। हाल ही में पुरूष नसबंदी करा कर उन्होंने मिसाल कायम की है। सूरज ने बताया कि नसबंदी से किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती और एक दिन के बाद सामान्य काम कर सकते हैं।

**लाभुक को 3000 और प्रेरक को 400 रुपए :** एनएसवी को आम जुबान में नसबंदी की बिना चीरा, बिना टांका पद्धति कहा जाता है। नयी पद्धति के चलते अब पुरुष झटपट नसबंदी कराके एक घंटे में घर जा सकते हैं और अपेक्षाकृत जल्दी अपने काम पर लौट सकते हैं। पुरुष नसबंदी करवाने पर क्षतिपूर्ति राशि स्वरुप 3000 रूपए जबकि महिला नसबंदी पर 2000 रूपए सरकार द्वारा दिए जाते हैं। प्रेरक को पुरुष नसबंदी के लिए 400 रुपए और महिला बंध्याकरण के लिए 300 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। लाभुक यदि स्वयं प्रोत्साहित हो कर नसबंदी हेतु आया है तो प्रोत्साहन राशि भी उसे ही दिए जाने का प्रावधान है।

## द्वितीय छात्र संसद के लिए 24 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा द्वारा आयोजित द्वितीय छात्र संसद (22 से 24 नवंबर 2022) के लिए राज्य के 24 जिलों से 24 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इसमें रांची विश्वविद्यालय से कुल 4 छात्राएं हैं। सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में आरयू के छात्र संसद के लिए चयनित चारों छात्राएं क्रमशः गीता श्रेया (लोहरदगा), दिव्या बंसल (सिमडेगा), मरियम खलखो (गुमला) एवं पूजा शेखर (खूंटी) कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि छात्र संसद में में आरयू की चार छात्राएं अंतिम रूप से चयनित हुई हैं। राज्य से छात्र संसद के लिए कुल 112 छात्र-छात्राओं ने चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इस अवसर पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी छात्र संसद डॉ ब्रजेश कुमार, लोहरदगा कि एनएसएस की जिला नोडल पदाधिकारी डॉ निर्मला सैमुअल भी उपस्थित थीं।

# सीयूजे ने कोयला खनन में अनुसंधान व विकास केंद्र स्थापित करने के लिए सीसीएल के साथ किया करार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड- सीयूजे ने कोयला खनन में अनुसंधान और विकास केंद्र स्थापित करने के लिए सीसीएल के साथ करार किया है। इसका उद्देश्य टिकाऊ प्रौद्योगिकी और कंपनी के आफ-टेक लक्ष्यों के साथ-साथ तेजी से बढ़ते उत्पादन की पृष्ठभूमि में मजबूत शिक्षा-उद्योग इंटरफेस का निर्माण करना है। इस गठबंधन में सीयूजे सीसीएल का नॉलेज पार्टनर के रूप में काम करेगा। यह गठजोड़ प्रौद्योगिकी प्रगति में कोर अनुसंधान और उन्नत खनन प्रौद्योगिकियों, कार्बन पृथक्करण, खान जल उपचार और घरेलू क्षेत्र में उपयोग और औद्योगिक अनुप्रयोग, क्षमता निर्माण, अपशिष्ट में कमी, पर्यावरण की वहन क्षमता का अनुमान, भूमि सुधार, और अन्य संबंधित क्षेत्रों में सफल अभिनव समाधानों का संचालन, कार्यान्वयन की संभावना है।

**गहन चर्चा के बाद हुआ समझौता** सीयूजे प्रशासनिक ब्लॉक में सीयूजे और सीसीएल के बीच कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास और सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। प्रो एसएल हरिकुमार, रजिस्ट्रार सीयूजे और कमल किशोर झा, जीएम (पीएंडपी) सीसीएल रांची ने सीयूजे और सीसीएल की ओर से प्रो मनोज कुमार, डीन अकादमिक मामलों सीयूजे, प्रो एके पाधी, डीन आरएंडडी, सीयूजे और अन्य की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन के प्रभारी प्रोफेसर एवं नोडल अधिकारी प्रो मनोज कुमार ने बताया कि सीयूजे और सीसीएल के प्रमुख अधिकारियों के बीच गहन चर्चा के बाद इस समझौता ज्ञापन के साथ जाने का निर्णय लिया गया।

**उद्योग अकादमिक गठजोड़ वर्तमान समय की मांग :** सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि उद्योग अकादमिक गठजोड़ पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षा-गहन, लागत प्रभावी और टिकाऊ तरीके से कोयला खनन और कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आवश्यक है। सीयूजे झारखंड में प्रमुख केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों में से एक है। सीसीएल विकासात्मक गतिविधियों में इसकी विशेषज्ञता आसपास के विकास के लिए सीएसआर फंड के बेहतर उपयोग के साथ-साथ खनन गतिविधि के तकनीकी विज्ञानी समाधान को प्राप्त करने के लिए फायदेमंद है।

**अकादमिक-उद्योग स्थापना वर्तमान युग की आवश्यकता :** सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए अकादमिक-उद्योग स्थापना आज आवश्यक है। स्थाई प्रौद्योगिकी के साथ स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता और खनन के कार्बन पदचिह्न को कम करने की पहचान एक वैश्विक और राष्ट्रीय शोध विषय के रूप में की गई। स्वच्छ कोयला खनन के लिए अनुसंधान और विकास केंद्र की कल्पना की गई। पेरिस समझौते के अनुसार कोयला उपभोक्ताओं को एक सस्ती, कुशल और काम्पैक्ट विश्वसनीय स्वच्छ कोयले की आपूर्ति और कार्बन उत्सर्जन में कमी के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी।

### इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में झारखंडी उत्पादों की रिकार्ड बिक्री

# झारखंड के मधु की मिठास ने बनाया लोगों को कायल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में झारखंडी उत्पादों की रिकार्ड बिक्री हो रही है। इस बार ट्रेड फेयर का थीम वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल के साथ झारखंड कदम से कदम मिला रहा है। तसर का सबसे बड़ा उत्पादक झारखंड अपने रेशम के वस्त्रों से सभी का मन मोह रहा है। यहां के बुनकरों और कारीगरों के हाथों बनी खादी की बंडी, तसर सिल्क की साड़ियां, चांडिल की सिल्क साड़ियां, कुर्ता-पाजामा और टोपी, इंडो-वेर्स्टन ड्रेस के विशेष अंदाज देख मेला आने वाले स्वतः आकर्षित हो रहे हैं। झारखंड पवेलियन में खादी का कलेक्शन सबका पसंदीदा बना हुआ है। खादी स्टाल के प्रतिनिधि सुशांत ने बताया कि इस बार खादी उत्पादों की बिक्री बहुत अच्छी है।

**जैविक खेती की हो रही सरहना, मधु की बढ़ी डिमांड :** वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल को चरितार्थ करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के स्टाल में झारखंड में हो रही जैविक खेती की सराहना हो रही है। आगंतुक जैविक खेती की बारीकियों से अवगत हो रहे हैं। जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी दर्शकों को लुभा रही है। झारखंड के मनमोहक प्राकृतिक रंग.रूप से सुसज्जित वन विभाग के स्टाल में मधु की भारी मांग देखी जा सकती है। राज्य के मधु की मिठास के लोग कायल हो रहे हैं। रांची स्मार्ट सिटी के स्टाल में दिखाये गये टेबल टॉप मॉडल भी दर्शकों द्वारा पसंद किये जा रहे हैं। मालूम हो मेले में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल है। मेले में 29 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के साथ अफगानिस्तान, बांग्लादेश, बहरीन, बेलारूस, ईरान, नेपाल, थाईलैंड, तुर्की, यूएई, वियतनाम, चीन, टयूनिशिया, लेबनान और रिपब्लिक ऑफ तुर्की भी मेले में शामिल हुये हैं।

## आज का राशिफल
### 23-11-2022

**मेष** : शाम को किसी से विवाद संभव है। व्यवसाय एवं नोकरी में रुकावटें होंगी। पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे।परिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**वृषभ** : काम-काज के लिए अच्छा रहेगा। परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं।

**मिथुन** : भाग्योदय संभव है। पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा। मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है।

**कर्क** : काम काज सामान्य रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। नवीन मित्रता हो सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है।

**सिंह** : अपनों का सुख और सहयोग मिलेगा। आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा।शुभफलों की प्रधानता रहेगी। विवाद से दूर रहें।

**कन्या** : बनी बनाई बात बिगड़ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। काम काज सामान्य रहेगा। परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। किसी से मन-मुटाव हो सकता है।

**तुला** : आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा। आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है।परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है। विवाद से बचें।

**वृश्चिक** : दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है। वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है।

**धनु** : आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मकर** : कामकाज में सफलता मिलेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा।

**कुंभ** : शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी। परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रकार के विवाद में ना पड़ें।

**मीन** : किसी से विवाद हो सकता है। करीबियों की भावनाओं की कद्र करें। आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा। कामकाज में लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# वज्रपात से मौत की रोकथाम पर होगा सरकार का फोकस : बन्ना गुप्ता

## आपदा प्रबंधन में नॉलेज पार्टनरशिप और एक्शन-ओरिएंटेड गतिविधि शुरू करने को एक्सआइएसएस व सीआरओपीसी के बीच एमओयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) के रुरल मैनेजमेंट प्रोग्राम ने क्लाइमेट रेजिलिएंस ऑब्जर्विंग प्रमोशन काउंसिल (सीआरओपीसी), नयी दिल्ली के साथ बिजली की तैयारी, पूर्व चेतावनी और इसके प्रसार, शमन और अनुसंधान-आधारित सामुदायिक केंद्रित समाधानों, जलवायु के सहयोग से आदिवासियों पर विशेष ध्यान पर मंगलवार को इंस्टीट्यूट के सभागार में एक परामर्श-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बन्ना गुप्ता, आपदा प्रबंधन मंत्री, झारखंड सरकार ने इस मौके पर ट्राइबल लाइटनिंग रेजिलिएंस प्रोग्राम पर चर्चा की। कहा यह अच्छी बात है कि लाइटनिंग पर बात करने के लिए एक्सआइएसएस ने इस सेमिनार का आयोजन किया है, जो अपने आप में महत्वपूर्ण विषय है। लोगों में जागरूकता लाना महत्वपूर्ण है ताकि हम वज्रपात से हो रही दुर्घटनाओं को कम कर सकेंऔर इसे ऊर्जा स्रोत के रूप में उपयोग कर सकें।लोगों में जागरूकता लाने के लिए सरकार की पहल जैसे आपदा मित्र योजना, एनडीएफआर और एसटीआरएफ प्रशिक्षण।शुरू किया गया है। वज्रपात के प्रभाव को दर्शाने के लिए उचित स्थानों पर रेडार संस्थापन करने के लिए आईटी का प्रभावी तौर से उपयोग के साथ जोन चयन किया गया है। राज्य भर में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम चलाने के लिए नॉलेज पार्टनरशिप और एक्शन-ओरिएंटेड गतिविधियों के लिए एक्सआइएसएस और सीआरओपीसीके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए।

**वज्रपात झारखंड में सबसे बड़ी विनाशकारी आपदा :** एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने इस मौके पर स्वागत भाषण किया। कार्यशाला के विषय पर बोलते हुए




डॉ कुजूर ने कहा कि बिजली (वज्रपात) झारखंड में सबसे बड़ी विनाशकारी आपदा है, जो पिछले एक साल में 350 सेअधिक जानें ले चुकी है, जैसा कि राष्ट्रीय डेटा दशार्ता है। ग्लोबल वार्मिंग, तीव्र खनन प्रेरित प्रदूषण, जल निकायों की कमी, वनों की कटाई कुछ ऐसे कारक हैं जो इस मुद्दे को और गंभीर बनाते हैं। सीआरओपीसीके साथ एमओयू करते हुए, एक्सआईएसएस् झारखंड में नॉलेज पार्टनरशिप, एक्शन-ओरिएंटेड गतिविधियों, अनुसंधान, और प्रशिक्षण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**विद्युत प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना कार्यशाला का उद्देश्य :** डॉ निरंजन साहू, एसोसिएट प्रोफेसर, एक्सआईएसएस ने अपने संबोधन में इस परामर्श-सह-कार्यशाला और इसके महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से झारखंड के सभी जिलों के आदिवासियों की विद्युत प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है। कृषि क्षेत्र, जंगलों, जल निकायों के पास और खुले खेतों में आजीविका गतिविधियों में शामिल जनजातीय आबादी पर इस कार्यशाला के दौरान विशेष ध्यान दिया गया। कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अधिकारीगण, संस्थान के फैकल्टी, इन विषयों से सम्बंधित विशेषज्ञ, और एक्सआईएसएस के ग्रामीण प्रबंधन के छात्र शामिल थे।

**मानव व जानवरों की मृत्यु दर को कम करना संगठन का उद्देश्य :** सीआरओपीसीके अध्यक्ष कर्नल संजय श्रीवास्तव ने कार्यशाला के महत्व और एक्सआईएसएस के साथ के एमओयू पर हस्ताक्षर की जानकारी दी। कहा कि झारखंड देश का सबसे अधिक आकाशीय बिजली गिरने वाला क्षेत्र है। आकाशीय बिजली से बचने के लिए हमने स्थान, समय, माह और स्थान आधारित प्रणाली की उपलब्धता की मैपिंग की है। संगठन का उद्देश्य मानव और जानवरों की मृत्यु दर को कम करना है।आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार बिजली गिरने से 96 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जिनमेंसे 90% आदिवासी किसान थे । इसका उद्देश्य किसानों की मृत्यु को रोकना है।राज्य के सुदूर इलाकों में काम करने वाले किसानों तक पहुंचने के लिए हमने दामिनी ऐप पेश किया है।

आईएमडी रांची के निदेशक डॉ अभिषेक आनंद ने पूरे राज्य में बिजली गिरने और आंधी-तूफान के पूवार्नुमान पर बात की, डॉ ए वदूद ,निदेशक, जनजातीय अनुसंधान संस्थान, झारखण्ड सरकार ने बिजली गिरने की घटनाओं के दौरान झारखंड के आदिवासियों के जीवन की बिजली से सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की। एक्विलाइन भुंगरू, गुजरात के निदेशक रथिन भद्रा ने लाइटनिंग सेफ्टी में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। जबकि, वर्ल्ड विजन इंडिया की सुश्री रेखा पूर्णिमा खलखो और सुश्री शिल्पी ने आवास, आजीविका, लिंग और जनजातीय समुदायों के बच्चों पर ध्यान देने के साथ लाइटनिंग रेजिलिएंस के बारे में बातें रखीं। जनजातीय क्षेत्रों के लिए बिजली संरक्षण उपकरणों का प्रदर्शन सरवन कृष्ण डी, सीआईकेआईटी इलेक्ट्रिकल्स, चेन्नई द्वारा दिया गया था। दर्शकों के लिए इंटरएक्टिव सत्र हुआ, जिसमें संस्थान के कार्यक्रमों के सभी प्रमुखों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। सत्र का समापन डॉ अनंत कुमार, हेड, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ और कार्यक्रम का संचालन डॉ राज श्री वर्मा, एक्सआईएसएस द्वारा किया गया।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 25वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का भव्य आयोजन हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली श्री हनुमान जी की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, सेवफल एवं अनारफल का भोग अर्पित कर केसर इत्र चढ़ाया। मंदिर के आचार्य श्री संजय ने श्री नारनौली से ज्योति पूजन विधि-विधान से करवाया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रम भक्तजनों के सहयोग से किये जाते हैं।

प्रसिद्ध पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का



संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। सैकड़ों भक्तों ने भी उल्लास एवं भक्ति के साथ पाठ किया। श्री हनुमान जी की महाआरती करके भक्तजनों में प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्री श्रवण जी, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौल, पंकज गाड़ोदिया, कमल लोहिया, संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार ने व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

**खाटू नरेश का महास्नान :** मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर 23 नवंबर (बुधवार) को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर उनका विशेष शृंगार किया जायेगा। नवीन वस्त्र सभी देवी-देवताओं को पहनाया जायेगा। प्रातः 8: 30 बजे बाबा के श्यामल रूप के शृंगार दर्शन व शृंगार आरती कर पंचमेवा का भोग अर्पित किया जायेगा। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि महास्नान अनुष्ठान खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के अनुसार संपन्न होगा।

# फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी में रिम्स के डॉ भूपेंद्र सिंह को मिला सम्मान



**रांची।** इंडियन सोसायटी ऑफ टॉक्सिकोलॉजी ने रिम्स के डॉ भूपेंद्र सिंह को फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी (विष विज्ञान) में विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया है। डॉ भूपेन्द्र सिंह रिम्स विष विज्ञान के प्राध्यापक और विष विज्ञान केंद्र के प्रभारी हैं। ये सम्मान पाने वाले वे भारत के एकमात्र विष विज्ञानी हैं। डॉ भूपेन्द्र सिंह ने इस बारे में कहा कि सोसायटी की स्थापना जून 2004 में अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, एरनाकुलम में हुई थी। डॉ. वीवी पिल्लई सोसायटी के प्रध्यापक व विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन, टॉक्सिकोलॉजी व जहर नियंत्रण केंद्र, अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, एरनाकुलम प्रथम संस्थापक अध्यक्ष बने।

# विवि में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है : डॉ शांडिल्य

## डीएसपीएमयू में 'स्पंदन' का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीएसपीएमयू में आयोजित युवा महोत्सव स्पंदन के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों ने अपनी कला और संस्कृति से संबंधित प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव स्पंदन के दूसरे दिन सोमवार को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और उनमें शामिल हुए प्रतिभागियों की कुल संख्या लगभग 250 रही। इसके तहत फोक और जनजातीय नृत्य में 5, क्लासिकल डांस में 17, क्विज में 62, वाचन में 32, वाद विवाद में 55, स्पॉट फोटोग्राफी में 25, क्ले मॉडलिंग में 18, कोलाज में 14 और कार्टूनिंग में 8 प्रतिभागी शामिल हुए।

मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इन प्रतिभागियों के उत्साह ने पूरे विश्वविद्यालय में नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार किया है। आज हुए वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था-भारत में छात्र राजनीति।



फोटोग्राफी प्रतियोगिता का थीम था- जॉय एंड हैप्पीनेस। कार्टूनिंग का थीम था-राजनीति और हम। रश्मिरथी के थीम पर आधारित था- वाचन। कल और आज संपन्न होने वाली प्रतियोगिताएं इस महोत्सव के लिए गठित विभिन्न कमिटियों के इन सदस्यों के समन्वय से संचालित की गई। इन सदस्यों में डॉ खुर्शीद अख्तर, डॉ यशोधरा राठौर, डॉ नमिता लाल,डॉ विद्या कुमारी, डॉ सूची संतोष बरवार, डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ पीयूष बाला, डॉ विनय भरत, डॉ शमा सोनाली, डॉ अभय सागर मिंज, अपर्णा सिन्हा, जय किशोर मंगल, जीएम एक्का, अजीता श्रीवास्तव, कनक लता जलुका, रिमझिम तिर्की, कविता रानी, स्वाति प्रताप, डॉ डुमिनी माई मुर्मू, अभिषेक गुप्ता, रतीन मुखर्जी आदि शामिल है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## स्पीड न्यूज

### रांची विवि में प्रोवीसी एके सिन्हा ने दिया योगदान

**रांची।** एके सिन्हा ने प्रोवीसी के रूप में रांची विश्वविद्यालय में योगदान कर दिया है। राजभवन से जारी अधिसूचना के बाद उन्होंने प्रोवीसी पद के लिए स्वतः पदभार ग्रहण कर लिया। स्वतः पदभार ग्रहण करने के बाद उन्हें रांची विश्वविद्यालय के वीसी अजीत कुमार सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### रांची विवि के रजिस्ट्रार को अवधि विस्तार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को तीसरी बार अवधि विस्तार दिया गया है। राजभवन की ओर से जारी अधिसूचना में उन्हें और 1 साल या जेपीएससी से रजिस्ट्रार की नियुक्ति होने तक उन्हें अवधि विस्तार दिया गया है।

### फॉर्म भरने को फिर खुला चांसलर पोर्टल

**रांची।** वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग में सीट रिक्त रहने के कारण 22 नवम्बर से वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग रांची विश्वविद्यालय में फॉर्म भरने के लिए चांसलर पोर्टल को पुनः खोल दिया गया है। इक्छुक विद्यार्थी नामांकन के लिए आवेदन दे सकते है। यह जानकारी विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) सुदेश कुमार साहू ने दी।

# कमल खिलाने को तैयार है मिशन मोदी : काका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की बी टीम कही जाने वाली मिशन मोदी अगेन पीएम की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मंगलवार को ओरमांझी चकला स्थित विमला हरिहर कॉलेज में हुई। बैठक में मिशन मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल काका, उत्तर प्रदेश के महामंत्री रमेश सिंह झा प्रदेश संरक्षक अरविन्दर सिंह खुराना, प्रदेश अध्यक्ष हरिहर पांडेय, प्रदेश सह संयोजक शहादत अंसारी, प्रदेश प्रवक्ता सोनू मिश्रा, डॉ. राजन पांडेय, हाई कोर्ट के वकील रवि मिश्रा, सीमा श्रीवास्तव, राजा दुबे उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन मोदी अगेन पीएम से जुड़े कार्यशाला के माध्यम से अब तक 5 लाख लोग जुड़ चुके है। बताया कि आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव तक 20 लाख कार्यकर्ता




बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में मिशन मोदी अगेन पीएम कार्यशाला के माध्यम से लोगो को जोड़ रही है जो झारखण्ड के 14 लोकसभा में भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने का काम करेंगे। कहा कि, प्रदेश भर के 24 जिलों के 264 प्रखंडों में 11 मोदी कार्यकर्ता बनाकर केंद्र सरकार की जन योजनाओं को प्रखण्डो में बताएंगे जिनको नहीं मिला है उनको दिलवाएंगे। यह भी बताया कि मिशन मोदी देश के हर जिलों में 11 हजार कार्यकर्ता तैयार करने का लक्ष्य को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रभक्तो की कमी नही, बस उन्हें एक जुट करने की जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि मिशन मोदी के कार्यकर्ता प्रदेश में कमल खिलाने को तैयार हो जाए। प्रदेश संरक्षक अरविन्दर सिंह खुराना ने कहा कि, नरेंद्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उन्होंने कहा कि मिशन मोदी का लक्ष्य नरेंद्र मोदी को बार - बार प्रधानमंत्री बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष हरिहर पांडेय ने कहा कि हम अपने मिशन में तभी सफल होंगे, जब संगठन को मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम 2024 के चुनाव में ही 14 लोकसभा के सीटों पर विजयी श्री दिलवाने का काम करेंगे।

# ओबीसी मोर्चा ने झंडी दिखाकर आक्रोश रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जब मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सरकार ओबीसी समुदाय को नगर निकाय और पंचायत चुनाव में आरक्षण देकर चुनाव करा सकती है और बिहार सरकार ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में गई है। तो फिर झारखंड की सरकार बिना ओबीसी के आरक्षण दिये क्यों चुनाव कराना चाहती है? झारखंड की सरकार से यह उम्मीद नहीं थी। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आक्रोश रथ को गुलाबी झंडी दिखाने के पश्चात कही। उन्होंने कहा कि बिना आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराए जाने से प्रदेश के ओबीसी समुदाय में भारी आक्रोश है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में आरक्षण न देकर



ओबीसी समुदाय के विश्वास तोड़ा है। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा की सरकार को हर हालत में ओबीसी का आरक्षण बहाल करना होगा नहीं तो ओबीसी मोर्चा नगर निकाय चुनाव में सरकार समर्थित उम्मीदवार का विरोध तो करेगा ही आने वाला लोकसभा में भी मोर्चा विरोध करेगा। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल साहा, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जायसवाल, प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर, कार्यालय प्रभारी अभय प्रसाद, फुलेश्वर ठाकुर, मोहम्मद जहांगीर अंसारी, अमन ठाकुर, जगदीश साहू, ऋषभ राज, विनोद ठाकुर और योगेंद्र ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### विप्स की ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची की वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), शाखा के तत्वावधान में बिरसा उच्च विद्यालय, डैम साइड, कांके रोड, रांची में विभिन्न विषयों पर छात्राओं के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआइ के उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक-सह-विप्स की समन्वयक डॉ. शिल्पी स्वरूप एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा तिवारी की उपस्थिति में यह आयोजन हुआ।

### कोल बेड मिथेन पर व्याख्यान आयोजित

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय भूगर्भ शास्त्र विभाग में मंगलवार को कोल बेड मिथेन पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सीएमपीडीआइ के पूर्व सीएम आनंद वर्धन सहाय उपस्थित थे। उन्होंने कोल बेड मीथेन पर एक विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने किया।

### रिम्स में भर्ती मरीज को आर्थिक मदद

**रांची।** रिम्स में इलाजरत प्रभात कुमार श्रीवास्तव की विजय शांति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आर्थिक मदद की गई। दो दिन पहले प्रभात कुमार श्रीवास्तव की बहन नुपूर सक्सेना द्वारा सोशल मीडिया पर आर्थिक मदद की गुहार लगाई गई थी। उक्त गुहार के बाद ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा सहृदयता दिखाते हुए उन्हें तत्काल ऑनलाइन रु. 11000 की मदद प्रदान की गई। इसी क्रम में संस्था द्वारा सोमवार को उन्हें रु 16 हजार का चेक प्रदान किया गया। संस्था के सचिव सुधांशु नारायण वर्मा ने यह जानकारी दी।

### समस्याओं को लेकर प्रदर्शन आज से

**रांची।** पिछले कुछ दिनों से शहर की आम जनता लगातार कई-कई घंटो तक बिजली गुल होने, सड़कों के बीच जहां तहां खुदाई होन आदि से परेशान है। रांची नगर नागरिक मंच के संयोजक अमृतेश पाठक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनता विभागों और नगर निगम के कार्यशैली तथा कारनामों से त्रस्त होकर बुधवार से सड़क पर प्रदर्शन करने को मजबूर है। इसकी शुरुआत पिस्का मोड़ चौक पर सुबह 7 :30 बजे होगी।

### निर्धन कन्या के विवाह को आर्थिक सहायता

**रांची।** संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित रांची की समाजिक एव धार्मिक संस्था एम. आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान की गई। इसमें कन्या अनामिका कुमारी (माता जयन्ती देवी, पिता मिथिलेश कुमार) न्यू एजी कॉलोनी , कडरू, रांची के निवासी है।

### नेत्रहीन छात्राओं को खाने की व्यवस्था

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज रांची द्वारा नेत्रहीन विद्यालय में छात्राओं के लिए खाने की व्यवस्था की गयी। मौके पर माहवारी को लेकर जागरूक भी किया गया। क्लब की अध्यक्षा ने उनसे बातें कर उन्हें इस पर खुल कर बोलने कि सलाह भी दी।

### रिलीज हुई फिल्म दमड़ी

**रांची।** फिल्म को समाज का आईना कहा जाता है। या यूं कहें कि जो कुछ हम अपने आस-पास देखते हैं, उसकी अनुभूति को फिल्म में दिखाते हैं। झारखंड की राजधानी रांची में भी कई फिल्में बन रही हैं। इसी बीच कृष्णा किशोरी और उमंग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी शॉर्ट फिल्म दमड़ी 21 नवंबर को पॉकेट फिल्म्स पर रिलीज हो चुकी है। इस शॉर्ट फिल्म के लेखन और निर्देशन का काम कल्याणी शाहदेव ने किया है।

# आध्यात्मिक-सामाजिक तैयारी का समय है आगमन काल : फादर एक्का

## फादर अंजेलुस ने कहा- हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए, ईश्वर के साथ होने में ही हमारी मुक्ति है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हर वर्ष की तरह मसीही विश्वासियों के लिए येसु ख्रीस्त के आने को लेकर उनके स्वागत में की जाने वाली आध्यात्मिक और सामाजिक तैयारी का समय है यह आगमन काल। यह ख्रीस्त जयंती के पहले आता है। फादर अंजेलुस एक्का ने बताया कि कलीसिया ने इस समय को ख्रीस्त जयंती के लिए ही निर्धारित किया है। इतिहास साक्षी है कि आज से दो हजार वर्ष पूर्व बेतलेहम के गोशाला में ईसा मसीह का जन्म हुआ। वे स्वर्ग छोड़, मानव का रुप धारण कर ईश्वरीय योजना अनुसार इस धरती पर अवतरित हुए। मानव जाति को उनके पापों से मुक्ति दिलाने के लिए मुक्तिदाता बनकर आए। आदम व हेवा के पाप के कारण स्वर्ग का द्वार जो बंद हो गया था, उसे अपने जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान के द्वारा हम सभी मनुष्यों के लिए खोलने को आए। पाप के कारण मानव का रिश्ता ईवर के साथ टूट गया था उसी रिश्ते को जोड़ने के लिए ईसा मसीह अवतरित हुए ।

ईश पुत्र ईसा मसीह के इस दुनिया में अवतरित होने की याद में ईसाई समुदाय 25 दिसंबर को ख्रीस्त जयंती मनाता है। ख्रीस्त जयंती के बारे किसी लेखक ने कहा है- आज भगवान इंसान बना जिससे इंसान भगवान बन जाए। आज स्वर्ग इस धरती पर आया ताकि ये धरती स्वर्ग बन जाए। बात बिल्कुल सत्य है। स्वर्ग के धरती



पर आने से धरती स्वर्ग बन जाती है और अगर इंसान के हृदय में भगवान आकर बस जाए तो इंसान भगवान स्वरुप हो जाता है। ईश्वर अगर हमारे हृदयों में बस जाए तो हमारी मुक्ति अवश्यंभावी है, क्योंकि ईश्वर जहां भी अपना निवास बना लेता है वहा अपने साथ मुक्ति लेकर ही आता है। फादर अंजेलुस ने बताया कि ईश्वर के साथ होने में ही हमारी मुक्ति है। इसे हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर कहां निवास करता है इसका उतर है ईश्वर सृष्टि के कण कण में निवास करता है। अगर हम मानव की बात करें तो ईश्वर ऐसे हृदय में निवास करता है जो शुद्ध, पवित्र, निर्मल, निष्पाप व निष्कलंक है।

ख्रीस्त जयंती में हम यही मनाते हैं कि ईसा मसीह हमें मुक्ति देने के लिए इस धरती पर जन्मे। ख्रीस्त जयंती जैसे त्योहार का आना व चला जाना क्या हमारे जीवम में कोई सकारात्मक परिवर्तन लाता है या नहीं अगर नहं तो कारण बस एक है कि हमने अपने हृदयो को उनके लिए इस ढंग से तैयार नहीं किया कि वे आएं और हमारे हृदय में बस जाएं तथा हमें मुक्ति दिलाएं।

यही कारण है कि कलीसिया आगमन काल हमें चार सप्ताह का समय देती है कि हम अपने हृदय को इस प्रकार तैयार करें कि ईश्वर उसमें वास करें।

कलीसिया चाहती है कि आगमन काल में हम अपने आपको ख्रीस्त जयंती के लिए आध्यात्मिक रुप से तैयार करें। प्रार्थना और संस्कारों के माध्यम से अपने हृदय को शुद्ध व पवित्र बनाएं। अपनी सारी बुराईयों व कमजोरियों का परित्याग करें। बुराई को त्याग कर अच्छाई को अपनाएं।

आगमन काल का एक सामाजिक पहलू भी है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे बाह्य आचरण हमारी आंतरिकता को दर्शात है। इसलिए आगमन काल में हम घरों की साफ-सफाई, रंग रोगन कर बाह्य तैयारिया करते है । स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरों, संस्थानं और टोले मुहल्ले में क्रिसमस मिलन समारोह का आायोजन किया जाता है। यह काल एक विशेष तैयारी का समय है। मुक्तिदाता प्रभु को आध्यात्मिक रुप से अपने हृदय में, जीवन में, परिवार में समाज में व पूरे विश्व में वास करने हेतु स्वागत की तैयारी करें। यही आाकमन काल का मूल उद्देशय है।

## स्पीड न्यूज

### झपट्टा मार चेन छीन कर स्कूटी से फरार

**नामकुम।** दो युवको ने झप्टटा मार कर महिला के गले से चेन छिना और स्कूटी पर बैठ फरार हो गए। घटना नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडिह की है,पीडित तरूणी कच्छप ने बताया कि वह लक्ष्मीनगर स्थित अपने घर से मेनरोड जाने के लिए निकली थी उसी दौरान एक युवक पैदल उनके पीछे आया और गले से चेन छीन कर पीछे की भागा और स्कूटी र्स्टाट कर खडे दुसरे युवक की स्कूटी पर बैठ दोनो भाग निकले। मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चाडू पंचायत सचिवालय में आधार सेवा केंद्र खुला

**सिकिदिरी।** चाडू पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।संचालक बबलू महतो ग्रामीणों ने बताया कि आधार सेवा केंद्र के खुल जाने से आधार संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगा। मौके पर संचालक बबलू महत, उपमुखिया प्रीतम महतो, ग्रामप्रधान जयलाल करमाली, प्रेमचंद महतो, मनीष महतो, नरेश महतो, उमाशंकर, मोहित महतो, दीपक उपस्थित थे।

### बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

**पिठोरिया।** पिठोरिया और आस.पास के गांव में बिजली संकट जारी है क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से 5 से 6 घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम मे बच्चों की पढ़ाई के समय बिजली कट जाती हैए जिससे पढ़ाई करने वाले बच्चों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा हैं। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन करने पर फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र में कार्य कर रहे विभाग के लाइनमैन ने बताया कि बिजली की सप्लाई कम होने के कारण लोड लोडिंग कर बिजली क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है।

### 90 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं और चना बीज का वितरण

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरूगुटू लैंपस में मंगलवार को बीज विनिमय वितरण योजना के तहत 90 फिसदी अनुदानित दर पर गेहूं और चना बीज वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमारए मुखिया पूजा किस्पोटाए पंचायत समिति सदस्य तारा देवीए उपमुखिया मैनूल अंसारीए लैंपस के रजब अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विकास कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजना चलायी जा रही है। किसान इसका लाभ उठाये। लैंपस में 10 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। मौके पर हसनैन अंसारीए प्रदीप कुमार सरकार, बरतु पाहन, बीटीएम सहित अन्य मौजूद थे।

### मांडर कॉलेज में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का गठन

**मांडर।** मांडर कॉलेज मांडर में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात तिर्की की उपस्थिति में मगंलवार को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का गठन किया गया। मौके पर बोलते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात तिर्की ने कहा राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का नारा है पढ़ेंगे और जीतेंगे। बैठक में सर्व सम्मति से भरतदेव मुंडा को अध्यक्षए सुमित उरांव को कार्यकारी अध्यक्षए सचिव मंजेश उरांव कोए उपसचिव बिरस्मानी कच्छप कोए मीडिया प्रभारी सुनील उरांव को तथा प्रवक्ता रोबिन मिंज को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य में सोमनाथ उरांव, संजू उरांव, सुभाष उरांव, कार्तिक उरांव जितेन खलखो, सुषमा उरांव, किरण कुजुर, बैजू उरांव, विजेता उरांव, किरण उरांव, सोनाली उरांव को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शनि उरांव तथा मंच का संचालन सुशांत तिर्की ने किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एसएसबी जवान की मौत

## बाइक से हुई दुर्घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र स्थित चटवाल मोड़ के निकट सोमवार की देर शाम में सड़क हादसे में एसएसबी के जवान 37 वर्षीय अवधेश मिंझ मौत हो गई। वही उसके साथ बाइक में सवार उसका साथी संजय कच्छप को भी गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश अपने दोस्त संजय के साथ बुढ़मू से वापस अपने घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रही एक अज्ञात कार से हो गई इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया रिम्समें इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह अवधेश मिंझ की मौत हो गई 10 दिन पूर्व ही व ड्यूटी से छुट्टी में अपने घर आया था तभी यह हादसा हो गया उसका एक डेढ़ साल का बच्चा भी है। घटना के बाद से उसके परिजनों का रो-रोकर काफी बुरा हाल हो गया है।

## राहे में बीमा क्लेम का भुगतान



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** एसबीआई राहे शाखा के ग्राहक सेवा केंद्र राहे के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का दो लाख और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का भुगतान किया गया। प्रखंड के रंगामाटी गांव के 30 वर्षीय योगेश्वरी देवी का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। जिसने एसबीआई राहे शाखा में 20 रुपये ओर 436 रुपये का सालाना बीमा कराया था। दुर्घटना में मौत के बाद शाखा द्वारा सामान्य प्रक्रिया के बाद बीमा राशि कुल 4 लाख का भुगतान किया। बीमा भुगतान मृतक के पति त्रिवेणी महतो को किया गया। इस अवसर ओर शाखा प्रबंधक स्वेता मिश्रा ने कहा कि शाखा में दोनों बीमा योजना हर खाताधारकों के उपलब्ध है। सामान्य प्रक्रिया में बीमा से जोड़ा जाता है। खाताधारक जरूर योजना से जुड़े। मौके ओर लाभुक त्रिवेणी महतो, सीएससी संचालक आफताब हुसैन, लालमोहन प्रजापति सहित बैंक कर्मी उपस्थित थे।

## घर का ताला तोड़ चोरी

**नामकुम।** सदाबहार चैक स्थित वंदना अपार्टमेंट में चोरों ने ताला काट कर लाखों रूप्ये मूल्य के गहनों की चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि चोरो ने अपार्टमेंट के तीन फ्लैट का ताला तोडा जिसमें धमेन्द्र सिंह के फ्लैट से चोरों ने सोने व चांदी के कीमती गहने चुराए पीडित धर्मेन्द्र के अनुसार चोरी गए गहनों की कीमत लगभग 7 लाख रूप्ये है। धमेन्द्र रासट्रीय द्वितियक संस्थान में तकनीकी सहायक हैं। उन्होने बताया कि उनकी बेटी सुबह लगभग आठ बजे स्कूल चली जाती है जबकि वैज्ञानिक पत्नी साढे आठ बजे आफिॅस के लिए निकलती है। वे अपने आफिस लगभग साढे नौ बजे जाते है। जिसके बाद घर पूरी तरह से खाली रहता है। चोरो ने लगभग साढे ग्यारह बजे ताला तोड और साढे ग्यारह बजे वे चोरी कर अर्पाटमेंट से चले गए। धमेन्द्र जब स्कूल से अपनी बेटी को लेकर दोपहर ढाई बजे घर पहुंचे तो देखा की घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। कमरे के अंदर जाकर देखा तो आलमारी का लाक टूटा मिला तथा उसमें रखे हार, झुमका, मंगलसूत्र, अंगुठी, बिंदिया, लॉकेट, चेन, लटकन, पायल, बिछिया, सिक्के एवं पूजा के सामान सहित सारे जेवर गायब थें। मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर अवैध चोरों के उपर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है।

## मुरचू में पेयजल स्वच्छता मिशन योजना का किया गया निरीक्षण

### पेयजल एवं स्वच्छता सचिव ने किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य की पेयजल एवं स्वच्छता सचिव नेहा अरोड़ा मंगलवार की सुबह 9 बजे तारूप पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम मुरचू पहुंची। उनके साथ संयुक्त सचिव इंद्रदेव मंडल, स्वच्छ भारत मिशन के राज्य समन्वयक आजाद जीए सहायक कार्यपालक अभियंता देवानंद, कनीय अभियंता विजय सिंह, यनीसेफ के संजय पांडेय, लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि शेखर, बीडीओ हरिशंकर बारिक व मनरेगा की बीपीओ मनीता कुमारी भी थे। उन्होंने गांव में पेयजल व स्वच्छता को लेकर निमार्णाधीन और प्रस्तावित योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्री शेखर को हर 4 से 5 घर के बाद एक शोकपिट बनानेए कंपोस्ट पिट और बायोगैस प्लांट का निर्माण कराने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया अहिल्या कच्छप, जल सहिया देवमनी देवी, बीपीओ काली साहू व किरण कुमारी आदि मौजूद थे। बताते चलें, कि गांव में भारत सरकार की टीम पेयजल एवं स्वच्छता का जायजा लेने यहां आ रही है। इसका नेतृत्व केंद्रीय सचिव बिनी महान करेंगे।

# खेलो इंडिया: बेड़ो में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र बेड़ो के तत्वाधान में खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत मंगलवार को हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया सुशांति भगत व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च व मध्य विद्यालयों के छात्र.छात्राएं भाग ले रहे हैं। खेलो में दौड़ए लंबी व ऊंची कूदए गोला फेंक व फुटबॉल शामिल है। उद्घाटन के अवसर पर मुखिया ने कहा कि खेल प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर खेलें। बीईओ ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर खेल का अभ्यास करें। अव्वल खिलाड़ी चुने जाने पर उनके गांव समेत राज्य का नाम रोशन होगा। मौके पर देव कुमारए अरुण कुमार साहू, सुशील कच्छप, अजय महतो, जगरनाथ राम, प्रवीण सुचित, वर्जय, राखी कुमारी, मृणाल खलखो, अनामिका तिर्की, सुषमा टोप्पो, पूनम एक्का, शकुंतला कुमारी, मेरी वीआ एक्का सहित शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

### शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी: विधायक

**मांडर।** प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल में मगंलवार को समग्र शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखंड 2022-23 मुख्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल कुद मे भी ध्यान देना चाहिए। आज खेल कुद मे धोनी झारखंड के साथ पूरे देश का नाम रौशन कर रहा है। आप तमाम बच्चे भी उनके जैसा खेल मे कड़ी मेहनत करके आगे आये और झारखंड के साथ देश का नाम रोशन करे। अगर आपको कोई समस्या हो तो आप मुझसे मिले मै आपकी मदद करूंगी।

## डायट में राज्य स्तरीय कला उत्सव का आगाज

### बच्चों ने बिखेरी कला की छटा, लोक गायन से गूंज उठा माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से मंगलवार को डायट परिसर में दो दिनी राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंगए ज्यूरी सदस्य विनय भूषण मुंडु, किशोर तिड्डू, मृणाल पाठक, देवराज सेन गुप्ता, चंद्रशालिनी कुजूर, ब्रजेश कुमार व राम बाबू प्रसाद ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें बालक और बालिका वर्ग ने लोक गायन, वादन, नृत्य व दृश्य कला का प्रदर्शन किया। संचालन जॉय होरो कर रहे हैं। उत्सव में राज्य के करीब 500 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में उप निदेशक प्रदीप चौबेए सहायक निदेशक बांके बिहारी सिंह, अभिलाषा कुमारी, सीमा प्रसाद, अर्चना कुल्लू, दिनेश कुमार, सतीश चंद्रा व जयंत कुमार आदि शामिल हैं।

**आज होगा समापन**

उत्सव का रंगारंग समापन 23, नवंबर की शाम होगा। निर्णायक मंडली की घोषणा एवं चयनित प्रतिभागी बच्चे अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किये जायेंगे। राज्य स्तरीय इस कला उत्सव में विभिन्न विधाओ में चयनित बच्चे राष्ट्रीय स्तर के उत्सव में भाग लेंगे।

## सिल्ली के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से खेलो झारखंड के तहत मंगलवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में प्रखंड के 58 स्कूल कॉलेजों के करीब 300 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन छठी से आठवीं तक के बच्चे एवं दूसरे दिन नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान फुटबॉल, तीरंदाजी, कुश्ती, कबड्डी, जैवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, विभिन्न दूरी के दौड़ समेत 18 प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग खेल कराए गए। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि अखिल महतो, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लाकड़, सीओ धर्मेंद्र दुबे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बीके झा, बीपीओ मनोज कुमार समेत अन्य लोगों ने भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे।

## झाकोमयू एनके एरिया ने डकरा परियोजना में की गेट मीटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झाकोमयू एनके एरिया के द्वारा मंगलवार को डकरा परियोजना में गेट मीटिंग की गई। मीटिंग के अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने व संचालन एरिया सचिव रंथू उरांव ने की। जिसमें केंद्रीय दिशा निर्देश के अनुसार 26 नवम्बर को अपने मांग को लेकर एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के माध्यम से एनके प्रबंधक को मांग पत्र सौपा जाएगा। मीटिंग के माध्यम से मजदूरों से अपील की गई है कि 26 नवम्बर को भारी संख्या में भाग लेकर अपनी ताकत प्रबंधन के समक्ष दिखाये। इस मांग पत्र में कोल इंड़िया के द्वारा 11वॉ वेतन समझौता में विलम्ब हो रही है उसे जल्द से जल्द कराया जाय तथा 44श्रम कानून बदल कर 4 श्रम कोड में बदलने के विरुद्ध और रैयत विस्थापित को नौकरी मुआवजा एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने को लेकर एन के एरिया के सभी परियोजना में गेट मीटिंग कर के संगठित असंगठित मजदूरों को बताने का काम किया जा रहा है । मौके पर उपाध्यक्ष बालमुकुंद पाण्डेय, प्रदीप राम, रामेश्वर यादव, अशोक धासी, फिरोज अंसारी, बिनोद गंझु, राजू नोनिया, तापेश्वर मोची, बिरजू महतो, बुल्ला गंझु, बरतु मुंडा, बबलू महतो मौजूद थे।

## एक नजर में

### सोनाहातू: सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सोनाहातू।** प्रखंड के हेसाडीह गांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 12 लाख लागत से साढ़े 4 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जायेगा।बनाने वाली सड़क क्षेत्र के लिये लाइफ लाइन साबित होगा। पेयजलए स्वास्थ्य एओर शिक्षा को लेकर कई कल्याणकारी योजना पर काम किया जा रहा है। सभी जनहित ओर गांव हित के लिये काम करें। मौके पर मुखिया प्रताप सिंह मुंडा, ईचागढ़ प्रभारी हरिलाल महतो, बड़कागढ़ प्रभारी रोशन चौधरी, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, चितरंजन महतो, रमेश मुंडा, शक्ति मुंडा, वरुण सिंह मानकी, लोहरा पातर मुंडा, सुरेश महतो, पुरन्दर प्रामाणिक, मलखान महतो, महकम महतो, तुलसी महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### करांटे में राहे के छात्र को मिला गोल्ड मेडल




**राहे।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा तीसरा एसकेएजे स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप खेलगांव होटवार के शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। सब-जूनियर मेल कुमिते 40 .45 किलोग्राम केटेगरी में सर्वोदय स्कूल राहे के मनीष कुमार महतो को गोल्ड मेडलए तथा 45-50 किलोग्राम केटेगरी में सर्वोदय पब्लिक स्कूल राहे के किशन कुमार मुंडा को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य महोदय ज्ञान महतो, विद्यालय निदेशक सुनील कुमार महतो, कराटे कोच देवानंद सेठ, एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दिया है।

### शहीदों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता: राजेश कच्छप



**अनगड़ा।** प्रखंड के खम्भावन में मंगलवार शहीद नीलाम्बर पीताम्बर प्रतीमा स्थल का सुन्दरीकरण एंव सामुदायिक भवन की मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया । शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। मौके पर खिजरी प्रभारी अशोक कुमार मिश्र, परमेश्वर भोगता, प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि अनगड़ा राजेन्द्र मुण्डा, सचिन नायक, सिद्धीक अंसारी, फारूक खान, शिवदास गोस्वामी, युनूस अंसारी, साकीर अंसारी, सरिता देवी, जितेन्द्र महतो, सफीक अंसारी नईम अंसारी, जॉन तिग्गा, छोटेलाल महतो, कुलेश्वर मुडा उपस्थित थे।

## सदनों के प्रति राज्य सरकार का सौतेला व्यवहार: मोर्चा

**ओरमांझी।** पिछड़ी जाति को आरक्षण दिए बिना नगर निकाय चुनाव कराए जाने के सरकार की निर्णय को लेकर सदान विकास पार्टी द्वारा नाराजगी जताई गई है। इस निर्णय को सदान विकास युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार ने सरकार की दोहरी नीति व गहरी साजिश बताया है। उन्होने हेमंत सोरेन सरकार पर शुरू से ही पिछड़ी जातियों के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा एक ओर सरकार आरक्षण बढ़ाने की बात करती है, और जब पिछड़ों को अधिकार देने की बात आती है तो, पक्षपातपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। त्रिस्तरी पंचायती चुनाव में भी पिछड़ों को उनका आरक्षण लाभ नही दिया गया। अब नगर निकाय चुनाव में भी पिछड़ों का अधिकार लूटने की तैयारी की जा रही है। डॉ प्रदीप कुमार ने मांग की कि पिछड़ी जाति को उनका अधिकार दिए बैगेर चुनाव कराने पर सभी दल व पार्टियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रुप से मनरेगाए 15 फाइनेंसए प्रधानमंत्री आवास हमेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार द्वारा सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई एवं समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया की आवास की प्रगति संतोषजनक है। सभी जनसेवक आवास में अपेक्षित प्रगति करना सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी पंचायत के सचिव एवं मुखिया 2 दिनों के अंदर सभी खिलाड़ियों की सूची अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। डीएमएफटी फंड के तहत ईटाए महूगांव ए मंदरीए खोखरा एवं जहानाबाज है। जिसमें 25ध्11ध् 2022 को ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन करके सूची समर्पित करेंगे। निर्देश दिया गया कि बेड़ो सहित अन्य गांव में स्वच्छता के अभाव में डेंगू की बीमारी फैल रही है।

**प्रखंडों में चलेगा स्वच्छता अभियान**

सभी पंचायत मुख्यालय में डेंगू के संबंध में जागरूकता एवं स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिसमें प्रखंड के पर्यवेक्षक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन 200 मजदूर तथा प्रत्येक पंचायत प्रत्येक गांव में कम से कम 5 योजनाएं संचालित किया जाना आवश्यक है।

# बाल संरक्षण और अधिकार के लिए आवाज उठाना जरूरी

## चोरेया में खुशहाल बचपन समागम कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** देवेंद्रनाथ सिंह उच्च विद्यालय चोरेया में मंगलवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल कल्याण संघ द्वारा संचालित खुशहाल बचपन समागम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली एवम ग्रामीण के पांच सौ बच्चों ने भाग लिया और अपना बचपन अपना अधिकार को जाना। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं समाज में जागरूकता फैलाना, बच्चों का अधिकार एवं सुरक्षा सबको पता हो यही मुख्य प्रयोजन था। कार्यक्रम में देवेंद्र नाथ स्कूल के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हम सब भी एक समय में बच्चे थे। बच्चे अगर बदमाशी न करें तो फिर बचपना नहीं क्योंकि बच्चों को उनका बचपन खराब न हो । बाल कल्याण संघ निदेशक संजय मिश्रा ने कहा कि बाल अधिकारों और संरक्षण के लिए हम लगातार काम करते आ रहे हैं झारखंड ही नहीं पूरे देश में बाल अधिकार और सुरक्षा को लेकर हम आवाज उठाते रहे हैं। आगे भी आवाज उठाएंगे। हमारा मकसद है सभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो । मुखिया रेखा सांगा ने कहा कि की हम अपने पंचायत में बाल अधिकार और सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं किसी प्रकार की समस्या अगर हमारे बच्चों को होता है तो उसके लिए हम 24 घंटे तत्पर हैं और वर्तमान में देवेन्द्र नाथ सिंह स्कूल बहुत अच्छा कार्य कर रही है। बच्चों के सवाल के जवाब में मुखिया ने कहा वर्तमान में पानी की समुचित व्यवस्था स्कूल प्रांगण में हो इस कार्य को यथा शीघ्र करने का आश्वासन देती हूं। पंचायत समिति सदस्य ने भी बच्चो को सुभकामना दिया। स्कूल के सभी बच्चों ने मिलकर एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रसतूती किया। कार्यक्रम में बाल कल्याण संघ के शालिनी राज शिवानीप्रिया सिद्धार्थ शर्मा ओम प्रकाश तिवारी एवम स्कूल के शिक्षक भुवनेश्वर सिंह अमिश्वर महतो राकेश कुमार शर्मा दुर्गा उरांव नवलेश कुमार हेमकांत सिंह स्वाति मिश्रा आदि मौजूद थे।

# बड़े बैंकों की बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश में बड़ें बैंको की वकालत की है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सरकार कुछ और सरकारी बैंकों का विलय करने के बारे में विचार कर रही है। उदाहरण के लिए पिछले दौर के विलय में ओरियंटल बैंक ऑफ इंडिया का पंजाब नैशनल बैंक के साथ विलय किया गया था जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कॉर्पोरेशन बैंक और आन्ध्रा बैंक का विलय किया गया था। इसके अलावा इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में किया गया था। फिलहाल तो एसबीआई का बहीखाता उसके बाद के तीन बड़े बैंकों के समग्र बहीखाते से भी बड़ा है। अर्थव्यवस्था के विकास के साथ बैंकों का आकार भी बढ़ेगा और कुछ बैंक अन्य बैंकों की तुलना में तेजी से विकसित होंगे लेकिन यह संभव नहीं लगता कि अगले कुछ वर्षों में भारत में एसबीआई के आकार के चार या पांच बैंक हों। शायद सरकार का विचार यह होगा कि बड़े बैंक देश के बुनियादी क्षेत्र की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। परंतु तथ्य यह है कि बैंक अक्सर बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं को उनके कारोबार की बुनियादी प्रकृति की वजह से ऋण देने के अनिच्छुक होते हैं। बुनियादी परियोजनाओं को पूरा होने में आमतौर पर बहुत अधिक वक्त लगता है जिससे बैंकों के लिए परिसंपत्ति-देनदारी की विसंगति उत्पन्न हो जाएगी, भले ही उनका आकार कुछ भी हो। इसके अलावा सरकार एक विकास वित्त संस्थान की स्थापना कर रही है ताकि बुनियादी क्षेत्र की सहायता की जा सके। इसके अलावा दीर्घावधि के कर्ज को आदर्श रूप से तो बॉन्ड बाजार से जुटाया जाना चाहिए और उसका बीमा तथा पेंशन फंड से भी वित्त पोषण किया जा सकता है। वैसे बैंको के एकीकरण के कुछ सुखद परिणाम भी सामने आने लगे हैं। सरकारी बैंको की स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहें हैं।

# नकली दवाओं पर नकेल

अब देश में नकली दवाओं के रोकथाम को लेकर केन्द्र सरकार गंभीर कदम उठाने जा रही है। केवल एक स्कैन से आप असली और नकली दवाओं का पता लगा सकेंगे। केंद्र सरकार ने 300 नामी दवाओं के ब्रांड पर क्यूआर कोड लगाने का निर्देश जारी कर दिया है। बता दें कि यह नया नियम अगले साल अगस्त से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्यूआर कोड लगाने वाले फैसले को लागू करने के लिए औषधि नियम, 1945 में कुछ जरूरी संशोधन भी किए हैं। इस फैसले का मकसद एनाल्जेसिक, विटामिन, मधुमेह और हायपरटेंशन की कॉमन ड्रग्स की प्रामाणिकता सुनिश्नत करना है। सरकार के इस फैसले से डोलो, सेरिडॉन, कॉरेक्स, एलेग्रा जैसा प्रसिद्ध ब्रांड पर असर पड़ेगा। सरकार ने फार्मा कंपनियों को भी निर्देश जारी कर दिए हैं। जिन 300 दवाओं के फॉमूर्लेशन के पैकेज पर क्यू आर कोड प्रिंट होगा उनका एक बड़ा हिस्सा ज्यादातर काउंटर से खरीदा जाता है। इस नियम के लागू होने से ग्राहकों को आसानी से पता चलेगा कि उनकों बेची जा रही दवा असली है या नकली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस साल जून में एक ड्राफ्ट गैजेटेड नोटिफिकेशन जारी किया था और लोगों से इस पर उनकी राय मांगी थी। टिप्पणियों और विचार-विमर्श के आधार पर मंत्रालय इसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के नियम 96 की शेड्यूल 2 के अनुसार, 300 ड्रग फॉमूर्लेशन प्रोडक्ट्स के निमार्ताओं को अपने प्राइमरी या सेकेंडरी पैकेज लेबल पर बार कोड या क्यू आर कोड को प्रिंट करना अनिवार्य होगा। बाजार में नकली दवाओं की उपलब्धता से जहां लोगों की जान संकट में पड़ जाती है वहीं दवा के निर्यात पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। केन्द्र सरकार प्रयास कर रही है अगस्त 2023 से यह कानून पूरी तरह से लागू हो जाए।

# साथ-साथ चल सकते हैं आस्था और विकास





-आर जगन्नाथ

> खुशकिस्मती है कि सर्वोच्च अदालत ने ऐसा कुछ नहीं सोचा और राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके चलते लाखों हिंदू और पर्यटक अयोध्या की ओर आकर्षित हुए। विकास और आस्था को विरोधी मानना एक मिथक है। ये साथ-साथ चलते हैं। प्रधानमंत्री 2014 में पद संभालने के बाद से लगभग हर दूसरे वर्ष हिंदू धार्मिक (और राजनीतिक) परियोजनाओं का उद्घाटन करते आए हैं।

**यह** एक मिथक है कि चर्चित और मशहूर धार्मिक और राजनीतिक परियोजनाओं का विकास से कुछ लेनादेना नहीं होता है। गत माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बड़े आयोजनों में शिरकत की। इनमें से अधिकांश को राजनीतिक प्रकृति का माना गया। ऐसा ही एक अवसर था रोजगार मेले की शुरूआत जहां 75,000 लोगों को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यह आयोजन प्रधानमंत्री के उस वादे से जुड़ा था जिसमें उन्होंने 2024 के आम चुनाव तक 10 लाख रोजगार के अवसर तैयार करने की बात कही थी।

गुजरात चुनाव के पहले राज्य में तीन बड़ी परियोजनाओं की बात कही गई और ये हैं वेदांत-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर फैक्टरी, एयरबस-टाटा सैन्य परिवहन विनिर्माण संयंत्र और आर्सेलरमित्तल-निप्पॉन स्टील विस्तार परियोजना। तीसरी घटना में अयोध्या के दीपोत्सव का टेलीविजन पर भव्य प्रसारण हुआ जहां 18 लाख दिए जलाए गए और पटाखों के साथ-साथ लेजर शो का शानदार प्रदर्शन किया गया।

इन आयोजनों में चुनाव की आहट है। यह संदेश दिया जा रहा है कि मोदी सरकार विकास, रोजगार और हिंदुओं की धार्मिक मान्यता को लेकर काम कर रही है। धर्मनिरपेक्ष। शब्दकोश में विकास को अक्सर आस्था के खिलाफ रखा जाता है। यह भी एक वजह है कि आखिर क्यों राम जन्मभूमि विवाद के लिए एक हल यह सुझाया गया कि वहां अस्पताल या शैक्षणिक संस्थान बना दिया जाए। खुशकिस्मती है कि सर्वोच्च अदालत ने ऐसा कुछ नहीं सोचा और राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इसके चलते लाखों हिंदू और पर्यटक अयोध्या की ओर आकर्षित हुए। विकास और आस्था को विरोधी मानना एक मिथक है। ये साथ-साथ चलते हैं। प्रधानमंत्री 2014 में पद संभालने के बाद से लगभग हर दूसरे वर्ष हिंदू धार्मिक (और राजनीतिक) परियोजनाओं का उद्घाटन करते आए हैं।

इसकी शुरूआत 2016 में चार धाम राजमार्ग से हुई थी। 2017 में कोयंबटूर में सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा स्थापित आदियोगी (शिव) की प्रतिमा का लोकार्पण, 2020 में राम मंदिर भूमि पूजन, 2021 में काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर और इस वर्ष के आरंभ में हैदराबाद में वैष्णव संत श्री रामानुजाचार्य को समर्पित स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी का उद्घाटन। इस बीच 2018 में मोदी ने अपने गृह राज्य यानी गुजरात में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा सरदार पटेल के स्टैच्यू को लोकार्पित किया था।

इस मिथक को समाप्त करने की आवश्यकता है कि ऐसी बड़ी धार्मिक और राजनीतिक परियोजनाओं का विकास से संबंध नहीं। एक लोकप्रिय मंदिर का केवल धार्मिकता से रिश्ता नहीं होता। यह कारोबार, परोपकार और अधोसंरचना का एक पूरा माहौल भी रचता है। सड़क और अधोसंरचना में समय के साथ सुधार होता है, अतिथिगृह और होटल तथा रेस्टोरेंट खुलते हैं, छोटे और मझोले कारोबार पनपते हैं ताकि आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

तिरुमाला-तिरुपति देवस्थानम भारत का सबसे समृद्ध मंदिर है और इसका वार्षिक बजट 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है। यह राशि सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आंतरिक राजस्व से भी अधिक है। मान कर चलिए कि 2024 में जब 1800 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा अयोध्या मंदिर खुलेगा तो वह आर्थिक प्रभाव के मामले में तिरुपति अथवा वैश्विक पहचान वाले स्मारक ताजमहल को कड़ी टक्कर देगा।

अयोध्या केवल हिंदुओं के लिए आकर्षण का केंद्र नहीं होगा बल्कि वह दुनिया भर के पर्यटकों को आकृष्ट करेगा। यह देश के सबसे गरीब इलाकों में आने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत मददगार साबित होगा। राजनीतिक और धार्मिक परियोजनाओं का आर्थिक प्रभाव अक्सर तात्कालिक राजनीतिक लाभों से अधिक होता है। मोदी ने 2018 में सरदार पटेल की मूर्ति का उद्घाटन किया था लेकिन कोविड के पहले टिकट बिक्री और लेजर शो से आने वाले राजस्व के शुरूआती अनुमानों से यही लगा था कि यह ताजमहल को टक्कर देगा। अयोध्या इस मामले में काफी मददगार साबित होगा।

इसी तरह माना जा सकता है कि अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष को जो जमीन हजार्ने में दी गई है वहां बनने वाली मस्जिद भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। इससे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी तरक्की का एक विशिष्ट माहौल तैयार होगा। अगर हम इस परिकल्पना को स्वीकार कर लें तो काशी और मथुरा विवादों को हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच बातचीत करके हल करने के न केवल राजनीतिक निहितार्थ हैं बल्कि आर्थिक असर भी हैं।

क्योंकि ऐसा होने पर उन्हें अयोध्या फैसले के तर्ज पर क्षतिपूर्ति की जा सकती है। यहां हमारे विश्लेषण में कॉर्पोरेट जगत के दो उदाहरण उपयोगी हैं। पहला, बड़े कारोबारी समूह जब अपने असंबद्ध कारोबारों को अलग-अलग करते हैं तो अक्सर उनमें तेज वृद्धि हासिल होती है और उनके शेयरधारकों के लिए भी मूल्यवर्द्धन होता है। धार्मिक संदर्भों में इसे इस तरह देख सकते हैं कि मंदिर से अलग होकर नई मस्जिद का निर्माण दोनों को अपने लिए अलग सहायक माहौल तैयार करने में मदद करेगा। अगर विवाद को हल करने के बजाय बढ़ने दिया जाता तो शायद ऐसा नहीं होता।

क्या यह उचित नहीं होगा कि विशुद्ध आर्थिक आधार पर काशी और मथुरा के साथ भी ऐसा ही हो। कोई धार्मिक समुदाय नहीं चाहता कि वह दूसरे के साथ जगह साझा करे। दूसरा विचार निजीकरण का है। यह भी व्यापक रूप से स्वीकार्य अवधारणा है कि सरकारी परिसंपत्तियों को निजी हाथों में सौंपकर उनकी अच्छी खासी कीमत जुटाई जाए। यहां बात आती है उन मंदिरों की जो पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में हैं। ऐसे करीब एक लाख मंदिर तो दक्षिण भारत के पांच राज्यों में ही हैं।यदि अगले पांच से दस वर्षों में उपयुक्त विधायी बदलावों के बाद इन मंदिरों का निजीकरण कर दिया जाता है तो श्रद्धालुओं और अंशधारकों के प्रबंधन के अधीन वे विकास के वाहक बन सकते हैं।

## खास बात

# पैतृक संपत्ति में बेटी का अधिकार

**बिंदिशा सारंग**

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।।सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ।एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।।समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

# सिद्धाश्रम का कर्म

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्वारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।

**अहिल्या उद्धार:** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं । आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।

**(ब्र।विद्यालय सह आश्रम)**

**विपदा** में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
**– अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

ज्ञान अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं।अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सद्ग्रन्थों का नित्य पारायण करें।पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !
**– अवधेशानंद गिरी**





एनटीपीसी ने बनाया सोलर पावर की घटती दरों का रिकॉर्ड - मात्र 1.99 रुपये प्रति यूनिट बिजली देगा। राज्य सरकार बिजली खरीद सौदों पर पुनर्विचार करे,सोलर पावर में करोड़ों झोंकने की जगह बाजार से सस्ता सोलर पावर खरीदे। **–महेश पोद्दार**

# जैव विविधता पर मंडरा रहा है लुप्त होने का बड़ा खतरा

**योगेश कुमार गोयल**

## पर्यावरण

**पिछले** दिनों आई विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की द्यलिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2022 के मुताबिक पिछले 50 वर्षों में दुनियाभर में स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछलियों सहित वन्यजीवों की आबादी 69 फीसदी कम हुई है। द्यलिविंग प्लैनेट सूचकांक।के अनुसार 5230 प्रजातियों के 31821 जीवों की आबादी में गिरावट दर्ज हुई है, जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में चौंकाने वाली दर से घट रही है। रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में वन्यजीवों की आबादी तेजी से घट रही है और 1970 के बाद से लैटिन अमेरिका तथा कैरेबियन क्षेत्रों में इसमें 94 फीसदी तक जबकि अफ्रीका में 66 और एशिया में 55 फीसदी की गिरावट आई है।

वन्यजीवों की आबादी में गिरावट के कारणों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि वनों की कटाई, आक्रामक नस्लों का उभार, प्रदूषण, जलवायु संकट तथा विभिन्न बीमारियां इसके प्रमुख कारण हैं। 1970 के बाद से मछली पकड़ने में करीब 18 गुना वृद्धि होने के कारण शार्क तथा रे मछलियों की संख्या में 71 फीसदी तथा ताजे पानी में रहने वाली प्रजातियों में सर्वाधिक 83 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ का इस बारे में कहना है कि पर्यावास की हानि और प्रवास के मार्ग में आने वाली बाधाएं प्रवासी मछलियों की नस्लों के समक्ष आए लगभग आधे खतरों के लिए जिम्मेदार हैं।

इससे पहले आईयूसीएन (इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्जर्वेशन ऑफ नेचर) की वर्ष 2021 की रिपोर्ट में भी बताया जा चुका है कि दुनियाभर में वन्यजीवों तथा वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं, जिनकी धरती से गायब होने की संख्या में आगामी वर्षों में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आईयूसीएन ने विश्वभर में करीब 1.35 लाख प्रजातियों का आकलन करने के बाद पाया था कि 900 जैव प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं तथा 37400 प्रजातियों को विलुप्त होने के कगार पर मानकर द्यरेड लिस्टद्ग में शामिल किया गया था। आईयूसीएन के मुताबिक जैव विविधता पर संकट यदि इसी प्रकार मंडराता रहा तो 10 लाख से अधिक प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर होंगी।

दुनिया के सबसे वजनदार पक्षी के रूप में जाने जाते रहे द्यएलिफेंट बर्ड।का अस्तित्व अब धरती से खत्म हो चुका है। एशिया तथा यूरोप में मिलने वाले रोएंदार गैंडे की प्रजाति भी इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन चुकी है। समुद्र में 70 वर्ष तक का जीवन चक्र पूरा करने वाला डूगोंग प्रजाति का द्यस्टेलर समुद्री गाय जीव भी विलुप्त हो चुका है। द्वीपीय देशों में पाए जाने वाले डोडो पक्षी का अस्तित्व मिटने के बाद कुछ खास प्रजाति के पौधों के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है। पश्चिमी तथा मध्य अफ्रीका के भारी बारिश वाले जंगलों में रहने वाले जंगली अफ्रीकी हाथी, अफ्रीकी जंगलों में रहने वाले ब्लैक राइनो, पूर्वी रूस के जंगलों में पाए जाने वाले अमुर तेंदुआ, इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर पाए जाने वाले सुंदा बाघ जैसे विशाल जानवरों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल छाये हैं।

पर्यावरण विज्ञान जर्नल फ्रंटियर्स इन फॉरेस्ट एंड ग्लोबल चेंज में प्रकाशित एक अध्ययन में तो यह सनसनीखेज खुलासा किया जा चुका है कि 97 फीसदी धरती की पारिस्थितिकी सेहत बेहद खराब हो चुकी है और मानवीय हस्तक्षेप के कारण पृथ्वी के जैव विविधता वाले क्षेत्रों में इतनी तबाही मच चुकी है कि धरती का केवल तीन फीसदी हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित बचा है। वन्यजीवों के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर शोधकताओं का कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### कानून से असुरक्षा

श्रम कानून के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **–रमन कुमार, रांची**

### नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।
**– रविन्द्र कुमार, हजारीबाग**

# आपकी सफलता को प्रभावित करता अनिद्रा



**नागेन्द्र सिंह**

## मोटिवेशन

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

सफलता के लिये पूरी और अच्छी नींद का बड़ा महत्व है। विशेषकर जब आप प्रतियोगी परीक्षा की तेयारी कर रहें हो। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि आपके दिमाग में क्या है तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना।

हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।

आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

(दिशा संस्थान आजमगढ़)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### मुफ्त मुंह व दंत चिकित्सा जांच शिविर

**दारु।** नारायणी डेंटल क्लिनिक दुर्गा मंडप बीएसएफ गेट के सामने मेरु में गुरुवार को 10 बजे से मुफ्त मुह व दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में आयोजक डॉक्टर मुकेश ने बताया कि आजकल दाँत से सम्बंदित बीमारियों बढ़ती जा रही है जिसका मुख्य कारण लोगों द्वारा अपने दांतों के प्रति लापरवाही बरतना है। इसी को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में लोगों की मुह और दांत की मुफ्त जांच के साथ साथ दवाईंयां भी मुफ्त में दी जाएगी। डॉक्टर ने मेरु और आसपास के लोगों से इस शिविर में आकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### रघुवर दास का किया गया स्वागत

**चरही।** मंगलवार को चरही स्थित मनोकामना कॉम्प्लेक्स के पास भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का रांची से चलकुशा जाने के क्रम में भाजपा के कार्यकताओं ने बुके देकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। श्री दास ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का काम करें तथा पार्टी को और भी सशक्त बनाते हुए युवकों को जोड़ा जाए। इस स्वागत में मुख्य रूप से चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नारायण सिंह,चुरचू जिला परिषद पूर्व प्रत्याशी रौशनी देवी, जाकिर अंसारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

### मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**इचाक।** बरियठ पंचायत भवन मे उद्यान विभाग हजारीबाग के द्वारा पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसका संचालन आदिवासी महिला कृषक कल्याण समिति रांची के द्वारा किया गया उद्घाटन समारोह में जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता 20 सूत्री अध्यक्ष इचाक मनोहर राम जीप सदस्य रेनू देवी मुखिया बरियठ नीसु मेहता जिला उद्यान पदाधिकारी हजारीबाग अरुण कुमार निकिता कुमारी उद्यान मित्र इचाक दिगम्बर कुमार मेहता आदिवासी कृषक महिला कृषक परिषद से अब्दुल कयूम महताब आलम इकबाल अंसारी सुनैना देवी उपस्थित थे कृषक में राजेंद्र शर्मा रूणा देवी एवं लगभग 62 किसान उपस्थित थे। मशरूम के प्रकार की जानकारी दी गई तथा मशरूम से होने वाले लाभ विटामिन संबंधित भी जानकारी दी गई।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत कर्मटांड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनएसएस के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्याताओं तथा प्रशिक्षुओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद की अध्यक्षता तथा प्रशिक्षु प्रेरणा कुमारी एवं अनिल प्रजापति के द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम मे प्रध्यापाक प्रोफेसर जितेंद्र झा एवं डॉ वीरेंद्र चौरसिया तथा प्रशिक्षुओं में रजनी मिश्रा, अमित कुमार पांडे श्रुति सुमन एवं अन्य प्रशिक्षु ने मतदान जागरूक करने संबंधित अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में विशेषकर शहरी क्षेत्र के लोगों एवं युवाओं में मतदान के प्रति रुझान एवं अधिक से अधिक मतदान हो इसके प्रति लोगों को जागरूक करने का विषय में एक चर्चा हुई।

### सात दिवसीय योग शिविर आरंभ

**चरही।** सीसीएल के ऑफिसर्स क्लब में सोमवार से सात दिवसीय योग शिविर विधिवत आरंभ किया गया। शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि तापीन साउथ परियोजना के पीओ एके दिवाकर थे। शिविर की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के मौके पर पीओ एके दिवाकर, एसीसी सदस्य द्वारिका सिंह,रामानंद प्रसाद,रंजीत कुमार विमल, विजय कुमार दास ने संयुक्त रूप से किए। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रामजीवन पांडेय प्रथम दिन योग करने की सबसे सरल विधि से शुरूआत की। योग और स्वदेशी पर अपनी विचार दिए।

# कोयले की तस्करी निर्बाध गति से जारी

## सरकार को लगाया जा रहा लाखों का चूना

खबर मंत्र संवाददाता


अवैध कोयला लोड कर ले जाते ट्रक

**चरही।** क्षेत्र के चनारो, इंद्रा चुरचू और आंगो थाना क्षेत्र में अवैध कोयले की तस्करी अवाध गति से जारी है। सूत्र बताते हैं कि इस तस्करी में पुलिस,कोयला तस्कर और उग्रवादियों संगठन के गठजोड़ के कारण तीव्र गति से चल रहा है। इस काले हीरे के धंधे में लोग माला-माल हो रहे हैं। दोनों थाना क्षेत्र से प्रतिदिन 10 से 15 ट्रक कोयले की तस्करी तस्करों द्वारा किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि उपर के कई सफेद और खाखी पोश के निर्देश पर इस धंधे को गति दिया जा रहा है। सूत्रों को माने तो कोयला तस्करी के लिए कोयले की आपूर्ति सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ, तापीन नार्थ, ब्लॉक न.23,42,44, परेज, दुरू कसमार, करमाबेड़ा, जोराकाठ, चपरी, गोण्डलपुरा, परेज, केदला, लइयो, कोतरे वन क्षेत्र, बसंतपुर और चरही रेलवे साइडिंग सहित कई क्षेत्रों से साइकिल,मोटर साइकिल और ट्रैक्टर के माध्यम से जंगली रास्ते होते हुए उपरोक्त स्थानों में कच्चे कोयले को आपूर्ति किया जा रहा है। जहां पर बनाये गए डिपू से ट्रकों के माध्यम से कोयले को चरही में बनाये जा रहे कोयले के नकली कागजातों के सहारे बिहार और यूपी के कोल मंडियों में कोयला तस्कर कोयले को बेखौफ भेज रहे हैं। उपरोक्त क्षेत्रों से प्रतिदिन संध्या होते ही दर्जनों साइकिल,बाइक और ट्रैक्टर अवैध धंधे में लग जाते हैं।कोयला तस्कर कोयला को आपूर्ति करने के लिए 42 नंबर निवासी दिलीप राम नामक व्यक्ति को अधिकृत किया है। इसी तरह से कई आपूर्ति कर्ता हैं,जो अलग-अलग जगहों पर अवैध कोयले को आपूर्ति करने में लगे हुए हैं। इतना ही नहीं कोयला तस्कर बंद पड़े सीसीएल के खदानों से अवैध उत्खनन कर कोयले को आपूर्ति कर रहे हैं।इस अवैध धंधे से राज्य और केंद्र सरकार को कोयला तस्कर प्रतिदिन लाखों रुपयों के चुना लगा रहे हैं।

## राष्ट्रीय कवि संगम रामगढ़ जिला इकाई की मासिक गोष्ठी संपन्न



गोष्ठी में उपस्थित कवि व साहित्य प्रेमी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कवि संगम रामगढ़ जिला इकाई की मासिक गोष्ठी का आयोजन समाजसेवी विकास झा और राष्ट्रीय कवि संगम की समर्पित अधिकारी प्राची झा के आवास पर आयोजित हुई। सर्वप्रथम मां शारदे की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद नन्ही परी प्रसिद्धि झा ने मां की वंदना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महामंत्री सरोज झा और प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश नाजुक की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में आदर्श कलोनी के सभी साहित्य प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कवियों ने अपने काव्य पाठ व रचनाओं से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इससे पूर्व वरिष्ठ साहित्यप्रेमी सदानंद गोस्वामी ने प्रांतीय महामंत्री सरोज झा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं अमरेंद्र झा ने राकेश नाजुक को आशीष के साथ-साथ भरपूर सम्मान दिया। काव्य पाठ करने वालों में अवध प्रसाद, सीताराम प्रसाद, अनिल सिन्हा, मीनू झा, संदीप पाठक, आदित्य ठाकुर, रजनी गुप्ता, शौर्य प्रतीक किशन आदि शामिल थें। मौके पर एकके राय, रूपेश सिंह, ज्योति सिन्हा, अवधेश सिन्हा, राकेश सिंह, अरविंद सिंह, संजय मिश्रा आदि साहित्य प्रेमी मौजूद थें।

# स्वाधार गृह से चार नाबालिग समेत सात युवतियां फरार

## महिला गार्ड कोमा कुमारी को बनाया बंधक

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के कल्लू चौक-नुरा रोड स्थित स्वाधार गृह से चार नाबालिग समेत सात युवतियां फरार हो गयी। घटना सोमवार की देर रात एक बजे की बताई जा रही है। इस संबंध में स्वाधार गृह की अधीक्षक पूनम साहू ने लोहसिंगना थाने में आवेदन दिया है। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने भी की है। बताया जाता है कि स्वाधार गृह की महिला गार्ड कोमा कुमारी को बंधक बनाकर मुख्य दरवाजे से सातों आरोपी फरार हो गईं। इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाशी के लिए पुलिस को आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। फरार


स्वाधार गृह

आरोपियों में चार नाबालिग किशोरियां और तीन बालिग युवतियां शामिल है। ये सभी टाटीझरिया, पतरातू, बड़कागांव, केरेडारी, बरही और दिल्ली की रहनेवाली है। स्वाधार गृह में फिलहाल 14 आरोपी रह रही हैं, जिनकी सुरक्षा में तीन महिलाएं सेवारत हैं। मिनिस्ट्री ऑफ वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट के तहत समर्पण संस्था स्वाधार गृह चला रही हैं। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु की पीड़ित युवतियों और महिलाओं के लिए पुनर्वास व आश्रम के साथ भोजन, कपड़ा, स्वास्थ्य जांच, आर्थिक मदद और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से वारदात की सुराग खंगालने की तैयारी में जुटी है।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का हुआ स्वागत

खबर मंत्र संवाददाता


पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

**बरही।** बरही चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू, भाजपा नेता अर्जुन साव ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक मनीष जायसवाल का गुलाब फूल व माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, अंबिका सिंह, अर्जुन साव, गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, भगवान केशरी, शैलेन्द्र सिन्हा, नागेंद्र सिंह, मनोज साव, समशेर आलम, प्रकाश यादव, विक्की सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हेसालौंग पंचायत में बिजली विभाग के रवैये को लेकर लोगों रोष

**गिद्दी।** कुजू के एसडीओ बिजली विभाग की मनमानी रवैये को लेकर हेसालौंग पंचायत के अशोक कुमार साहू और सुरेंद्र प्रसाद साहू ग्रामीण में काफी आक्रोश में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मीटर में अंकित यूनिट के अनुसार बिजली बिल जमा किये जाने के बावजूद बिजली का कनेक्शन काट दिया गया। बिजली विभाग कुजू सबडिवीजन के एसडीओ हरिमोहन चौधरी से जब इस बावत अशोक कुमार साहू और सुरेंद्र प्रसाद साहू के द्वारा पूछा गया तो एसडीओ श्री चौधरी का कहना है कि आपके पिता सेवालाल साहू के द्वारा एचएलडी 00022न. से बिजली कनेक्शन लिया गया था। जिसका 6095 रुपया बकाया है,जबकि उपभोक्ता का कहना है कि 26अगस्त2020 को अपने पिताजी के नाम से भुगतान कर दिया गया साथ ही उनके नाम से कनेक्शन काटने के बावत लिखकर बड़ा बाबू को दिया गया था. और उसका रिसीविंग भी है। जिसका साक्ष्य मौजूद है। जबकि अभी कनेक्शन जो कटा गया है उसका न.एसएयूडीएक्स 1786 अशोक कुमार साव के नाम से है एवं एजीजेवाईएचएल 0063 सुरेंद्र प्रसाद साहू के नाम से है। इस मनमाने रवैये के विरुद्ध जिला पार्षद डाड़ी भाग एक के सर्वेश कुमार सिंह ,उपमुखिया माणिक यादव, विकास प्रसाद, दिनेश प्रसाद ,सुरेंद्र प्रसाद ,शक्ति कुमार में काफी रोष है। उनलोगों का मानना है कि एसडीओ के इस मनमानी पूर्ण रवैया को देखते हुए जोरदार आंदोलन करने का मन बनाया जा रहा है। जिसके जिम्मेवार खुद एसडीओ कुजू सब डिवीजन होंगे।

## नव प्राथमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बासल (रामगढ़)।** सांप्रदायिक सद्भाव के लिए राष्ट्रीय प्रतिष्ठान (एनएफसीएच) हर साल 19 से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान का आयोजन करता है। यह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच शांति, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसी कड़ी में पीभीयूएन लिमिटेड के तत्वावधान में मंगलवार को नव प्राथमिक विद्यालय बलकुदरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा मन को विविधता में एकता के बारे में बताना था। साथ सफल छात्र-छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। साथ ही बच्चों में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। मौके पर पीभीयूएन के पदाधिकारियों ने कहा कि उक्त कार्यक्रम पीवीयूएन के अभियान 'चलो स्कूल चले' का हिस्सा था।

# मेरु बीएसएफ रोजगार मेले में 254 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



नियुक्ति पत्र लेते अभ्यर्थी

**हजारीबाग।** हजारीबाग मेरु स्थित बीएसएफ सीमा प्रिया हॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार मेले का ऑनलाइन उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री अपने भाषण में कहा कि रोजगार मेले में देश के 45 शहरों में 71000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र आज दिए जा रहे है। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले महीने केंद्र सरकार 75000 नियुक्ति पत्र बांटे थे। केंद्र सरकार हमेशा मिशन मोड में काम कर रही है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक विकसित देश होगा। अभी सरकार दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य पर काम कर रही है। मेरु बीएसएफ रोजगार मेले में 254 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया जो भिन्न-भिन्न क्षेत्र जैसे बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, रेलवे टेक्नीशियन, बोकारो स्टील प्लांट, रेलवे, एम्स, आसाम राइफल्स, बैंक, इत्यादि से थे। मेले में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी, बीएसएफ आईजी पीएस बैश, सदर विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल, हजारीबाग मेयर रोशनी तिर्की, बीएसएफ के अधिकारीगण, सैकड़ों नियुक्ति पत्र पाने वाले युवा एवम उनके अभिभावक मौजूद थे।

एक नजर में

### ताला तोड़ कर नकद समेत लाखों रुपये मूल्य के जेवरात व सामान की चोरी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत कूजू कुंदरिया बांध में चोरों ने एक बंद आवास का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान चुरा ले गए। भुक्तभोगी कुजू कुंदरिया बांध निवासी कमलेश प्रसाद पिता तापेश्वर साव द्वारा कुजू ओपी पुलिस को लिखित सूचना के अनुसार 19 नवंबर को अपनी पत्नी संगीता देवी को लेकर वे इलाज के लिए हजारीबाग गए थे।इसी बीच सोमवार 21नवंबर की रात चोरों ने आवास के तीन ताला व आलमीरा को तोड़कर 16 हजार रूपए नकद 60 ग्राम सोना व 500 ग्राम चांदी के आभूषण समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली। चोरी गए आभूषण सहित सामानों की कीमत लगभग चार लाख रूपए आंकी गई है। भुक्तभोगी ने कुजू ओपी पुलिस से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### छेड़-छाड़ के मामले में युवक घायल

**कुजू।** सीसीएल कुजू साइडिंग में गत 20 नवंबर की रात द्वितीय पाली में घटित घटना के बाद अस्पताल में इलाजरत घायल सुरक्षा गार्ड राजकुमार महतो ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन देते हुए पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। दिए गए आवेदन में सुरक्षा गार्ड राजकुमार महतो ने कहा है कि गत 20 नवंबर को दूसरी पाली में मैं कुजू साइडिंग में ड्यूटी पर तैनात था। रात करीब सवा आठ बजे भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष साइडिंग से कोयला ले जाने लगे। उन सबों को समझा बुझा रहे थे कि इसी बीच रात करीब साढ़े आठ बजे कैली देवी पति विनोद मेहता, कोयला माफिया दूबे जी के ग्रुप के 25-30 लोग कुल्हाड़ी एवं डंडा लाठी लेकर वहां आ धमके। स्थिति को देखते मैं सहायता के वहां ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा प्रहरी राजेश कुमार महतो तथा विकास दूसाध को बुलाया। इसी दौरान उक्त सभी लोग मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में मेरे सिर व शरीर के अन हिस्से में गंभीर चोटें आई। लहुलुहान हालत में इलाज के लिए मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजकुमार महतो ने कुजू पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में खैरा पंचायत बना विजेता



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत अंर्तगत मध्य विद्यालय बेडमक्का प्रांगण खेल मैदान में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमन्त्रण फुटबॉल टूनामेंच का आयोजन चारो पंचायत के मुखियाओं ,पंचायत सेवक के द्वारा राष्टीय गीत एवं फुटबॉल को किक मार आरंभ किया गया। खेल मैदान में खैरा, डूमर,झरपो,धर्मपुर पंचायत के टीम शामिल हुवे। जिसमे चारो पंचायत के खिलाड़ीयो ने बारी बारी से एक दूसरे टीम के साथ खेला। जिसमे से चारों टीम खेलने के बाद खैरा पंचायत टीम ने 2 गोल से डूमर टीम के खिलाड़ियों से जीत हासिल किया। जो फाइनल मैच 23 को होने वाले होलंग खेल मैदान में शामिल होंगे। मौके पर झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, डूमर पंचायत मुखिया ममता देवी, धर्मपुर पंचायत मुखिया कांति देवी, अर्जुन कु.रवि,सुजीत रजक,राजेन्द्र रजक समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराता रहेगा रोटरी क्लब : प्रवीण शर्मा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, पतरातु में रोटरी क्लब अफ भुरकुंडा और डिवाइन ओंकार अस्पताल रामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 63 मरीजों की आंख जांच की गई। इसमें 12 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। इन सभी का टायर मोड़ स्थित ओंकार आई हस्पिटल रामगढ़ में निशुल्क अपरेशन किया जाएगा। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करता है जो आगे भी जारी रहेगा। लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के प्रति रोटरी क्लब दृढ़संकल्पित है। श्री शर्मा ने कहा कि आंख शरीर का अनमोल रत्न है, इसकी देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पतरातु गुरुद्वारा के प्रधान रंजीत सिंह , कावलजीत सिंह, अजय गोयल, विजय कुमार का विशेष योगदान रहा।

### गरीब-जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा : मनोज सिन्हा



**भदानीनगर (रामगढ़)।** दिवंगत पत्रकार मुकेश कुमार जिज्ञासु की पहली पुण्यतिथि पर मंगलवार को भदानीनगर स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप ग्लास फैक्ट्री में गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. मुकेश कुमार जिज्ञासु के तस्वीर पर माल्र्यापण कर की गई। इसके बाद स्व.मुकेश जिज्ञासु के भाई सह समाजसेवी मनोज सिन्हा उर्फ टिंकु सिन्ना व संगीता सिन्हा ने दर्जनों गरीबों के बीच भोजन का वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मनोज सिन्हा उर्फ टिंकु ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से आत्मसंतुष्टि तो मिलती ही है यही इंसानियत व मानव धर्म भी है। श्री सिन्हा ने कहा कि आगे भी गरीबों की सेवा के लिए सिन्हा परिवार हर सार्थक कदम उठाता रहेगा।

### युवाओं को ट्रेनिंग देकर सेना के लिए तैयार करना होगा लक्ष्य : सूबेदार एचएन यादव



भुरकुंडा। भदानीनगर के कोल कंपनी में युवाओं ने सुबेदार एचएन यादव के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्तरी पूर्वी क्षेत्र के पूर्व संघ संचालक सिद्धनाथ सिंह व भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। समारोह में सिद्धनाथ सिंह ने सुबेदार एचएन यादव को शल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बुके देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि देश के सैनिक जब शरहद पर ड्यूटी बजाते हैं तब देशवासी अपने-अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने कहा की सैनिक के रूप में देश की सेवा करना अपने आप में गर्व की बात है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी की प्रबंधकीय समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा समीर कुल्लू द्वारा उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों को प्रबंधकीय समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी दी गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से डीएमएफटी के तहत राजस्व संग्रहण को लेकर हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

प्रबंधकीय समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ के जीर्णोद्धार/निर्माण कार्य, शनिचरा हाट में विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया । उन्होंने पटेल चौक स्थित ट्रामा सेंटर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू के राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप होने के मद्देनजर किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति हेतु सुविधाओं की जानकारी लेते हुए 247 स्टैंडबाई मॉड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ मांडू प्रखंड में सामुदायिक भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट के निर्माण, एमटीसी वाहन, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं, कुपोषित बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं, जेएसएलपीएस के तहत विभिन्न लघु उद्योगों की स्थापना सहित अन्य विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

स्पीड न्यूज

## खरता में चना बीज का वितरण



**कैरो।** सरकार के निर्देशानुसार बीज विनिमय एवं वितरण कार्यक्रम के तहत जिला कृषि विभाग सह आत्मा के माध्यम से प्रखंड के खरता में मंगलवार को प्रत्यक्षण के लिए किसानों के बीच प्रति किसान पंद्रह एवं तीस किलो के हिसाब से चना बीज का वितरण किया गया।पंचायत के उप मुखिया जगबंधन भगत ने चना बीज बांटा। श्री भगत ने कहा कि सरकार द्वारा जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा किसानों को निशुल्क चना बीज वितरण करने से धान में हुई नुकसान का भरपाई के साथ आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कार्तिक महली,कृषक मित्र मृत्युंजय कुमार तिवारी, किसान मंगलदेव टाना भगत, गुरमुख टाना भगत, सानिया टाना भगत, मुन्नी उराईन, सुनीता उरांव, खुदी उरांव, तिजुवा उरांव, तिला उरांव, तेतरी उरांव, मिर्जा उरांव, संतोष भगत, विराज महतो, बुल्लू महतो, जुगल साहू, मंगरी उराईन, जगरनाथ उरांव, चरकु उरांव, मनिया उरांव, जलहि उरांव, राजेन्द्र उरांव, सबिता उरांव, कैली उरांव सहित किसान लाभुक मौजूद थे।

## भंडरा मेन रोड का ट्रांसफार्मर जला

भंडरा। भंडरा मेन रोड में 5 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली विभाग के कर्मियों का कहना है कि भंडरा मेन रोड का ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुआ है। भंडरा मेन रोड के बिजली आपूर्ति बाधित होने से डाक बंगला भंडरा, पोस्ट ऑफिस , बैंक ऑफ इंडिया भंडरा,भारतीय स्टेट बैंक, गैस एजेंसी , प्रज्ञा केंद्र के साथ-साथ अन्य कई आवश्यक सेवा प्रभावित हो रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से मेन रोड के लोगों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली से संचालित सभी दुकान, व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में बिजली कर्मियों का कहना है कि विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने का आदेश नहीं मिला है। विभाग द्वारा आदेश दिए जाने के बाद ट्रांसफर मिलने पर ट्रांसफार्मर बदला जाएगा।

## भाजपा की जनआक्रोश रैली आज

लोहरदगा। भाजपा की जिला स्तरीय आक्रोश रैली बुधवार को निकाली जाएगी। रैली में पार्टी के कार्यकर्ता, राष्ट्रीय एवं प्रदेश के नेता,जिला के नेता, जिला के पदाधिकारी गण मंडल के सभी पदाधिकारी गण, सभी मोर्चा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्तागण सुबह 11:00 बजे से ब्लॉक मोड़ के समीप एकत्रित होगें।तत्पश्चात प्रारंभिक स्थल से समहरणालय में उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व माननीय राज्यसभा सांसद समीर उरांव ,क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद सहित प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## अग्निपथ को लेकर जागरूकता शिविर

लोहरदगा।अग्निपथ के अंतर्गत भारतीय वायु सेना में भर्ती के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को बीएस कॉलेज लोहरदगा में किया गया। इस कार्यक्रम में 10 वायु सेना केंद्र, बिहटा, पटना (बिहार) से आये भर्ती अधिकारियों मुन्नालाल प्रजापति और मनोज बंजारा द्वारा अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत भारतीय वायु सेना में चल रही भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वायु सेना में भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 नवंबर 2022 है। यह अग्निपथ स्कीम के तहत पहला बैच होगा जिसमें भर्ती हो रही है। जो युवा अविवाहित हैं और उनका जन्म 27.6.2002 से 27.12.2005 के बीच हुआ हो, इसमें आवेदन कर सकते हैं।

## पीएचसी का ट्रांसफार्मर जला, परेशानी

**भंडरा।**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा का ट्रांसफार्मर पिछले सप्ताह से जला हुआ है जिसके कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों चिकित्सा कर्मियों को कई परेशानी हो रही है।बिजली नहीं रहने के कारण कई आवश्यक सेवा भी प्रभावित हो रहा है। इस बारे में स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि बिजली ट्रांसफार्मर जलने की सूचना विभाग के कर्मियों को दे दी गई है परंतु अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बिजली ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। बिजली नहीं रहने से कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## सरकार कर रही जनता का विकास



**किस्को/लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी की अगुवाई में झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह ग्राम का दौरा कर जन समस्याओं को सुना। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आम आवाम की सरकार है। कहा हेमंत सरकार आपकी समस्याओं को ससमय निराकरण कराने में अहम भूमिका निभाने का काम कर रही है जिसका लाभ आप तक पहुंच रही है। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार गांव टोला मुहल्ला के विकास और राज्य के सवा तीन करोड़ जनता के विकास को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने लोगों को बकरी पालन,गाय पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, आवास योजना, पेंशन योजना, सुकर पालन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बढ़ चढ़कर योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस बीच ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के समक्ष कई अन्य प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया जिसपर यथाशीघ्र पहल कराये जाने की बात जिलाध्यक्ष ने कही।

# सरकार के संरक्षण में चल रहा बालू माफियाओं का राज : मुंडा

### खनिज पदार्थों को बिना अनुमति भेजा जा रहा बंगला देश व चीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **भाजपा की जन आक्रोश रैली में केंद्रीय मंत्री ने वर्तमान सरकार पर बोला हमला, कहा- सीएम का विधायक प्रतिनिधि करोड़ों रुपये का बेच रहा है अवैध खनिज**



**गुमला में जनाक्रोश रैली को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।**

गुमला। केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड सरकार बिना किसी अनुमति के राज्य के खनीजों को बंगला देश व चीन भेज रही है। जिसे पूरे राज्य में भ्रष्टचार को बढ़ावा मिल रहा है। जिस मुख्यमंत्री का प्रतिनिधि हजार करोड़ का अवैध उत्खन्न कर खनिज बेच रहा है। उस राज्य का भला कैसे हो सकता है। जबकि राज्य की जनता को पीएम आवास बनाने के लिए भी बालू नसीब नहीं हो रहा है। सरकार के संरक्षण में चल रहा बालू माफियाओं का राज।

श्री मुंडा मंगलवार को जिला भाजपा के द्वारा कचहरी परिसर में आयोजित जिला स्तरीय जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन संसाधनों का उपयोग राज्य व देश की तरीकी के लिए होना चाहिए था उसका दुरूपयोग कर राज्य सरकार के संरक्षण में माफिया फल फुल रहे हैं। जनता सरकार के कारनामों को देख रही है। जनता इसका जवाब समय आने पर देगी। लेकिन भाजपा सरकार को राज्य के संसाधनों का दुरूपयोग करने नहीं देखेगी और सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

श्री मुंडा ने कहा कि राज्य के लोगों का संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। वर्तमान राज्य सरकार के शासन काल में आम जनता सुरक्षित नहीं है। लोगों की जमीने लूटी जा रही है। थानों में गलत आरोप लगाकर जेल भेजा जा रहा है। बहन बेटियों के साथ लगातार दुष्कर्म हो रहा है। वर्तमान सरकार के कारण झारखंड गठन का सपना साकार नहीं हो रहा है। जिस उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य दिया था वह सपना अधूरा लग रहा है। आज भी वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों को खनन पट्टा का अधिकार नहीं मिल रहा है।

श्री मुंडा ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था पर भी हमला करते हुए कहा कि प्रशासन पदाधिकारी भाजपा नेताओं की बात नहीं सुनते हैं लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद उनका क्या होगा। पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता को सब्जबाग दिखाकर सत्तासीन हुई है लेकिन जनता से किये वादे पूरा नहीं हुआ है। राज्य में परामर्शदात्री समिति के बिना अनुमित के कार्य किये जा रहे हैं। राज्य के संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान किया जा रहा है। ऐसी सरकार को हमें उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इससे पूर्व पालकोट रोड से भव्य जन आक्रोश रैली निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कचहरी परिसर पहुंची। कार्यक्रम को भाजपा नेता प्रवीण सिंह, जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधकिारी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, विनय कुमार लाल, भिखारी भगत, विनोद सिंह, अशोक उरांव, भूपन साहु, विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, निर्मल गोयल, कौशलेंद्र जमुवार, बिपिन बिहारी सिंह, संजय सिंह, सुजीत नंदा, नीतेश प्रिंस, शैल मिश्रा, शकुंतला उरांव, गायत्री देवी, सावित्री मेहता, ज्योति वर्मा, सीतामुनी उरांव, भोला चौधरी, बालकेश्वर सिंह, दामोदर कसेरा, सत्यनारायण पटेल, संजय साहु, अनिरूद्ध कुमार, राम अवध साहु आदि उपस्थित थे।



**गुमला में भाजपा की जनआक्रोश रैली में उमड़ी महिलाओं की भीड़।**

## भंडरा में कई शराब भट्ठी ध्वस्त

भंडरा। भडरा सप्ताहिक मंगल बाजार में उत्पाद विभाग एवं भंडारा पुलिस ने चुलईया दारू एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया ।इस क्रम में संयुक्त कार्रवाई को देखते हुए शराब विक्रेता शराब छोड़ कर बाजार से भाग खड़े हुए।

शराब विक्रेताओं द्वारा शराब छोड़ कर भागने के बाद पुलिस कर्मियों द्वारा शराब को नष्ट कर दिया गया। ज्ञात हो कि इस छेत्र में सभी सप्ताहिक बाजारों में अवैध चुलाईया दारु ,शराब हदीया बेचा जाता है। जिसके कारण शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब के कारण अपराधियों का भी जमावड़ा बाजारों में होता है ।पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई कि लोगों के द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी सरकार की देन : विजय सिंह

### गुमला में झारखंड नवनिर्माण दल का कैडर कन्वेंशन संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल का कैडर कन्वेंशन गुमला स्थित परिसदन भवन में वरिष्ठ महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में हुई। कन्वेंशन में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जनविरोधी सरकार का देन है । केंद्र व राज्य सरकार के पास ऐसी समस्या से आम जनता को निजात दिलाने के लिए कोई नीति नहीं है। जिसके खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की बात श्री सिंह ने कही। उन्होंने जिले में जागो अभियान को तेजी से बढ़ाते हुए दल के केंद्रीय समिति द्वारा मजदूर किसानों की समस्याओं को लेकर रांची राजभवन के समक्ष 13 दिसंबर को धरना एवं 28 फरवरी को रांची में विशाल महापंचायत की तैयारी का लेकर अभी से जुटने की भी अपील कार्यकर्ताओं से की है। पुष्पा उरांव ने कहा कि राज्य में महिला उत्पीड़न की घटना बढ़ी है। जिसके खिलाफ 4 दिसंबर से जागो अभियान के तहत गुमला में आंदोलन शुरू करने की बात कही । कन्वेंशन को प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह , अजीत विश्वकर्मा, सरिता देवी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कन्वेंशन में भ्रष्टाचार के खिलाफ व जिले की जन समस्याओं को लेकर 28 नवंबर को जिला मुख्यालय में चेतावनी कार्यक्रम , गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान को आगे का निर्णय लिया गया। कन्वेंशन में आदित्य सिंह , प्रकाश उरांव , अजीत विश्वकर्मा , शिव प्रसाद साहू , शंकर उरांव , शुभन उरांव, फबयानुस सारस , भूषण सिंह, ललन साहू , गोपेश्वर गोप ,रमेश यादव, फिलमोन कुजूर , पूरन सिंह, प्रशन साहू , सहित दल से जुड़े विभिन्न मंच मोर्चा के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर पद से हटाये गये दिव्यांग ने डीडीसी से लगायी नौकरी देने की गुहार



**गुमला।** घाघरा निवासी दिव्यांग सुशील उरांव ने उप विकास आयुक्त हेमंत सती को ज्ञापन सौंपकर नौकरी दिलाने की मांग की है। सुशील ने बताया कि वह दिव्यांग है और उसके पिता की अपराधियों के द्वारा हत्या किये जाने के बाद घाघरा प्रखंड में उसे कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी दी गई थी। जिसके बाद वह लगातार पांच साल से कंप्यूटर ऑपरेटर पद कार्य करता रहा। परंतु तीन माह पूर्व राइडर कंपनी को कार्यभार मिलने पर से ऑपरेटर पद से हटा दिया गया और उसको छोड़कर छः ऑपरेटरों का चयन कार्य के लिए किया गया। उसने कहा कि वह दिव्यांग है और घर परिवार वही चलाता है। काम छुटने से उसका परिवार आर्थिक तंगहाली से गुजर रहा है। सात माह का मानदेय का भी भुगतान नहीं किया गया है। पत्नी भी शारीरिक रूप से कमजोर है। जो कोई का नहीं कर सकती है। डीडीसी से पुनः कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर बहाल किये जाने की मांग की। डीडीसी ने घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप से दूरभाष पर बात कर तत्काल सुशील को काम देने का निर्देश दिया।

## लोहरदगा में मिला युवती का शव

**लोहरदगा।** 19 साल की एक लड़की का तेजाब से जला हुआ शव बरामद हुआ है। सदर थाना क्षेत्र के भक्सो खखसीगड़ा में लड़की को शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। इधर इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि हत्या के पहले लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को सबसे पहले ग्रामीणों ने देखा जो इस क्षेत्र में गाय बैल चराने गए थे।



**शव को देखते एसडीपीओ।**

# जिप सदस्य से लेवी मांगने वाला गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **इंस्पेक्टर ने किया मामले का खुलासा, चचेरा भाई एक अन्य व्यक्ति से मिलकर नक्सली के नाम पर मांग रहा था लेवी**



**जारी।** जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक से बीस लाख लेवी की मांग करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। लेवी जिप सदस्य के चचेरा भाई अमित चीक बड़ाईक ने मांगी थी। इस संबंध में इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया जारी प्रखंड जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक को 15 नवंबर को एक लिफाफा जारी थाना के ग्राम श्रीनगर निवासी विनय प्रताप सहदेव के द्वारा दिया गया। विनय प्रताप से पूछने पर बताया गया है कि इस लिफाफा को चैनपुर बाजार डाड़ स्थित मुर्गा विक्रेता मुनेश्वर साहू ने दिया है। लिफाफा को खोलने पर उसमें हरा रंग का भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन का लेटर पैड में धमकी भरा पत्र लिखा गया है। जिसमें 19 से 20 लाख रुपए की मांग की गई और नहीं देने पर परिवार को बर्बाद करने की धमकी दी गई थी। पत्र भेजने वाले से पूछने पर बताया गया कि इस पत्र को मजदूर करने वाला व्यक्ति ने दिया गया। पत्र देने वाले अरवा उर्फ सागर से पूछताछ करने पर बताया कि जिप सदस्य का चचेरा भाई अमित चीक बड़ाईक ने वह पत्र दिया था। अमित चीक बड़ाईक को पूछताछ के लिए पता लगाया गया तो वह फरार था। 17 नवंबर को मोबाइल नंबर 90652 49976 से दिलीप बड़ाईक के मोबाइल नंबर 93084 03827 में फोन कर पत्र में वर्णित बातों का जिक्र करते हुए 19 से 20 लाख रुपए की मांग लगातार किये जाने लगा और नहीं देने पर बर्बाद कर देने की धमकी देने की बात कही गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल का गठन करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपना दोष स्वीकार करते हुए कांड को अपने साथी चंद्रदेव सिंह थाना मनिका जिला लातेहार के साथ मिलकर अंजाम देने की बात कही गई। चन्द्रदेव सिंह पिता लखन सिंह थाना मनिका जिला लातेहार की गिरफ्तारी हेतु काफी प्रयास किया गया जो लेवी मांगी जा रही मोबाइल नंबर 90652 49976 को लेकर फरार है। छापामारी दल मे थानेदार अनन्त कुमार शर्मा, पुअनि अजय रजक, पुअनि देवानंद राणा सहित जारी थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## विशुनपुर प्रखंड में भारत जोड़ो पदयात्रा कल



**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक पाड़हा भवन में प्रखण्ड अध्यक्ष राजू भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश डेलिगेट सह भारत जोड़ो यात्रा प्रभारी बाबी भगत एवं बिशुनपुर प्रभारी राजनील तिग्गा उपस्थित थे। बैठक में 24 नवंबर को प्रखंड में होने वाले भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई। पदयात्रा प्रभारी बाबी भगत ने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, एवं देश में बढ़ती भेद भाव,एवं समप्रदायिकता के विरोध में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी जो जतरा टाना भगत समाधी स्थल से प्रारंभ हो कार्तिक उरांव के स्मारक के पास समापन होगी। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। राजनील तिग्गा ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को पदयात्रा को सफल बनाने में सहयोग करना है । बैठक में मुख्य रूप से चन्द्र लोहरा,संजय बाड़ा,बंधन उरांव,जय सिंह, सुरेश बड़ाइक,सुधवा नागेसिया, सुरजन बिरहोर, रविन्द्र लोहरा,शिवा खेरवार दीपक तिर्की, प्रमोद टोप्पो,कमल टाना भगत,जोगेन्द्र भगत, महावीर उरांव,मदन उरांव,बिरेन्द बाड़ा इत्यादि उपस्थित रहे।

## चैनपुर में हुई हैलीकॉप्टर की ट्राई लैंडिंग



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर एवं टांगों गांव में मंगलवार को बारी-बारी से हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग की गई। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के अधिकारी, जवान एवं पुलिस तैनात रहे। सर्वप्रथम लगभग एक बजे हेलीकॉप्टर संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के खेल मैदान में ट्रायल लैंडिंग की। जिसके तुरंत बाद वहां से हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरकर छतरपुर गांव स्थित अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज स्टेडियम में ट्रायल लैंडिंग की। जमीन में कुछ मिनट रुकने के बाद ही वापस लौट गई। इस संबंध में सीआरपीएफ बी 26 बटालियन के सहायक कमांडेंट एम के चौरसिया ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद पहुंचाने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग की जा रही है। यह पहली ट्रायल लैंडिंग है। जरूरत पड़ने पर फिर से आसानी से तुरंत लैंडिंग की जा सके। वही हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग को देखने को लेकर स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों की भारी भीड़ देखने को मिली। उन्होंने हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की तस्वीर लोग अपने अपने मोबाइल से ली पर सुरक्षा के मद्देनजर आम पब्लिक को हेलीपैड ग्राउंड से दूर ही रखा गया था। मौके पर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव,थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह,एसआई कपुल दीपक नाग, ए एस आई मदन शर्मा सहित कई जवान उपस्थित रहे।

## छात्राओं को दी गई फैशन डिजाइनिंग की ट्रेनिंग



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल पर घाघरा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कौशल विकास और उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत बच्चियों को फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करवाया जा रहा है। 200 घंटे के कौशल विकास कायक्रम में इस विद्यालय की करीब 60 से अधिक छात्राएं फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहीं हैं।

## सहियाओं का इंडक्शन माड्यूल प्रशिक्षण शुरू



गुमला। जिला स्वास्थ्य समिति गुमला के तत्वाधान में चेटर स्थित धीरजचन्द्र स्मृति भवन में स्वास्थ्य सहियाओ का पांच दिवसीय इंडक्शन माड्यूल प्रशिक्षण मंगलवार से आरंभ हुआ। प्रशिक्षण का उदघाटन जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री अभिनित आनंद ने किया। मौके पर श्री आनंद ने कहा कि सहियाओं को क्षमतावर्धन के लिए समय समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण से सहिया बहनों को मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु कम करने में दक्षता हासिल होगी। राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) रामाकांत सिंह ने कहा कि सहिया बहनों को पांच दिनों तक प्रशिक्षण देकर उनके दैनिक कार्यों की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। प्रशिक्षण बीटीटी रोजालिया कुजूर और सिलवंती मिंज ने दी। इस प्रशिक्षण में सिसई और सदर प्रखंड गुमला की 30 सहिया शामिल हुई। प्रशिक्षण को सफल बनाने में उमा देवी, सुशिला देवी, अनिता देवी, संतोषी देवी, आरती श्रीवास्तव का योगदान रहा।

## एनीमिया और कुपोषण की डीसी ने की समीक्षा



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समर अभियान , एनीमिया , कुपोषण तथा यूडीआईडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कुष्ठ रोग, बौनापन ,सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया के मरीजों का यूडीआईड कार्ड बनाने का निर्देश दिया।उन्होंने 26 जनवरी से पूर्व उक्त मरीजों को चिन्हित करते हुए सभी का शत प्रतिशत यूडिआईडी बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांगों को चिन्हित करने हेतु सिविल सर्जन द्वारा पत्र जारी करतें हुए डॉक्टर की टीम द्वारा उनकी जांच करवाई जाएगी जांच उपरांत यूडिआईडी बनाया जाएगा। जिसके लिए एसडीओ सदर तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उपायुक्त ने एनीमिया व कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। जिसपर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि समर अभियान के तहत सभी चिन्हित घरों में शत प्रतिशत एनीमिया जांच करवा लिया गया है। उपायुक्त ने सभी एनीमिया पीड़ित बच्चों के परिवार जनों का प्रोफाइल तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही परिवार जनों का आयुष्मान कार्ड बनाने तथा उन्हें सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देशित किया । उन्होंने सभी विद्यालयों में ऊंचाई मापक क्रय करने अथवा दीवाल लेखन कराने की बात कही। उपायुक्त ने मिड डे मील में कड़िया पत्ता तथा मूंगे के साग को नियमित रूप से शामिल करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला,एसडीओ सदर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**भंडरा ।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार भवन में ाीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। जिसमें अपूर्ण मनरेगा, पीएम आवास योजना को जल्द से जल्द पूरा करने, मनरेगा में शत-प्रतिशत मानव सृजन करने, आपकी सरकार-आपकी योजना-आपकी द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन का निष्पादन सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। प्रखंड प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी लाभुक को योजना से वंचित नहीं रहे। साथ ही योजना का सही क्रियान्वयन की जिम्मेदारी पंचायत कर्मियों की है। उन्होंने मनरेगा योजना में मानव सृजन में तेजी लाते हुए अपूर्ण योजना को पूरा कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है।

स्पीड न्यूज

## नहीं रहे सत्यानंद योगा सेंटर के उपाध्यक्ष डीपी सिंह



**जमशेदपुर।** सत्यानंद योगा सेंटर, जमशेदपुर के उपाध्यक्ष डीपी सिंह का निधन हो गया है। मंगलवार की शाम अपने आवास कदमा स्थित मंदिर पथ पर सड़क से गुजर रहे थे तभी पीछे से एक बाइक वाले ने टक्कर मार दी। उन्हें आसपास वाले लोग एमजीएम अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी अंत्येष्टि कल पोस्टमार्टम के बाद होने की उम्मीद है। यह जानकारी सेंटर के सचिव मलय कुमार डे ने दी है। बताया कि डीपी सिंह एक प्रशिक्षित योग गुरु थे और उनके आकस्मिक निधन से सत्यानंद योगा केंद्र और उससे जुड़े तमाम लोग शोकाकुल हैं।

## कीताडीह से तीन ब्राउन शुगर सप्लायर धराये



**जमशेदपुर।** मानगो के बाद परसुडीह पुलिस ने ब्राउन शुगर के तीन सप्लायरों को कीताडीह में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार लोगों में परसुडीह के कीताडीह मसजिद रोड के रहने वाले जावेद खान, कीताडीह गाड़ीवान पट्टी के रहने वाले शकील अहमद, परसुडीह मनसा मंदिर निवासी सुरेश यादव उर्फ सन्नी यादव शामिल है। मंगलवार को सिटी एसपी के विजय शंकर ने परसुडीह थाने में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में गिरफ्तार आरोपियों को पेश किया। मौके पर सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता और परसुडीह थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा भी थे।

## चेन छिनतई-गोली मारने के आरोप में दो दोषी करार

**जमशेदपुर।** आठ साल पहले चेन छिनतई का विरोध करने पर कदमा बीएच एरिया रोड नंबर 3 में नाजनीन परवेज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में एडीजे चार राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत ने मंगलवार को बर्मामाइंस रघुवर नगर के रहने वाले जितेंद्र कुमार सिंह और मो.दानिष को दोषी करार दिया है। अदालत सजा के बिंदु पर 26 को सुनवाई करेगी। मामले में कुल 9 की गवाही हुई है। घटना 4 अक्टूबर 2014 की है।

## कल राजभवन पर धरना देंगी जिले की जल सहिया

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य जलसहिया संघ अपनी मांगों झारखंड राजभवन के सामने गत 11 नवंबर से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर है। हर दिन झारखंड से बारी-बारी से दो जिला इकाइयां धरने पर बैठ रही हैं। 24 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम जल सहिया संघ और पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई की ओर से राजभवन के सामने अनशन किया जायेगा। पूर्वी सिंहभूम से हर प्रखंड से जल सहियाओं को रांची ले जाने के लिए संघ की ओर से वाहन का प्रबंध किया गया है। पूर्वी सिंहभूम जिला जल सहिया संघ की अध्यक्ष नीतू सिंह ने बताया कि 24 नवंबर को हमारी टीम हर प्रखंड से अलग-अलग रांची के लिए रवाना होगी।

## सीबीआई के आरोप पत्र को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे आशुतोष कुमार



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इंडो डेनिश टूल रूम के उप महाप्रबंधक आशुतोष कुमार के विरुद्ध सीबीआई के निचली अदालत ने चार्ज फ्रेम कर दिया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद संस्थान के डीजीएम ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि पूर्व में विभाग के चेयरमैन राम मोहन मिश्रा द्वारा सीबीआई के आरोप को निरस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि सीबीआई के रेड के पूर्व ही उन्होंने भारत सरकार के कार्मिक विभाग को विधिवत अपने परिसंपत्तियों का ब्यौरा जमा कर दिया था, जिसमें सभी आय स्रोतों से करीब 2 करोड़ की संपत्ति होने की जानकारी दे चुका था। इसके बावजूद सीबीआई ने महज 1 करोड़ 96 लाख की संपत्ति को अवैध दिखाकर दूसरे चेयरमैन से आरोप की स्वीति लेकर चार्ज फ्रेम कर दिया है।

# गांवों में समय पर मिले बिजली बिल और समय पर आयें डॉक्टर

- ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल समय पर भेजने और स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की समय पर उपस्थिति अनिवार्य करने की मांग
- सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में डीसी, डीएफओ व अन्य पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सांसद विद्युत वरण महतो की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आहूत हुई। इस बैठक में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सुश्री ममता प्रियदर्शी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर श्री रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिनेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला श्री सत्यवीर रजक समेत जिला स्तर के अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे वहीं जनप्रतिनिधियों में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, सभी प्रखंडों के प्रमुख शामिल हुए।

बैठक के दौरान सबसे पहले जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपना फीडबैक दिया। बैठक में बरसात के दिनों में या आंधी तूफान के समय जर्जर बिजली व्यवस्था को लेकर ध्यान आष्ट कराते हुए ठोस पहल करने का सुझाव विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया। विधायक बहरागोड़ा ने कहा कि कई बार सिर्फ गिरे हुए बिजली का तार लगाने के लिए 4-5 दिन का समय लग जाता है, ऐसे में इस समय को कम करते हुए तत्काल 2-4 घंटे में बिजली व्यवस्था बहाल करने को लेकर पहल की जरूरत है। वहीं खराब ट्रांस्फर्मर बदले जाने के लिए बिजली विभाग द्वारा वर्तमान में दिए गए 7 दिनों के समय को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जो समय दिया गया है उसपर अमल किया जाए, कई बार सुदूर क्षेत्रों में ज्यादा समय लग जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ 3-4 महीने का बिजली बिल देने का मामला संज्ञान में लाया गया। उपायुक्त द्वारा विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी मुखियागण को ऊर्जा मित्र की सूची उपलब्ध करायें ताकि उन्हें ससमय बिजली बिल लेने में परस्पर सहयोग मिल सके।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा कुछ विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल सुविधा की अनुपलब्धता पर ध्यान आष्ट कराया गया। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल सूची बनाते हुए 15वें वित्त की राशि से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वैसे सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को सूचीबद्ध करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। खराब चापाकल बदलने को लेकर उपायुक्त द्वारा फोरम को जानकारी दी गई कि नियमित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है तथा उनके स्तर से इसका दैनिक अनुश्रवण भी किया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरी पर बल देते हुए चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का नियमित एवं ससमय सीएचसी व पीएचसी में उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पुतरू टोल प्लाजा में जमीन अधिग्रहण पर ग्रामीणों की भावनाओं से अवगत कराया गया। ग्रामीणों की मांग है कि वर्तमान में जो बाजार दर है उसके अनुसार उनका मुआवजा भुगतान किया जाना चाहिए, जिला प्रशासन द्वारा न्यायोचित कदम उठाने को लेकर आश्वस्त किया गया। सांसद, जमशेदपुर एवं विधायक बहरागोड़ा ने चाकुलिया, पटमदा के क्षेत्र में हाथियों के उपद्रव तथा होने वाले जानमाल की क्षति पर ध्यान आकृष्ट कराया।

### एक्सएलआरआइ में कंसल्टिंग कन्क्लेव-फुलक्रम 2022 का किया गया आयोजन

# तमाम समस्याओं के निदान का नाम है कंसल्टेंसी, लाभ उठायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अतिथि वक्ता के साथ कंक्लेव के प्रतिभागी।

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के कौटिल्य कंसल्टिंग क्लब की ओर से कंसल्टिंग कन्क्लेव फुलक्रम 2022 का आयोजन किया गया। डिकोडिंग द फ्यूचर ऑफ कंसल्टिंग थीम पर आयोजित इस कन्क्लेव में इंडस्ट्री के कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया।

एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर एस जॉर्ज व एकेडमिक डीन डा संजय पात्रों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान फादर एस जॉर्ज ने सभी को संबोधित करते हुए कंसल्टेंसी को आज के दौर की जरूरतें बतायी। साथ ही आने वाले दिनों में इस क्षेत्र का कितना महत्व बढ़ेगा, इससे जुड़ी बातें भी बतायी। डीन एकेडमिक्स डॉ संजय पात्रो ने बताया कि कैसे डिजिटल युग में चीजें पूर्व की तुलना में तेजी से बदल रही है। उन्होंने कंसल्टेंसी के क्षेत्र में इंडस्ट्री में संभावनाओं से जुड़ी जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद असेंचर के टेक स्ट्रेटेजी एंड एडवाइजरी के एमडी गणेशन रामाचंद्रण ने कहा कि कंसल्टेंसी वह विद्या है जिसके जरिये हम अपने क्लाइंट की सभी समस्याओं का हल करते हैं। साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में भी विशेषज्ञता हासिल करने पर बल दिया। कहा कि अब जैक ऑफ अल ट्रेड्स, मास्टर ऑफ नन का कस्पेप्ट नहीं चलने वाला है।

इस दौरान डेलॉइट इंडिया के कंसल्टिंग पार्टनर प्रखर त्रिपाठी ने डिकोडिंग के विषय पर चर्चा की। उन्होंने इंडस्ट्री में विलय व अधिग्रहण किस-किस प्रकार से हो सकते हैं, इससे जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बतायी। इस दौरान जेडएस एसोसिएट्स के चीफ प्रोडक्ट एंड टेक्नोलॉजी ऑफिसर अभिषेक त्रिगुणित ने कंसल्टिंग फर्म में संगठनात्मक रूप से होने वाले बदलावों से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान तीन पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपनी बातों को प्रस्तुत किया।

## एक नजर में

### पोटका : तेतला में देशुआ करम महोत्सव चार को



**जादूगोड़ा।** खेती व प्रातिक पर्व से जुड़ा भूमिज समाज का देशुआ करम महोत्सव आगामी 4 दिसंबर को पोटका प्रखंड क्षेत्र के तेतला गांव में आयोजित की जाएगी जिसको लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। इधर, मौके पर राम दयाल मुंडा आदिवासी शोध रांची के निर्देशक रणेंद्र कुमार को भी आमंत्रित किया गया है। भूमिज समाज का तीन सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल आज बुधवार को सुदर्शन भूमिज, हरीश भूमिज व जयपाल सिंह की अगुवाई में उनसे रांची जाकर मुलाकात की व आमत्रण पत्र सौंपा। कार्यक्रम के आयोजक सिदेश्वर सरदार ने कहा कि इसमें झारखंड समेत उसके सीमावर्ती क्षेत्र उड़ीसा व बंगाल से 50 सांस्कृतिक टीमें हिस्सा लेंगी। वहीं पोटका विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि होंगे।

### हाथी के हमले में मृतक के परिजनों से मिलीं विधायक



**चांडिल।** विधायक सविता महतो ने सोमवार को कुकडू प्रखंड के डाटम में जंगली हाथी के हमले में मारे गये लाल मोहन महतो (10) के परिजनों से मिले और परिजनों को आर्थिक सहायता की। विधायक ने ग्रामीणों के बीच पटाखे व टार्च बांटे। इसी क्रम में विधायक ने कुकडू प्रखंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं बीडीओ को कई दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने छोटा लापंग, बड़ा लापंग, अदारडीह, हाई तिरुल, बुरुडीह, चौका आदरडीह, सहित कई गाँव में टोर्च व फटाखा का वितरण किया। इस मौके पर काबलु महतो, इंद्रजीत महतो, शक्ति पद महतो, नव किशोर हांसदा, सपन महतो, कित्तीवास महतो, पंचानन पातर सहित कई झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### झारखंड में बेहतर प्रदर्शन को ब्यूरो ने कसी कमर

**जमशेदपुर।** संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, कोल्हान प्रमंडल के नवमनोनीत सदस्यता प्रभारी संजय सेकसरिया, विवेक महतो, हीरक घोष, (अनुपस्थित) के साथ सोनारी स्थित ब्यूरो के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभारी सह झारखंड प्रदेश अब्जर्वर रुपेश शर्मा जी के कार्यालय भवन में उनकी अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें प्रदेश डिप्टी अब्जर्वर श्रीकांत देव भी उपस्थित थे। रुपेश शर्मा ने कोल्हान में सदस्यता अभियान के शुभारंभ को लेकर प्रभारियों के साथ चर्चा की तथा बताया की अब सदस्यता फार्म भरने के बाद कम समय में ही सदस्यता कार्ड बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि आज सदस्यता प्रभारियों (4) के बीच सदस्यता फार्म वितरित किए गए। इनके बन ने पर ही कोल्हान स्तर पर सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाना आरंभ हो जाएगा। कोल्हान में सदस्यता अभियान के क्रम में ही प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान प्रभारी भी मनोनीत किये जायेंगे ताकि प्रदेश के प्रत्येक जिलों में सदस्य बनाने का अभियान चलाया जा सके तथा संगठन अन्य प्रदेश से बेहतर प्रदर्शन झारखंड में दे सके।

## कॉर्पोरेट ट्रेनर अमरीन लूथरा ने बताये लक्ष्य निर्धारण व उसे हासिल करने के गुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

अरका जैन विश्वविद्यालय



**जमशेदपुर।** छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के संदर्भ में अरका जैन विश्वविद्यालय सदैव अग्रणी रहा है। विश्वविद्यालय अच्छी तरह से समझता है कि प्रथम वर्ष के छात्रों को अद्वितीय दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इसलिए विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी द्वारा लक्ष्य निर्धारण पर से तक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें लक्ष्य निर्धारण, व्यक्तित्व विकास, आइस ब्रेकिंग, और अन्य संबंधित जानकारी छात्रों के बेहतर भविष्य हेतु दी जायेंगी। इस कार्यशाला की मुख्य ट्रेनर अमरीन लूथरा जी थी जो एएलटीएस मुंबई की सीईओ और संस्थापक है और उन्होंने छडप्डै, मुंबई से डठ। किया है साथ ही एक प्रमाणित जीवन कोच और कर्पोरेट ट्रेनर भी है। इसके अलावा वो उज्वल महिंद्रा फाउंडेशन एनजीओ में मेंटर और कोच हैं। कार्यशाला के प्रथम चरण में छात्रों को माइंडसेट, गोल सेटिंग - गेटिंग थिंग्स डन, कम्युनिकेशन स्किल्स, कन्फिडेंस बिल्डिंग की जानकारी दी गयी।

## झारखंड नगरपालिका सेवा के अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा से दिल जीतने का मौका : उपायुक्त

- पूर्वी सिंहभूम जिले के शैक्षणिक परिभ्रमण पर आये हैं 63 नवचयनित पदाधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला उपायुक्त विजया जाधव ने पूर्वी सिंहभूम जिले के शैक्षणिक परिभ्रमण पर आए 63 नव चयनित नगरपालिका सेवा के पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने शहरी क्षेत्र का विकास एवं नागरिक सुविधाओं को क्रियान्वित करने में नगर निकायों की भूमिका एवं चुनौतियों पर जरूरी मार्गदर्शन दिया। जिला उपायुक्त ने खुशी जताते हुए कहा कि कहा कि यह पहली बार है जब झारखंड में नगरपालिका सेवा का अलग कैडर बनाया गया है। उन्होने सभी नव चयनित पदाधिकारियों को बड़े निष्ठा से अपने कर्तव्यों के निर्वहन तथा अपने कार्य के प्रति इमानदार रहने की बात कही।

बताया कि सरकारी सेवक के रूप में समाज में आप गरीब, जरूरतमंद लोगों की सीधे तौर पर मदद करने की भूमिका में होंगे जो किसी अन्य नौकरी से आपको एक अलग अनुभूति देगी। सभी को कड़ी मेहनत करने, किसी विशेष परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता, सभी छोटे-बड़े से सीखने के गुण विकसित करने, समाज के प्रति खुला मन एवं खुला हृदय रखने का सुझाव देते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### गुरुनानक के उपदेशों पर चलें : चंचल भाटिया



**जमशेदपुर।** 'गुरु नानक जीवन और संदेश' पुस्तक के लेखक सरदार गुरविंदर सिंह सेठी से आगाज संस्था के सदस्यों ने मुलाकात की। सेठी एक निजी कार्यक्रम के दौरान जमशेदपुर पहुँचे और उन्होंने गुरुद्वारा साहिब कमेटी कर माध्यम से अपनी पुस्तक का जमशेदपुर में विमोचन किया और पुस्तक की प्रति भी उपलब्ध करायी। यह किताब भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित की गई। जिसका विमोचन दिल्ली में लोकसभा के स्पीकर ओम् बिरला एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह लालपुरा ने किया था। सेठी ने पुस्तक से श्री गुरुनानक देव जी के जीवनकाल को सरल शब्दों में लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की है और समाज में फैल रही कुरीतियों से बाहर निकल कर सत्य के मार्ग पर चलने का गुरुनानक जी के उपदेशों को पुस्तक में दर्शाया है। आगाज के संरक्षक चंचल भाटिया ने कहा कि गुरुनानक देव जी के जीवन के अनेक पहलुओं को सेठी जी ने किताब में समाहित कर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। मौके पर आगाज संस्था के चंचल भाटिया, राजू मारवाह, राजवीर सिंह, अमनजोत सिंह, हरविंदर सिंह मौजूद रहे।

## घूमंतु पुस्तकालय यात्रा पहुंची पीपुल्स एकेडमी विद्यालय, बाराद्वारी

➲ कल यात्रा पहुंचेगी घाटशिला कॉलेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारत के संविधान में समाहित मूल्यों के प्रचार प्रसार हेतु कोल्हान क्षेत्र में 21 नवंबर से 26 नवंबर तक संवैधानिक मूल्यों पर आधारित घुमंतु पुस्तकालय यात्रा का संचालन आरंभ युवा मंच, द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो की संविधान की 72वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश भर में इस अभियान को चलाया जा रहा है। आज 22 नवंबर को इसी क्रम में जमशेदपुर के बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडमी +2 विद्यालय परिसर में घूमंतु पुस्तकालय यात्रा पहुंची। इस यात्रा में विद्यालय के छात्र छात्राओं में काफी दिलचस्पी दिखाई। विभिन्न तरह की पुस्तकों का अध्ययन किया और विषय वस्तु के बारे में संवाद किया। इससे पहले विद्यालय के प्राचार्य चंद्रदीप पांडेय एवं सहायक शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा पुस्तकालय की विधिवत् शुरूआत की गई। आज इस दौरान संविधान के विषय में जानकारी भी दी गई। कई सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित पोस्टर्स प्रदर्शित किए गए।

## चुनावी बिगुल फूंकेगी भाजमो मानगो नगर निगम समिति, हीरा होटल में बैठक कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भाजमो मानगो नगर निगम समीति की पहली बैठक आज संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु की अध्यक्षता में उनके आदर्शनगर स्थित आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई. बैठक में नगर निगम अंतर्गत सभी 36 वार्ड में स्वच्छ छवि के कर्मठ एवं योग्य संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई और जनता के लिए समर्पित रहने वाले समर्थक एवं समान विचारधारा वाले प्रत्याशी को समर्थन देने पर सहमति बनी। बैठक में संयोजक पन्नु ने समिति को आवाह्न किया कि कल से व्यापक जन संपर्क अभियान प्रारंभ करें और हर गली मोहल्ले में टोली बनाकर भ्रमण कर जनता से मिलें और चुनाव के मद्देनजर मानगो के लिए उनके सुझाव प्राप्त करें साथ ही बहतर मानगो निर्माण के लिए अपने विचार उनसे साझा करें।

### विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी से मिला डीलर्स एसोसिएशन



**जमशेदपुर।** मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के नये विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी (एसओआर) दीपू कुमार से फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर उपस्थित डीलर्स एसोसिएशन ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन का भी स्वागत किया गया। नये एसओआर ने प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहन साव पारस एवं जिला महासचिव प्रमोद गुप्ता ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्य काल में किये गये कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि वे हमेशा डीलरों को खाधान्न का उठाव एवं वितरण करने के लिये प्रेरित करते रहते थे। उनके कार्य करने के तरीके हमेशा याद आयेंगे। हमेशा उनकी कमी महसूस होगी। फिलहाल अभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी के प्रभार मे है और उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलते रहेगा, ऐसी संभावना संस्था के सभी लोगों को हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरीय उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, वरीय जिला सचिव सत्यनारायण रजक, जिला कोषाध्यक्ष नागेश जयसवाल, जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार, जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर वर्णमाल, ओमप्रकाश गुप्ता, रामलाल प्रसाद, जिला संगठन सचिव अजय सिंह, विवेक गुप्ता, भोला साव, मोअसगर, मोसोनु अशरद, मोतनवीर, मोइस्तेयाक, संजीव कुमार खलको, मोरशीद, एस एफ हासमी, मोहलिम, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

## पांच छात्र-छात्राओं को मिला वीर शहीद गणेश हांसदा फेलोशिप 2022

- चयनित विद्यार्थियों को शहीद के माता पिता ने किया सम्मानित
- कोसाफलिया में मना अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस
- बच्चों व उनके अभिभावकों में दिखा शहीद गांव आने का उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



फेलोशिप हासिल करने वाले बच्चे मेडल और सर्टिफिकेट के साथ।

**बहरागोड़ा/ जमशेदपुर।** अंतराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के मौके पर पर बहरागोड़ा स्थित शहीद गांव कोसाफलिया में वीर शहीद गणेश हांसदा फेलोशिप के तीसरे वर्ष 2022 में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फेलोशिप के तहत पढ़ाई कर रहे सभी बच्चे एवम अभिभावक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान बच्चों ने वीर शहीद गणेश हांसदा स्मारक का भी दौरा कर उनके समूचे कहानी से रूबरू हुए। कार्यक्रम की शुरुआत चिंगडा पंचायत के मुखिया परमेश्वर हेंब्रम, शहीद के माता पिता कापरा हांसदा, सुगदा हांसदा जी के द्वारा वीर शहीद गणेश हांसदा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद सभी बच्चों व अभिभावकों ने देश के वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी।

घाटशिला अनुमंडल के मुसाबनी, धालभुमगढ़, चाकुलिया, घाटशिला व बहरागोड़ा प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए बच्चों के शहीद गांव कोसाफलिया पहुंचने पर शहीद परिवार ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए बताया कि सुदूर इलाकों की स्थिति में स्थाई बदलाव लाने हेतु बच्चों को शिक्षा के साधन मिलना उनकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। वीर शहीद गणेश हांसदा के स्मृति में संचालित निश्चय अभियान से इलाके के बच्चों को गणेश से न केवल प्रेरणा मिल रही, वही अभियान उनकी पढ़ाई की बाधाओं को भी दूर कर रहा है। अभियान के तहत अब समूचे घाटशिला अनुमंडल के बच्चे घर पहुंचे है, यह बहुत बड़ी बात है। फेलोशिप बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**फेलोशिप से छात्रों के सपनों को लगे पंख :** फेलोशिप के लिए चयनित कोमल मार्डी व कल्याणी थायल गांवों में उपलब्ध खराब स्वास्थ्य सुविधाओं से चिंतित नजर आती है, वह डॉक्टर बन इस दिशा में योगदान देना चाहती है। अमृत महतो एनडीए में जाकर भारतीय सेना को सेवा देना चाहते है। सिंगराय मुर्मु इनकम टैक्स अफिसर बनने का सपना देखते है, वही घनीराम मार्डी आईएएस बनकर देश की सेवा करने का सपना देखते है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके सपनों की दिशा में आगे बढ़ने हेतु उपयोगी जानकारियां निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार, शिक्षक व मोटिवेशनल वक्ता संतोष शर्मा ने दी। फेलोशिप के माध्यम से चयनित बच्चों को इंटर से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई में सहायता की जाती है।

## स्पीड न्यूज

### विश्रामपुर : काजल होंगी राजद नप प्रत्याशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित आवास पर वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता ने अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें विश्रामपुर निकाय चुनाव पर मंत्रणा हुई। चुनावी समर की रणनीति पर भी चर्चा की। विचार विमर्श के बाद ओम प्रकाश गुप्ता की पत्नी काजल देवी को विश्रामपुर नप के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने काजल देवी को चुनाव जिताने का संकल्प लिया। ओम प्रकाश ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद के पूर्ण विकास हेतु नेतृत्व परिवर्तन बेहद जरूरी है। काजल ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद का तस्वीर और तकदीर बदलना के लिए ही चुनाव मैदान में उतर रही हूं। बैठक में कन्हाई मेहता, नागेंद्र यादव, अरुण श्रीवास्तव, नंदकिशोर यादव, दिलीप चौधरी, विनोद चौधरी, श्याम बिहारी साव, बसंत विश्वकर्मा, गंगा मेहता, पंकज तिवारी, सुरेंद्र राम, कृष्णा गुप्ता, तपसी भुइयां, इस्लाम अंसारी, पुष्पा देवी, फूलजहां बीबी, विमला देवी, मंजू देवी मौजूद थे।

### भाजपा हुकूमत ने किया तबाह : बिट्टू पाठक



**रामगढ़ पलामू।** जिला कांग्रेस कमेटी ने रामगढ़ प्रखंड के उलडंडा और चोरहट पंचायत मै कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा से सभी लोगों से जनसंपर्क करते हुए पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने किया एवं अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गिरजा सिंह ने किया। श्री पाठक ने कहा कि आज देश में जो स्थिति है यह किसी से छुपा नहीं है। केंद्रीय के भाजपाई हुकूमत ने आम जनता को तबाह कर दिया है, आज समय आ गया है। मौके पर हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी शमीम अहमद राइन, रामगढ़ 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष कलीम अंसारी, उपाध्यक्ष उदय यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कमलापुरी, विद्या सिंह चेरो, अजय साहू, शैलेश मेहता, बनारसी सिंह, गुना सिंह, मगनू नारायन, कासिम मियां, बैजनाथ सिंह, राजमुनी सिंह, बसमतिया देवी, सरो देवी, कलावती देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिले के पदधारी सभी मंडल में करेंगे प्रवास



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की एवं मंच संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। बैठक में जिले के सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री भी थे। बैठक में कहा गया कि आगामी 24 नवंबर को होने वाले जन आक्रोश रैली को सफल बनायें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह, अरविंद गुप्ता, जिला मंत्री संतोष सिंह, धीरेंद्र कुमार दुबे, श्यामा द्विवेदी, रेनू देवी, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष, सीटू गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, सुजाता सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी नवेन्दु मिश्र, आईटी सेल संयोजक अजय कुमार सिंह थे। धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा समाप्ति की घोषणा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

### संन्यासी विभूसुमन ने विक्षिप्त को दिया कंबल



**मेदिनीनगर।** संन्यासी बिभुसुमन ने बीती रात कचहरी चौक से होते हुए छहमुहान की ओर आ रहे थे कि उनकी नजर अचानक सड़क के किनारे सिकुड़ कर बैठे एक विक्षिप्त पर नजर पड़ी। उन्होंने सहयोग से एक कंबल उपलब्ध करा कर उस व्यक्ति को ओढ़ाया। उन्होंने कहा दवा के लिए गीता मेडिकल पंकज के पास जा रहा था। एक बुजुर्ग व्यक्ति को देखा, वे बेचारे फल दुकान का पुआल व रद्दी कागज जलाकर अपने को ठंड से बचाव कर रहे थे। तत्काल मैंने मोहन सिनेमा हॉल के सामने रेडिमेड दुकान पहुंचा ओमप्रकाश पप्पु जी से पूरी बात को बताया। वे अपनी दुकान से एक कंबल दिये। साथ में समाजसेवी जनार्दन ठाकुर के साथ जाकर उस व्यक्ति को कंबल दिया। धर्म जागरण समन्वय संस्कृति प्रमुख बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी करमाकला सूर्य मंदिर आश्रम नगर पंचायत छतरपुर ने पलामू के लोगों, गरीबों के मसीहा, समाज सेवियों से आग्रह किया कि आप लोग ऐसे अनाथ, अपाहिज, विकलांग, बेसहारों का सहारा बनें, सहयोग कर पुण्य लाभ उठायें।

### महुगावां में सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के महुगावा में गढ़वा पीच रोड से दक्षिण सोती तक सार्वजनिक रोड पर उसी गांव के संजय कुमार पाण्डेय पिता राजमणि पाण्डेय के द्वारा नाली का गन्दा पानी बहाया जा रहा है। रोड की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि आम लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है। रोड के दोनों तरफ से कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण भी कर रोड को संकीर्ण बना दिया है जिससे आम लोग प्रभावित हैं।

# जहां से आये हैं कम आवेदन, वहां घर-घर चलेगा अभियान

### और क्या बोले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

- सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने संबंधी फॉर्म करायें संग्रह
- निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ की करें समीक्षा, फॉर्म संग्रह में लायें तेजी
- स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण कराएं सुनिश्चित
- मतदाता विवरणी का आधार से लिंक करने का कार्य शत प्रतिशत करायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश पर 9 नवंबर से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के सचिव के रवि कुमार पलामू पहुंचे। उन्होंने परिसदन सभागार में पलामू के विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन की अवधि के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर 0 से 10 तक अर्थात कम आवेदन प्राप्त हुए हुए हैं, वहां के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को घर-घर अभियान चलाकर फॉर्म संग्रह कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म संग्रह कराएं, ताकि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूटे। उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 में लगे बीएलओ की समीक्षा करने तथा योग्य नागरिकों का फॉर्म संग्रह में तेजी लाने एवं कम प्राप्त फॉर्म वाले स्थानों पर अत्यधिक मेहनत करने का निदेश दिया, ताकि स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण सुनिश्चित कराई जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदाता विवरणी का आधार से लिंक करने का कार्य 73 प्रतिशत से बढ़ाकर शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का भी निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी योग्य नए मतदाताओं का अधिक- से-अधिक नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत मतदाता सूची में अन्य योग्य नागरिकों का नाम निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन का कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।



बैठक में फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के सचिव के रवि कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी।

### आठ तक चलेगा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 9 नवंबर से शुरू है, जो 8 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान दिनांक 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 एवं 1 अक्टूबर 2023 की अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र 6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6क में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम विलोपन करने के लिए प्रपत्र 7 में आवेदन जमा किये जा रहे हैं।

**ये भी थे उपस्थित :** बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, मतदाता सूची प्रेक्षक सह आयुक्त जटा शंकर चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, 76 डालटनगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, 77 विश्रामपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, 78 छतरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ एनपी गुप्ता, 79 हुसैनाबाद के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण सहित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मेदिनीनगर निगम के सारे चौक चौराहे सजाये जायेंगे : महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर और उपमहापौर मंगल सिंह ने सामूहिक रूप से लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाला चार चौक चौराहे भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) शहीद चौक (कचहरी चौक) 20 फुटा पुल चौक एवं स्वामी विवेकानंद चौक शाहपुर का शिलान्यास किया। महापौर ने कहा कि इसके अलावा 8 अन्य चौक चौराहे जिसमें सेवा सदन चौक का नाम महाराजा अग्रसेन चौक, जेल हाता चौक का नाम लोकनायक जयप्रकाश नारायण चौक, रेडमा चौक का नाम चंद्रशेखर आजाद चौक, बाजार स्व गनौरी लाल अग्रवाल आवास चौक का नाम स्व गनौरी लाल अग्रवाल चौक, कॉपरेटिव चौक का नाम स्वर्गीय लता मंगेशकर चौक, वेल वाटिका चौक का नाम स्व गणेश लाल वर्मा चौक के सुंदरीकरण का भी जल्द शिलान्यास होगा।

### बदले जायेंगे कई मार्गों के नाम



महापौर ने कहा कि कई मार्ग का नाम भी हम लोगों ने बदली है जिसमें प्रमुख बाईपास रोड का नाम श्री रामचरित पथ, शिव मंदिर मुख्य मार्ग से शहीद लेफ्टिनेंट के घर तक वीर अमर शहीद पथ सिंगरा, हाउसिंग कॉलोनी का नाम अटल नगर, पत्रकार रामेश्वरम जी के घर वाले मार्ग का नाम पत्रकार रामेश्वरम पथ, जायंट्स क्लब रोड का नाम पत्रकार एसएस रुबी पथ, चंद्रवंशी मोहल्ला पथ का नाम स्व विनोद चंद्रवंशी पथ, रांची टेंट हाउस मोड का नाम स्व गनौरी ठाकुर चौक, प्रधान डाकघर से टाउन हॉल जाने वाले मार्ग का नाम स्व प्रकाश चंद जैन मार्ग, चंद्रा रेसिडेंसी के बगल वाले कॉलोनी का नाम गणपति नगर, कोपरेटिव चौक से डॉ आरपी सिन्हा चौक तक का नाम स्व ब्रह्मदेव पांडे मार्ग, स्व रामचंद्र भगत चौक से डॉ आरपी सिन्हा चौक तक का नाम ज्ञान चंद पांडे मार्ग, मवेशी अस्पताल चौक का नाम स्व मनी लाल वर्मा चौक, मवेशी अस्पताल से मेयर आवास तक का नाम स्व योद्धा सिंह नामधारी मार्ग, रांची टेंट हाउस से इंदर सिंह नामधारी तक जाने वाले मार्ग का नाम स्व ईश्वरी प्रसाद सिंह मार्ग, मेयर आवास से नामधारी गुरुद्वारा जाने वाले मार्ग का नाम स्व राम अवतार लाल सर्राफ मार्ग एवं निमिया दुर्गा मंडप कन्हाई राम के घर से होते मोहन जी शर्मा के घर तक वाले मार्ग का नाम स्व जगदीश प्रजापति मार्ग बोर्ड से नोटिफाइड किया गया है। इसके अलावा अगली बोर्ड हेतु प्रस्तावित रांची रोड से पांकी रोड सुरेश सिंह चौक तक का नाम स्व रामदास तिवारी मार्ग एवं 2 नवंबर टाउन इनकम टैक्स रोड का नाम स्व चिंतामणि उपाध्याय मार्ग, बेल वाटिका गुरुद्वारा से कुंजड़ा पट्टी मार्ग तक जाने वाले रोड का नाम श्री गुरु सिंह सभा मार्ग रखने की अनुशंसा महापौर अरुणा शंकर ने की है।

# खासमहाल मामले का जल्द निवारण करेगी राज्य सरकार : केएन त्रिपाठी

➲ सभी के लिए होल्डिंग टैक्स 4 रुपये स्क्वायर फीट दर किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के व्यवसायीयों के लिए बहुत ही हर्ष का दिन है। विगत बहुत दिनों से वर्ष 2012 मे नगरपालिका ने पुरे शहर का व्यापारियों का होल्डिंग टैक्स एक रुपए प्रति स्कायर फीट लगता था जिसके बाद 6 रूपये हुआ था और फिर निगम ने 6 से 24 रूपया स्कायर प्रति फिट का अनायास वृद्धि किया गया था।

उसके बाद व्यापार मंडल के सदस्यों ने हाईकोर्ट मे पिटिशन दिया गया था लेकिन आज दस वर्षों के बाद सरकार के नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे जी के समक्ष हाईकोर्ट के निर्देशानुसार तय किया गया है कि सभी के लिए 04 रूपया स्क्वायर फिट दर किया गया। दूसरी बात खासमहल के लिए भी सरकार के रेवेन्यु सचिव, मुख्यमंत्री व अधिकारियों से वार्ता हुई हैं। जल्द ही इसका भी निवारण सरकार द्वारा कर दी जाएगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, विनोद अग्रवाल व केडी सिंह उपस्थित थे।

### चार रुपये प्रति वर्ग फीट मासिक दर होगा दुकानों का किराया



केएन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री।

नगर विकास एवं आवास विभाग सरकार के संयुक्त सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि नगरपालिका बाजार स्थित रोड साइड दुकानों का लाईसेंस शुल्क चार रुपये प्रति वर्ग फीट एवं नगरपालिका बाजार दुकानों का लाइसेंस छह रुपये प्रति वर्ग फीट के स्थान पर एक समान रूप से सभी दुकानों का किराया चार रूपये प्रति वर्ग फीट मासिक की दर से भुगतेय होगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि आसन्न नगरपालिका निर्वाचन 2022-23 के पश्चात नवगठित नगर निगम बोर्ड द्वारा विषयांकित संदर्भ में यथोचित निर्णय लिया जायेगा।

# खेल प्रतियोगिता से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : डॉ शशिभूषण

>> विधायक ने किया दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता 2022- 2023 के अंतर्गत वर्ग छह से आठ तक के बालक बालिकाओं के लिए दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका उदघाटन पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, समाजसेवी संजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, एवं 800 मीटर का दौड़ ऊंची कूद, लंबी कूद, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक, तरहसी मध्य विद्यालय परिसर में किया गया। विधायक डॉ शशिभूषण ने कहा कि पढ़ाई की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन होना अच्छी बात है इससे प्रतिभा उजागर होती है।

# निर्वाचन में युवा मतदाता की शत-प्रतिशत भागीदारी कार्यक्रम का उद्देश्य है : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार मंगलवार को मेदिनीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने योध सिंह नामधारी महिला विद्यालय के सरस्वती देवी हॉल में निर्वाचन साक्षरता क्लब फॉर यंग वोटर्स के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। उन्होंने कहा कि अपने वोट के तहत से हम अपनी सरकार चुनते हैं लेकिन चिंता का विषय है कि निर्वाचन कार्यो में युवाओं भागीदारी उम्मीद से कम है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहने के विषय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही निर्वाचन में युवा मतदाता की भागीदारी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस बार से 17 वर्ष पूरे होने के पश्चात भी मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु निबंधन कराया जा सकता है जिसके बाद 18 वर्ष पूर्ण होते ही संबंधित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जायेगा।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



**पाटन पलामू।** पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह एवं पाटन भाजपा उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनी ने नये थाना प्रभारी गुलशन गौरव को शाल ओढ़ाकर और पुष्प देकर सम्मानित किया। श्री गुलशन से कहा कि आपसे पाटन प्रखंड की जनता को काफी उम्मीद है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे बालू माफिआओं पर शिकंजा कसना प्राथमिकता है। कहीं भी कोई शिकायत मिलती है तो हमें सूचना दें पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।

### चैनपुर : वार्ड 34 में बनते ही टूटने लगी सड़क



**चैनपुर पलामू (रंजीत पांडेय)।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में बना कालीकरण सड़क घटिया निर्माण के कारण बनने के 2 दिन बाद से ही टूटने लगा है। यह सड़क पुराना अस्पताल से लेकर सेमरटांड तक करीब डेढ़ किमी लंबी सड़क बनी है। इस सड़क को बनाने में करीब एक करोड़ 27 लाख की लागत आई है। स्थानीय पूर्व वार्ड सदस्य सुशीला तिवारी, डब्लू खान, आलोक रंजन प्रसाद, सहबूब खान, सुनील विश्वकर्मा, विजय शंकर तिवारी, शहजाद खान, विजय कुमार सोनी का कहना है कि काफी दिनों के बाद यह सड़क बना था किंतु घटिया निर्माण के कारण सड़क बनने के दूसरे दिन ही यह सड़क उखड़ने लगी है। संवेदक फिरोज अंसारी का कहना है कि मैं बाहर गया हुआ था इसीलिए खराब निर्माण की जानकारी नहीं है। वार्ड 34 के पार्षद अर्चना देवी का कहना है कि इसका निर्माण संवेदक ने किया था, इस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं था।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी

- प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय गांधी 10+2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। खेल का शुभारंभ बीडीओ ललित राम, प्रखंड प्रमुख अल्का कुमारी, बीपीओ अरबिंद सिंह, उंटारी रोड थाना के एएसआई राजकुमार शर्मा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति, शिक्षा विभाग बीपीओ रोहित कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित गुप्ता ने



बताया कि खेल का आयोजन प्रखंड स्तर पर कक्षा 6 से लेकर 8 तक के छात्र छात्राओं के बीच कब्बड्डी, हांकी व फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया वहीं कक्षा 9 से लेकर 12 तक के छात्र छात्राओं के बीच कब्बड्डी, वालीबाल, कुस्ती, तीरंदाजी, हांकी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### नगर निगम चुनाव में उम्मीदवार देगी भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की विस्तारित बैठक कामरेड मनाजरूल हक की अध्यक्षता में हुई। संचालन भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने किया। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक को माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी के सूर्यपत सिंह ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से बताया और कहा कि पीएम मोदी कॉर्पोरेटों को रियायत देने के लिए खुल्ला छुट दे दिया है। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पलामू जिला सहित पूरे झारखंड में पार्टी को मजबूत करने के लिए शाखाओं को मजबूत करना होगा।

# विधायक ने किया सोहर-मोरहर नदी पर पुलिया का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के सोरहर-मोरहर नदी पर बनने वाले पुलिया निर्माण का शिलान्यास पाटन-छतरपुर विस के विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार भुइयां और जिप सदस्य सुदामा पासवान ने किया। संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बारा मोड़ से मड़वा होते हुए छतरपुर मुख्य पथ तक कालीकरण पथ निर्माण का जल्द ही स्वीकृति के बाद काम लगभग तीन माह के अंदर शुरू होगा। कहा कि प्रत्येक पंचायत में पांच पांच चापाकल लगेंगे। साथ ही विधायक ने विवान इंटरप्राइज के संवेदक को पुलिया का कार्य गुणवत्ता के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

### जपला-पथरा रोड पर सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के सोनवे गांव के समीप जपला- पथरा रोड पर मंगलवार की सुबह करीब 8 :45 बजे हाईवा के धक्के से बाइक सवार सोनवे निवासी विकास साव तथा बेला खसुआ निवासी उसके जीजा का भाई नीरज साव घायल हो गए। इसमें नीरज साव का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। जिसका प्राथमिक चिकित्सा के बाद हरिहरगंज सीएचसी से रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि उक्त उक्त दोनों युवक बाइक पर सवार होकर दुबटिया मोड़ की तरफ जा रहे थे। सोनवे गांव के समीप जपला-पथरा रोड़ पर आते ही पिपरा की ओर जा रही हाईवा ने बाइक को टक्कर मार दी। उक्त दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवा चालक को पकड़ लिया। साथ ही करीब 4 घंटा तक जपला-पथरा रोड़ को जाम रखा।

# लोगों का मिल रहा अपार जनसमर्थन : पूनम सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। झारखंड सरकार अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की है, हालांकि कयास लगाया जा रहा है कि किसी भी समय सरकार चुनावी घोषणा कर सकती है। इधर, वार्ड पार्षद से लेकर महापौर तक के प्रत्याशी जनता तक पहुंच कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील कर रहे हैं। मंगलवार को महापौर के भावी प्रत्याशी पूनम सिंह चैनपुर के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं चैनपुर के वार्ड नंबर 34 मोहन गैरेज रोड, हरिजन टोला ,बाजार क्षेत्र में लोगों से मुलाकात कर समर्थन मांगा। वही लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम में विकास की बात तो छोड़ दीजिए मूलभूत सुविधा भी नहीं है। वही पूनम सिंह ने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो मेदिनीनगर निगम को मॉडल नगर निगम बनाने का काम करूंगी। उन्होंने कहा कि पहले भी काम करके मेदनीनगर को दिखाया है, आगे मौका मिला तो विकास की गंगा बहाने का कार्य करेंगे।

# समाज के प्रति जगदेव प्रसाद का समर्पण अनुकरणीय है : मनोज

➲ वार्ड नंबर तीन में घर घर जाकर किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जगदेव प्रसाद का समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए अनुकरणीय है। समाज के प्रति उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। श्री सिंह घर घर यात्रा के 14 वें दिन जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। माल्यार्पण के बाद श्री सिंह ने वार्ड नंबर तीन में घर घर जनसंपर्क किया।



जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मनोज सिंह।

निगम में ड्राई जोन के रुप में निमिया का नाम जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम के नए क्षेत्र में विशेष रूप से काम करने की आवश्यकता है और इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। श्री सिंह ने बताया कि निगमवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने को कृतसंकल्पित हैं और उन्हे जनता का आशीर्वाद अगर मिलता है तो नए क्षेत्र में स्पेशल पैकेज के तहत काम किया जायेगा।

घर घर यात्रा के दौरान लड्डू कुमार, राहुल कुमार, छोटू सिंह, सावन सिन्हा, रोहित, रितेश, नवनीत, भोला, राहुल चौधरी, अनूप चंद्रवंशी, अभिनंदन सहित काफी संख्या में वार्ड नंबर तीन के लोग शामिल थे।

# युगल किशोर ने दिया निगम क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा

➲ मेयर प्रत्याशी युगल किशोर ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का प्रचार और जनसंपर्क शुरू हो गया है। जनसंपर्क में प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। सुबह से ही प्रत्याशी निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में पहुंचकर जनसंपर्क कर लोगों से सहयोग मांग रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मेयर प्रत्याशी युगल किशोर ने मेदिनीनगर शहर के कई क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क कर सहयोग मांगा। उन्होंने लोगों को मेदिनीनगर के विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिया। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार से विकास योजनाओं का भरपूर लाभ मेदिनीनगर की जनता को दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस दौरान अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज के जिला अध्यक्ष विक्की कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि युगल किशोर चंद्रवंशी किसी भी समाज के हित के लिए हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने भी लोगों से युगल किशोर को सहयोग करने की अपील की।



**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू, रंजीत कुमार, आकाश कुमार, संजय कुमार, शैलेश कुमार, अमित चंदेल, गुड्डन चंद्रवंशी, आनंद कुमार, दिलीप कुमार दिल्लू, आकाश कुमार कुंदन, अभिषेक कुमार, नीरज वर्मा, जितेंद्र चंद्रवंशी, अभिषेक कुमार, विष्णु चंद्रवंशी, अनुज कुमार, श्रीकांत बिहारी, पिंटू कुमार, अभय कुमार, सचिन कुमार, उमेश सिंह, दीपक नारायण, कुंदन कुमार, प्रयागराज चंद्रवंशी, मनोज कुमार, गुड्डू चंद्रवंशी, अश्विनी कुमार, सुधीर चंद्रवंशी, लल्लू राज चंद्रवंशी व अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## शशांक, राहुल एवं पूजा ने किया डीएवी स्कूल का नाम रोशन

**धनबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के बच्चों ने इंटर स्टेट जूडो चैंपियनशिप में स्कूल का नाम रोशन किया डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के छात्र शशांक शुक्ला ने 90 कजी में, राहुल कुमार ने 73 केजी में एवं छात्रा पूजा कुमारी ने 48 केजी में इंटर स्टेट जूडो चैंपियनशिप 2022 प्रतियोगिता में इन तीनों छात्रों ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह जूडो प्रतियोगिता नामकुम रांची के लोन ग्रीन बॉल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त किया।उन्होंने जूडो के प्रशिक्षक सुदीप चक्रवर्ती की सराहना की एवं छात्रों को बधाई दी उन्होंने आशा व्यक्त किया कि भविष्य में भी यह छात्र विद्यालय का नाम आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रोशन करेंगे।

## स्कूली बच्चों का खाता खोलने के लिए लगा कैंप

**सिन्दरी ।** सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को सीधे खाते में जमा कराने के अभियान के तहत उत्क्रमित मध्य व उच्च विद्यालय राँगामाटी के बच्चों का खाता विद्यालय परिसर में खोला गया। तीन दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में कैनरा बैंक साँवलापुर शाखा के द्वारा लगभग 70 बच्चों का खाता मंगलवार को खोला गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय राँगामाटी प्राचार्य सोनी कुमारी ने बताया कि राँगामाटी क्षेत्र के 19 सरकारी विद्यालयों के कुल 1062 छात्र छात्राओं को बैंक में खाता खोलने के लिए 22 नवंबर से तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। इसके लिए कैनरा बैंक साँवलापुर सहयोग कर रही है। इससे सरकार द्वारा निर्धारित स्कूली बच्चों को मिलने वाली राशि सीधे उनके खाते में चला जाएगा। मंगलवार की शाम तक कुल 70 विद्यार्थियों का खाता खोलने की प्रक्रिया की शुरूआत की गई है।

## चास के विकास को प्रतिबद्ध प्रत्याशी के नाम का होगा खुलासा : अशोक चौधरी

**बोकारो।** चास नगर निगम के मेयर के चुनाव में अटकलों का बाजार निरंतर प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है संभावित प्रत्याशियों की सूची लंबी होती जा रही है परंतु निगम क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु अभी तक इनमें से कौन सक्रिय रहा है इस भाव को कौन कितना भुना सकेगा इसका फैसला आने वाले चुनाव में हो सकेगा। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने एक भेंट में बताया कि इस बार चास नगर निगम के चुनाव में बयान बाजी की बजाए जनताए प्रत्याशियों के कार्यकलापों . गतिविधियों पर ज्यादा केंद्रित रहेगी। ख्याली पुलाव बनाने की छूट तो सभी को है परंतु निर्णायक भूमिका चास निगम क्षेत्र की आम जनता ही करेगी। शीघ्र ही बहुत सारे प्रत्याशियों के बीच सटीक व सक्रिय तथा क्षेत्र में कुछ करने को संकल्पित प्रत्याशी भी हाजिर होंगे। श्री चौधरी अपने आवास पर व्यक्त एक भेंटवार्ता के दौरान बोकारो जिले के राजनीतिक गतिविधियों सहित समस्याओं पर अपना विचार व्यक्त कर रहे थे।

## निगम महापौर पद के प्रत्याशी का अभिनंदन

**कतरास।** राज्य में निगम चुनाव घोषणा के पहले ही प्रत्याशियों की सुगबुगाहट तेज हो गई है। निगम के प्रत्याशियों ने चुनाव को लेकर बिगुल फूंक ना शुरू कर दिया है। मंगलवार को धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 2 छाता बाग स्थित अटल क्लीनिक सामुदायिक भवन में धनबाद नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी डॉ शिवानी झा का अभिनंदन समारोह नागरिकों के द्वारा किया गया। डॉ शिवानी झा के समर्थन में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और संकल्प लिया कि इस बार धनबाद नगर निगम का मेयर श्रीमती झा को बनाना है। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए भावी मेयर प्रत्याशी डॉ शिवानी झा ने मैं एक डॉक्टर हूं और शुरू से ही समाज सेवा में लगी हुई हूं जब जहां जो बुलाता है मैं सेवा के लिए हमेशा खड़ी रहती हूं।

# सिंदरी: शाम में गये थे बारात, सुबह देखा तो घर में हो गई लाखों की चोरी

### सिंदरी में चोरों का छाया आतंक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** सिन्दरी के राँगामाटी क्षेत्र निवासी सह सिन्दरी सिमेंट सेंटर संचालक पवन सरखेल के एफसीआई आवास संख्या आरएमएल 2 में सोमवार की देर रात चोरी हुई है। पवन शाम में रिश्तेदार के घर बारात में गए थे और चोरों ने उनके घर से 27 हजार रुपए नकदी समेत लगभग तीन लाख रुपए के सोने चाँदी के आभूषण पर हाँथ साफ कर दिया। पुलिस को सूचना देने पर लगभग चार घंटे के बाद घटनास्थल पर पहुँचने से लोगों में उबाल देखा गया है। भुक्तभोगी पवन ने बताया कि पत्नी व बच्चे काफी दिनों से घड़बड़ स्थित पैतृक आवास गए हुए थे। वह पश्चिम बंगाल में रिश्तेदार की शादी में सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे निकल गए थे। सुबह चार बजे घर वापस लौटने पर पाया कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश कर देखा तो पाया कि आलमीरा का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने पुलिस को दिए लिखित शिकायत में बताया है कि घर से 27 हजार रुपए नकदी समेत पाँच भर सोने के आभूषण व चाँदी के सिक्के व आभूषण तथा महँगे कपड़ों की चोरी हुई है। सामानों की कीमत लगभग तीन लाख रुपए आँकी गई है। उन्होंने बताया कि चोरों ने कोयला निकालने वाले लोहे के औजार को घर में ही छोड़ दिया है। घटना की सूचना बलियापुर पुलिस को दिए जाने पर लगभग तीन घंटे देर से पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि लिखित शिकायत प्राप्त हुआ है। जाँच की जा रही है।

## धड़ल्ले का काटे जा रहे वन भूमि पर लगे कीमती पेड़

**बेरमो/फुसरो।** चन्द्रपुरा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोरी वन परिसर के मकोली मोड़ स्थित वन भूमि के खाता संख्या 131 प्लाट नम्बर 3021 में लगे लगभग दस फलदार पेड़ को कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटा जा रहा हैण झारखंड वन पर्यावरण एवं संरक्षण समिति के केंद्रीय सचिव सूरज महतो ने वन भूमि के पेड़ काटे जाने पर चिंता व्यक्त कियाण कहा कि इस वन भूमि की अधिसूचना संख्या सीपीएफ 10157ध्52 .5801.आर 1952 हैण कहा कि वन विभाग द्वारा कई वर्ष पूर्व फलदार पेड़ जिसमे आमए कटहलए बेलए गमहार आदि लगाया थाण जिसे असमाजिक तत्वों द्वारा चोरी छिपे काटा जा रहा है। वन विभाग यहां के लगे पेड़ को कटने से रोकने के लिए अविलंब कानूनी कार्यवाई करे।

## मतदाताओं के प्रमाणीकरण को लेकर किया जागरूक

**बोकारो।** जिला निर्वाचन कार्यालय बोकारो द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने और मौजूदा मतदाताओं के प्रमाणीकरण के लिए आधार कार्ड को वोटर आईडी कार्ड से लिंक करने के अभियान के तहत छात्र.छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन जारी है।इसी कड़ी में रामरुद्र प्लस टू उच्च विद्यालय चास एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चास में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुमार कनिष्क व टीम द्वारा छात्र.छात्राओं को मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सूची में आधार नंबर जोड़ने के लिए जागरूक किया गया।उन्हें अपने अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए कहा गया।

## धनबाद महापौर प्रत्याशी वीणा अग्रवाल ने मां लिलौरी के मंदिर में मत्था टेका

### जीत सुनिश्चित करने की मां से की प्रार्थना

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी तथा वर्तमान में धनबाद नगर निगम महापौर पद की प्रत्याशी बीना अग्रवाल जिले के मशहूर लिलोरी मंदिर मां की पूजा करने के लिए पहुंचे जहां कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वही पत्रकारों से बातचीत करते हुए महापौर पद के प्रत्याशी बीना अग्रवाल ने बताया कि मैं सबसे पहले पूर्व महापौर शेखर अग्रवाल जी के अधूरे कामों को पूरा करने का काम करूंगी। तथा जिले में साफ-सफाई बेहतर ढंग से हो इसके लिए प्रारूप तैयार कर काम किया जाएगा कहीं भी गंदगी का अंबार नजर नहीं आएगा मैं घर घर जाकर बहनों से मिलूंगी उनकी समस्याओ को सुनूंगी। शेखर जी के कार्यकाल में साफ-सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता था तभी तो धनबाद 33 वें रैंक पर आया है। और हमारा प्रयास रहेगा कि और ज्यादा मेहनत करें और धनबाद को सफाई के मामले पर एक नंबर रेंट और हमारा प्रयास रहेगा कि और ज्यादा मेहनत करें और धनबाद को सफाई के मामले पर एक नंबर रैंक पर लेकर आए पर ले कर आए। मौके पर प्रभात मिश्रा पूर्व पार्षद छोटू सिंह पंकज सिन्हा मनबोध कुमार शिवम कुमार राजकुमार प्रमाणिक आकाश कुमार अशोक शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की प्रतिमा लगी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के ओरमो चौक में आयोजित शहीद स्वतंत्रता सेनानी कोका कमार की जयंती सह प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि विशुनपुर के झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। विधायक श्री लिंडा ने कहा कि शहीद कोका कमार करमाली ने कसमारए पेटरवारए गोला एवं गोमिया क्षेत्र में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगूल फूंका था और ब्रिटिश सैनिकों के छक्के छुड़ा दिये थे।लेकिन आज तक शहीद कोका के नाम को गुमनामी के अंधेरे में रखा गया।अब समाज के लोग जागरूक हुए तो शहीद की याद में प्रतिमा लगनी शुरू हुई। समारोह को कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। नागपुरी एवं खोरठा में क्रान्तिकारी गीत गायन हुआ।

## समन्वय समिति के सदस्य शिबू सोरेन से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो सह झारखंड राज्य समनव्य समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के मोरहाबादी स्थित आवास में समिति सदस्य के रूप में दर्जा प्राप्त मंत्री सह पार्टी के महासचिव विनोद पांडेयए प्रवक्ता योगेंद्र प्रसाद महतो व फागू बेसरा ने श्री सोरेन से मुलाकात की। सदस्यों ने चेयरमैन श्री सोरेन को बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। समनव्य समिति में बतौर सदस्य की जिम्मेवारी मिलने पर अलग राज्य आंदोलनकारी दिशोम गुरु के प्रति आभार भी जताया। अध्यक्ष शिबू सोरेन ने नवगठित समिति के सदस्यों को आशीर्वाद दिया तथा समिति के उद्देश्यों को पूरी निष्ठा व लग्न के साथ पूरा करते हुए राज्य के चहुंमुखी विकास को सरकार को सहयोग करने का निर्देश दिया। गुरुजी से मिलने पहुंचे समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो के साथ गोमिया विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों नेता व कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। सभी ने गुरुजी शिबू सोरेन का आशीर्वाद लिया। सरकार से मंत्री का दर्जा मिलने पर गोमिया झामुमो में खुशी की लहर है।

## तेनुघाट में इनकम टैक्स द्वारा टीडीएस-टीसीएस पर सेमिनार

**बेरमो।** आयकर विभाग बोकारो द्वारा मंगलवार को टीडीएस एवं टीसीएस पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन बेरमो के तेनुघाट गेस्ट हाउस में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ बेरमो अनंत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। बोकारो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के आयकर अधिकारी कमलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सही कर से टीडीएस काटनाए उसको सरकारी खाते में जमा करना और समय पर त्रैमासिक स्टेटमेंट फाइल करना जरूरी है। कहा कि गलत जानकारी भरने के कारण टैक्स काटे गए व्यक्ति या फार्म को उनके व्यक्तिगत रिटर्न भरने में परेशानी होती है। साथ ही उनके ऊपर आयकर का बकाया भी हो जाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस सेमिनार में टीडीएसध्टीसीएस के नए प्रधानों के अलावा कर कटौती न करने एवं जमा नहीं करने पर पेनाल्टी और अभियोजना के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयकर अधिकारी जे पी चौधरी ने भी ने लोगों को जानकारी दी।

## चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष के लिए शिवानी झा ने की दावेदारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद में आगामी नगर अध्यक्ष चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा अपनी उम्मीदवारी को लेकर समाजसेवी कीर्तिवास झा ने प्रेसवार्ता कर अपनी पत्नी शिवानी झा को नप के अध्यक्ष पद पर दावेदारी की। शिवानी झा ने प्रेस वार्ता में कहा कि अगर यहां की जनता उन्हे जिताकर चेयरमेन बनाती है तो वे नगर परिषद को माडल चिरकुंडा बनाएगें ही साथ ही चिरकुंडा को स्वच्छ व सुंदर बनाएगें।उन्होने कहा कि नगर परिषद चिरकुंडा मे 15वर्षो के कार्यकाल मे न तो शहर को अपना बस स्टेन्ड मिला न टेम्पो स्टेन्ड न तो खेल मैदान न ही बेरोजगारी को लेकर कोई रणनीति बनी है और न ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम मे सुधार हुआ है। वही पत्रकारो के पुछे जाने पर कैसे इस निकाय को संभालेगें आप एक गृहणी है इस पर शिवानी झा ने कहा कि गृहणी पुरे किचन का प्रबंधकिय व्यवस्था संभालती है तो निकाय के व्यवस्था आप सभी के सहयोग से आगे बढाया जाएगा यहां पर बिजनेस मिट कर उद्धोगों को बढावा दिया जाएगा।

## जीएम ग्राउंड में फुटबॉल मैच देखने उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** रविवार 20 नवंबर से सीसीएल कथारा जीएम फुटबॉल मैदान में शुरू हुआ फुटबॉल महाकुंभ के तिसरे दिन खेले गए तीनो मैच में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ आई थी। आज का पहला मैच ललपनिया बनाम घाटो के बीच खेला गया जिसमें पलेंटी सुट से खेल का निर्माण हुआ जिसमें ललपनिया की टीम ने शुन्य तीन से जीत दर्ज की। जबकि समाचार लिखे जाने तक दुसरा लिग मैच पुरुलिया बनाम तेनुघाट के टीम के बीच खेल जारी था और मध्यांतर से पुर्व पुरुलिया की टीम दो गोल की बढ़त बनाये हुई थी। जबकि इस आयोजन को सफल बनाने वालो मे आयोजन कमेटी के सदस्यों के अलावे पुर्व क्षेत्रीय खिलाड़ी मो जानीए फारुक खानए मिशन ऑफ लाइफ के संस्थापक सुनीता सिंहए मनोज सिंहए आदि मुख्य भुमिका निभाते नजर आये। बताता चलू कि एक समय था जब बेरमो कोयलांचल के तीनों प्रक्षेत्रो क्रमशः ढोरीए बीएंडके और केटीए मे वार्षिक खेल कुद का आयोजन किया जाता जिसमें सीसीएल के विभिन्न प्रक्षेत्रो के खिलाड़ियों के अलावे स्थानीय खिलाड़ियों को भी मौका दिया जाता था और महिनों तक बेरमो कोयलांचल में हर तरफ सिर्फ आयोजित खेलो की चर्चा गुंजती रहती थी मगर वे दिन अब लद गये। पिछले कई वर्षों से बेरमो कोयलांचल में सीसीएल द्वारा कोई भी खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन नही किया गया। हद तो यह है कि खेल के आयोजन के अभाव में जहां एक ओर क्षेत्र के अधिकांश खेल के मैदान विरान और व्यावान हो गए हैं वही मैदानों की हालत भी रख रखाव के कारण समय के साथ जर्जर होता जा रहा है। क्षेत्र के काफी पुराने स्पोर्ट्स मैन मो जानी की माने तो कथारा जीएम ग्राउंड पर उनकी हमेशा नजरे बनी रहती है और जबरन सीसीएल से समय समय पर इस मैदान कि मरम्मती करवाई जाती है जिस वजह से इस मैदान का अस्तित्व बचा हुआ है और यहां के बच्चे यहां अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखार रहे है और इस तरह का आयोजन यहां होना संभव हो पाता है।

## पार्षद के घर बिछाया पेवर ब्लॉक, ग्रामीणों ने किया विरोध

### गली मुहल्लों की उपेक्षा की गई

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद ।** लोयाबाद छः नंबर कैंटीन के समीप मंगलवार को ग्रामीणों ने घरों के सामने आधा व सही से पेपर ब्लॉग नहीं बिछाने के विरोध में नगर निगम द्वारा सड़क के किनारे बिछाया जा रहा पेपर ब्लॉग के काम को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पार्षद के भाई की देखरेख में मोहल्ले के रास्ते व अन्य जगहों पर अधूरा पेपर ब्लॉग बिछाया गया है।कई मोहल्ले के रास्ते अधूरा पेपर ब्लॉग बिछाया गया है। पार्षद के भाई ने छुटे हुए जगहों पर बिछवा देने की बात कही थी। अब कहने के बावजूद भी अधूरे काम को पूरा नहीं किया जा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि जब तक अधूरे काम पूरा नहीं किया जाता है तब तक सड़क के किनारे पेपर ब्लॉग बिछाने नहीं दिया जाएगा। विरोध का नेतृत्व कर रहे प्रीतम कुमार नोनियां ने पार्षद के आवास के अंदर का विडियो मिडिया कर्मियों को सौंपते हुए कहा कि पार्षद द्वारा अपने घर के एक एक कोने में पेपर ब्लॉग बिछाया है जबकि ग्रामीणों के आवास के सामने अधूरा छोड़ दिया गया है।निगम द्वारा लोयाबाद मोड़ से लोयाबाद रेलवे फाटक तक सड़क के दोनों किनारे पेपर ब्लॉग बिछाया जा रहा है। महाबीर पासी से उसका पक्ष लेने के लिए फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। निगम के अभियंता दीपक कुमार ने पुछे जाने बताया कि पहले की क्या योजनाएं थीं वह नहीं जानते। पार्षद के भाई द्वारा जो आश्वासन दिया गया वह समझे। ग्रामीणों को समझाने बुझाने का काम किया जा रहा है। जल्द काम शुरू हो जाएगा। विरोध करने वालों में रिंकू खान,करण कुमार,रोहन बेलदार,पारो देवी,सरफरोज खान आदि लोग शामिल थे।

### एक नजर में

## डीपीएस के विशाल को एनडीए में 128वां रैंक



**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ;डीपीएसद्ध बोकारो के छात्र विशाल राज ने एनडीए ;नेशनल डिफेंस एकेडमीद्ध की परीक्षा में आल इंडिया रैंक 128 हासिल कर अपने विद्यालयए शहर और राज्य का नाम रोशन किया है। विशाल ने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा में 94ण्6 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्णता हासिल की थीए जबकि 10वीं में उसे 95ण्4 फीसद अंक मिले थे। विशाल ने बताया कि बचपन से ही वह देशसेवा में प्रत्यक्ष रूप से काम करना चाहता था और इसकी प्रेरणा उसे अपने पिता रवि राज से मिलीए जो इंडियन आर्मी ;थल सेनाद्ध में मेरठ में पदस्थापित हैं। उन्हीं से प्रेरित होकर उसने एनडीए में उत्तीर्णता पाई तथा इंडियन आर्मी को पहली प्राथमिकता दी। प्रशिक्षण के बाद वह सीधे लेफ्टिनेंट के पद पर ज्वाइन करेगा। ट्रेनिंग के लिए उसे 23 दिसंबरए 2022 को खडकवासला ;पुणेद्ध स्थित एनडीए मुख्यालय में रिपोर्ट करनी है। उसने कहा कि डीपीएस के शैक्षणिक व प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में सर्वांगीण विकासए व्यक्तित्व .निर्माणए नेतृत्व क्षमता तथा वाक .कुशलता आदि के गुर ने उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने विद्यालय के छात्र विशाल की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य एण एसण गंगवार ने कहा कि यह डीपीएस बोकारो परिवार के लिए गौरव का क्षण है।

## पेज एक का शेष

### दलित-आदिवासी की ...

संविधान को और मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें ऐसी लकीर खींचनी चाहिए किदेश के महान विभूतियों ने जो रास्ते हमें दिखाये हैं उस पर मजबूती से कार्य करते हुए उसे आगे बढ़ाना है।

**जनप्रतिनिधि को जन समस्याओं के प्रति सजग रहें :** राज्यपाल श्री बैस ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील रहने की जरूरत है। लोकतंत्र की गरिमा अक्षुण्ण रखने की जिम्मेवार जनप्रतिनिधियों पर है। सदन के निर्णयों पर कार्रवाई कम होती है, जो अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता बहुत आशा और विश्वास के साथ अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है। ऐसे में उनका दायित्व है कि वे जनता की समस्याओं और उनकी चिंता के प्रति सजग रहें। सदन में जनता की आवाज बनें। उनकी समस्याओं के हल का कदम उठायें। लोकतंत्र के इस मंदिर ने स्थापना से लेकर अब तक कितनी सफलता अर्जित की गयी, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों की आकांक्षा पूर्ण करने का दायित्व सदन की है। कानून बनाते समय उसपर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। सदन में जनता के विषयों पर अधिक चर्चा कर समाधान की मांग मांग होनी चाहिए। विधायिका कार्यपालिका की निगरानी भी करती है। विधानसभा की समितियां कार्यपालिका को आईना दिखाती है। समितियां कार्यपालिका और सरकार के काम पर निगरानी रखती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से दलगत भावना से उपर उठ कर काम करने की अपील की।

### अधिकारी कोर्ट के ...

जवाब पर कोर्ट ने जतायी नाराजगी : वहीं राज्य सरकार ने अपने जवाब में कहा कि कई जूनियर इंजीनियर 6 साल से जमे हुए हैं, जिसपर अदालत काफी नाराज दिखा। अब कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को करेगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अधिवक्ता हेमंत शिकरवार की ओर से राज्य की अदालतों की सुरक्षा और अन्य सुविधाओं को लेकर एक जनहित याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

### युवाओं की क्षमता...

अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आये, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैष उन्होंने कहा कि भारत आज सर्विस निर्यात के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति बन गया है। श्री मोदी ने कहा, मैं देश के युवाओं से नये अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करूंगा। मुझे विश्वास है कि आप अपनी क्षमता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज के नियुक्ति पत्र महज से प्रवेश का जरिया है। युवाओं को रोजगार के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का यह अभियान ऐसे ही अनवरत जारी रहेगा।

**क्षमताएं बढ़ायें, हमेशा सीखते रहें :** पीएम मोदी ने कहा, काम करते समय अपनी क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान दें। सीखते समय अपनी क्षमताओं को बढ़ायें। अपने वरिष्ठों से अच्छी चीजें सीखें। मैं लगातार सीखने की कोशिश करता हूं। मैं अपने अंदर के छात्र को कभी मरने नहीं देता। मैं हर किसी से, छोटी-छोटी चीजों से सीखता रहता हूं। उन्होंने कहा कि इसी आदत के कारण वह एक समय में एक से अधिक कार्य करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे एक समय में एक से अधिक काम संभालने में कभी भी किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होती है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्रीय विकास में उत्प्रेरक बनाने का सरकार का प्रयास है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देश भर में 45 स्थानों पर कर्मचारियों को नई नियुक्तियों के नियुक्ति पत्र की प्रतियां भी सौंपी गयी। इस बार शिक्षक, व्याख्याता, नर्स, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक, फार्मासिस्ट, रेडियाग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरा मेडिकल पदों पर भी नियुक्ति की जा रही है।

### आतंकी दाऊद इब्राहिम...

ई-मेल में कहा गया कि इस साजिश के खुलासे से बचने के लिए वह सुसाइड कर रहा है।

**अनजान शख्स ने भेजी है धमकी :** धमकी भरा यह ऑडियो मैसेज अनजान शख्स द्वारा भेजा गया है। धमकी का ये ऑडियो मेसेज भेजने वाले ने दाऊद इब्राहिम के उन दो गुर्गों के नाम भी बताये हैं, जिन्हें पीएम को जान से मारने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। ऑडियो मैसेज भेजने वाले ने अपना नाम नहीं बताया है। यह ऑडियों क्लिप हिंदी में है।

**मैसेज भेजनेवाले की खोज शुरू :** आॅडियो क्लिप भेजने वाले की मुंबई पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच मैसेज भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है। एक डायमंड बिजनेसमैन से पूछताछ की गयी है। इसकी वजह यह है कि वॉट्सएप मैसेज में एक फोटो भी भेजा गया है। यह फोटो सुप्रभात वेज नाम के शख्स का पाया गया। यह शख्स संबंधित डायमंड बिजनेसमैन के पास काम करता था। उसकी संदिग्ध गतिविधियों के चलते उसे काम से निकाल दिया गया था।

**अबतक सात से अधिक धमकियां :** मुंबई पुलिस को लगातार ऐसी धमकियां मिल रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी वाले ऑडियो क्लिप के अब तक तक कुल 7 मैसेज भेजे जा चुके हैं। कुछ दिनों पहले मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक और धमकी भरा फोन आया था। पाकिस्तान के एक नंबर से इस कॉल में 26/11 जैसे हमले करने की धमकी दी गयी थी। इसके अलावा एक और धमकी मिली थी, जिसमें मुंबई के अंधेरी के इनफिनिटी मॉल, जुहू के पीवीआर और सांताक्रूज के फाइव स्टार होटल सहार को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी। यह फोन मुंबई पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर आया था।

### वेल्लोर में झारखंडी ...

उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी कहा कि अगर झारखंड सरकार वहां भवन बनाने की तैयारी करती है, तो वेल्लोर में तमिलनाडू सरकार की ओर से निःशुल्क जमीन उपलब्ध करायेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

स्पीड न्यूज

## आज भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार से मध्य प्रदेश में चार दिनों के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा के लिए मंगलवार भी विश्राम का दिन है। बुधवार को यात्रा बुरहानपुर के पास मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वहां 4 दिनों के लिए यात्रा में शामिल होंगी।'

## सपा नेता आजम खां को मिली जमानत

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खां को नफरती भाषण देने के एक मामले में निचली अदालत ने जमानत प्रदान कर दी। कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में उन्हें तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई थी।

## करगिल और लद्दाख में लगे भूकंप के झटके

**लद्दाख।** मंगलवार को कारगिल, लद्दाख से 191 किमी उत्तर में रिक्टर स्केल पर 4.3 की तीव्रता वाला भूकंप आया। भूकंप के झटके सुबह 10.05 बजे महसूस किए गए।

## 2047 तक भारत दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी में : अंबानी

**नयी दिल्ली।** भारत आर्थिक विकास और अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि का गवाह बनेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से वर्ष भारत 2047 तक $40 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। यह दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगी। ये बातें मुकेश अंबानी ने कही है।

## शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** मंगलवार को थम गया। सेंसेक्स 274.12 अंक की तेजी लेकर 61418.96 अंक और निफ्टी 84.25 अंक अर्थात 0.46 प्रतिशत मजबूत होकर 18244.20 अंक पर पहुंच गया।

## ऑस्ट्रेलिया : फ्री ट्रेड एंग्रीमेंट संसद से पास

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते को आस्ट्रेलियाई संसद से मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को उसका आभार जताया और कहा कि इससे दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती मिलेगी।

### लकड़ी की तस्करी को लेकर भड़की हिंसा, इंटरनेट बंद

# असम-मेघालय सीमा पर फायरिंग, छह की मौत

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम-मेघालय सीमा पर पुलिस द्वारा मंगलवार तड़के अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को रोकने के बाद हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित छह लोगों की मौत हो गई। पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने बताया कि ट्रक को मेघालय सीमा पर असम वन विभाग की टीम ने तड़के करीब तीन बजे रोका। जैसे ही ट्रक ने भागने की कोशिश की, वन रक्षकों ने उस पर फायरिंग कर दी और उसका टायर पंचर कर दिया। उन्होंने कहा कि चालक, अप्रेंटिस और एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे।



**हथियारों से लैस थे ग्रामीण**

अधिकारी ने बताया कि वन रक्षकों ने घटना के बारे में जिरिकेंडिंग पुलिस थाने को सूचित किया और अतिरिक्त बल की मांग की। जैसे ही पुलिस पहुंची, मेघालय के लोग कटार और अन्य हथियारों से लैस बड़ी संख्या में सुबह करीब पांच बजे घटनास्थल पर जमा हो गए। उन्होंने कहा कि जैसे ही भीड़ ने गिरफ्तार लोगों की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए वन रक्षकों और पुलिस का घेराव किया, अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन पर गोलीबारी की। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई।

**एक वन रक्षक और खासी समुदाय के तीन लोगों की मौत**

अधिकारी ने कहा कि इस घटना में एक वन रक्षक और खासी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई। स्थिति अब नियंत्रण में है। हालांकि, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि बिद्यासिंग लेखटे के रूप में पहचाने जाने वाले वन रक्षक की मौत कैसे हुई।

### मेघालय और असम के मुख्यमंत्रियों ने की बात

मेघालय के सीएम कोनराड संगमा ने बताया कि घटना में मेघालय के पांच और असम के एक वन रक्षक सहित कुल छह लोगों की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मेघालय पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी की जांच की गई। घटना की मजिस्ट्रियल जांच शुरू की जाएगी। मैंने घटना पर असम के सीएम से बात की है और उन्होंने सहयोग का आश्वासन दिया है।

### मेघालय के सात जिलों में इंटरनेट बंद

मेघालय सरकार ने मुकोह में गोलीबारी की घटना के बाद 22 नवंबर से 48 घंटों के लिए सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं।

## श्रीलंका सरकार ने अपने कई मंत्रियों को किया निलंबित

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार में कम से कम दो फ्रंट-लाइन मंत्रियों को पार्टी अनुशासन के उल्लंघन के लिए एसएलएफपी द्वारा निलंबित कर दिया गया है। पार्टी महासचिव दयासिरी जयशेखर ने कहा कि जब तक वे स्पष्टीकरण नहीं देते, उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा उड्डयन मंत्री निमल सिरीपाला डी सिल्वा और कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा के साथ राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की सरकार में तीन अन्य कनिष्ठ मंत्रियों को एसएलएफपी की केंद्रीय समिति ने कल रात बैठक कर बर्खास्त कर दिया। इन सभी पर पार्टी अनुशासन तोड़ने का आरोप लगा है।

## सत्येंद्र बलात्कारी से मसाज कराते हैं : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने तिहाड़ जेल में कैद जेल मंत्री सत्येंद्र जैन पर एक बलात्कार के आरोपी से मालिश कराने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि यदि आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के सीएम केजरीवाल में जरा सी भी संवेदनशीलता बची है तो वह अपने मंत्रिमंडल से जैन को अविलंब बर्खास्त करके जनता से माफी मांगें।

### वित्त मंत्रियों का समूह जल्द कर सकता है सिफारिश

## तैयारी : ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी वसूला जायेगा

**›› अभी ऑनलाइन गेमिंग पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सूत्रों ने कहा कि राज्यों के वित्त मंत्रियों का पैनल ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी की एकसमान जीएसटी लगाने की सिफारिश कर सकता है, भले ही यह कौशल का खेल या मौके का खेल ही क्यों ना हो। हालांकि, उस राशि की गणना के लिए एक संशोधित सूत्र का सुझाव देने की भी संभावना है, जिस पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा।

अभी ऑनलाइन गेमिंग पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। कर सकल गेमिंग राजस्व पर लगाया जाता है, जो कि ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल्स की ओर से लिया जाने वाला शुल्क है। सूत्रों ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दर बढ़ाने के लिए जीओएम की रिपोर्ट लगभग तैयार हो चुकी है और जल्द ही इसे जीएसटी परिषद के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने जून में परिषद को सौंपी गई अपनी पिछली रिपोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग (चाहे वह गेम ऑफ लक हो या गेम ऑफ स्किल इसका भेद किए बिना) की कुल राशि जिसमें उसकी इंट्री फी भी शामिल है पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूलने का सुझाव दिया था। हालांकि, परिषद ने जीओएम से अपनी रिपोर्ट पर पुनर्विचार करने को कहा था।

इसके बाद जीओएम ने इस विषय पर अटॉर्नी जनरल का भी विचार लिया और ऑनलाइन गेमिंग उद्योग के हितधारकों से भी मुलाकात की। हालांकि जीओएम ने 'कौशल के खेल' और 'मौके के खेल' के लिए अलग-अलग परिभाषाओं पर विचार-विमर्श किया, लेकिन अंततः दोनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया।

## आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू, कल होगा नार्को टेस्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड के आरोपित आफताब के पॉलीग्राफी टेस्ट की प्रकिया शुरू हो गई है। यह जांच दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में की जा रही है। वहीं, गुरुवार को रोहिणी स्थित बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल की आइसीयू में नार्को टेस्ट होगा। दोनों ही टेस्ट के लिए फोरेंसिक मनोविज्ञानी ने 50 से अधिक प्रश्न तैयार किए हैं। नार्को टेस्ट के लिए अंबेडकर के डॉक्टर नवीन के नेतृत्व में दो लोगों की टीम गठित की गई है।

**चार दिन बढ़ी रिमांड**

साकेत कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को विशेष सुनवाई के दौरान श्रद्धा हत्याकांड मामले के आरोपित आफताब की पुलिस रिमांड बढ़ा दी। कोर्ट ने पुलिस की अपील पर आरोपित की पुलिस रिमांड चार दिन के लिए बढ़ाई है। इस दौरान आरोपित आफताब को कोर्ट के सामने पेश किया गया।

**कोर्ट में नहीं कबूला आफताब ने श्रद्धा की हत्या का आरोप**

आफताब के वकील ने खुलासा किया कि आफताब ने कोर्ट में श्रद्धा की हत्या की बात कबूल नहीं की है।

## आर्थिक रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनायेंगे भारत-यूएइ

**नयी दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) ने अपनी रणनीतिक साझीदारी और समग्र आर्थिक साझीदारी की मंगलवार को समीक्षा की और परस्पर सहयोग को और मजबूत बनाने का संकल्प जताया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और यूएई के विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायेद अल नाह्यान ने हैदराबाद हाउस में भारत यूएई संयुक्त आयोग की बैठक में यह संकल्प व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक में दोनों मंत्रियों ने सितंबर में संयुक्त आयोग की 14वीं बैठक के बाद विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

# घाटी में घुसपैठ की फिराक में 160 आतंकी

### सरकार के आदेश पर पीओके लेने के लिए तैयार

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने बीते कुछ सालों में आतंकवादी हमलों पर लगाम कसी है। बड़ी संख्या में दहशतगर्दों को मार गिराया है, लेकिन इसके बाद भी घाटी में 300 से ज्यादा आंतकवादी सक्रिय हैं। सेना के एक टॉप कमांडर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 300 आतंकी घाटी में सक्रिय हैं। इसके अलावा सीमा पार से भी 160 आतंकी घुसपैठ करने की फिराक में हैं। इन लोगों ने एलओसी के पास ट्रेनिंग ली है और कभी भी घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। नॉर्दर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 370 हटने के बाद से कश्मीर में हालात काफी सुधरे हैं। स्थिति नियंत्रण में है और आतंकवाद पर काबू पाया गया है। हालांकि उन्होंने बड़ी संख्या में अब भी आतंकियों के ऐक्टिव होने की बात स्वीकार की। द्विवेदी ने कहा कि करीब 300 आतंकी फिलहाल घाटी में सक्रिय हैं। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि ये किसी वारदात को अंजाम न दे सकें।



सीमा के उस पार एलओसी में कितने आतंकी मौजूद हैं? इस सवाल पर उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि एलओसी के पार करीब 160 आतंकवादी हैं, जो घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 130 आतंकवादी पीर पंजाल रेंड में हैं। वहीं 30 आतंकवादी पीर पंजाल रेंज के दक्षिण से घुसपैठ की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के मुताबिक 82 पाकिस्तानी आतंकवादी और 53 स्थानीय दहशतगर्द ऐक्टिव हैं। इसके अलावा 170 आतंकवादी ऐसे हैं, जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह की ओर से पीओके वापस लेने की बात पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले ही संसद से संकल्प पारित है। यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक भारतीय सेना की बात है तो हमें सरकार से जब भी कोई आदेश मिलेगा, हम पीछे नहीं हटेंगे।

## रीता जोशी ने फेसबुक पर मुलायम की जगह लालू को बता दिया स्वर्गीय

**प्रयागराज।** सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के मौके पर प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने अपने फेसबुक पोस्ट में मुलायम सिंह के स्थान पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को स्वर्गीय बताते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दे दी। थोड़ी देर में उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हो गया। फेसबुक पोस्ट में तस्वीर मुलायम की थी और नाम लालू प्रसाद यादव का लिखा था। जब यह जानकारी रीता जोशी को हुई तो उन्होंने तत्काल वह पोस्ट अपने फेसबुक से हटवा दी। जोशी के प्रतिनिधि ने बताया कि सांसद के स्टाफ से यह चूक सुबह हुई।

## जलवायु परिवर्तन पर कदम उठाने में भारत टॉप-5 पर

### जी-20 में देशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वैश्विक जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआइ) में भारत को शीर्ष पांच देशों में और जी-20 देशों में पहला स्थान दिया गया है। यह सूचकांक जर्मनी में स्थित जर्मन वॉच, न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित किया जाता है। सीसीपीआइ का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय जलवायु राजनीति में पारदर्शिता बढ़ाना है और जलवायु संरक्षण प्रयासों और अलग-अलग देशों द्वारा की गई प्रगति की तुलना करना है। बिजली मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, भारत को अपने जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन के आधार पर दुनिया के शीर्ष 5 देशों में और जी-20 देशों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई, 2023) के अनुसार भारत ने दो स्थानों की छलांग लगाई और अब 8वें स्थान पर है। नवंबर 2022 में कॉप27 (उडढ27) में जारी सीसीपीआई की नवीनतम रिपोर्ट में चार छोटे देश डेनमार्क, स्वीडन, चिली और मोरक्को भारत से ऊपर क्रमशः चौथे, पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर हैं। किसी भी देश को पहली, दूसरी और तीसरी रैंक नहीं दी गई। सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत की रैंक सबसे अच्छी है।

## चुनावी बॉन्ड योजना पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह सरकार की हालिया अधिसूचना को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर की उस याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विधानसभा चुनावों वाले साल के लिए चुनावी बॉन्ड की बिक्री की अवधि 15 दिन और बढ़ाने संबंधी प्रावधान किया गया है। सीजेआइ चंद्रचूड़ और जज हिमा कोहली और पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह 2018 की चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ जया ठाकुर की नई याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगी।

## देश के परमाणु रिएक्टर्स की बढ़ेगी क्षमता रूस ने ऑफर किया नया फ्यूल मॉडल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रूस ने भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के न्यूक्लियर फ्यूल साइकिल के लिए नई तकनीकों और समाधानों की पेशकश की है जिसका उद्देश्य कुडनकुलम पावर प्रोजेक्ट में रिएक्टर्स की दक्षता बढ़ाना है। हैदराबाद में एक सम्मेलन में भाग लेने के दौरान रूस के रोसाटॉम निगम के ईंधन प्रभाग टीवीईएल में रिसर्च और डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट अलेक्जेंडर उग्युमीव ने नई तकनीकों का अनावरण किया। रोसाटॉम ने कहा कि ये समाधान कुडनकुलम में मौजूदा वीवीइआर-1000 रिएक्टरों और निमार्णाधीन रिएक्टरों की दक्षता बढ़ा सकते हैं। रूस में डिजाइन किए गए 1000-मेगावाट के दबाव वाले वाटर रिएक्टर्स वर्तमान में कुडनकुलम बिजली परियोजना में चालू हैं और चार और रिएक्टर तमिलनाडु में साइट पर बनाए जा रहे हैं।

रूस ने यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद परियोजना के लिए महत्वपूर्ण कॉम्पोनेंट्स की आपूर्ति जारी रखी है। रोसाटॉम ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी कुडनकुलम बिजली संयंत्र के संचालन को और अधिक कुशल बनाने की क्षमता प्रदान करती है।




## अर्जेंटीना उलटफेर का शिकार, सऊदी अरब ने 2-1 से हराया

एजेंसी

**दोहा।** अर्जेंटीना को विश्व कप के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप-सी में सऊदी अरब ने दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। 10वें मिनट में कप्तान लियोनल मेसी के गोल से बढ़त लेने के बावजूद टीम मैच नहीं जीत सकी। सऊदी अरब के लिए सालेह अलसेहरी ने 48वें और 53वें मिनट में सालेम अलडावसारी ने गोल किया। इस हार के साथ अर्जेंटीना के लगातार 36 मैचों में जीत का क्रम टूट गया। इस दौरान वह 25 मैच जीता था और 11 ड्रॉ हुए थे। खिताब की प्रबल दावेदार अर्जेंटीना का मुकाबला अब 27 नवंबर को मैक्सिको और 30 दिसंबर को पोलैंड के खिलाफ होगा। सऊदी अरब की विश्व कप इतिहास में यह सिर्फ तीसरी जीत है। अर्जेंटीना को प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए अब अपने बाकी बचे दोनों मैचों में जीत हासिल करनी होगी।

### हार के बावजूद मेसी ने रचा इतिहास

सऊदी अरब के खिलाफ इस मैच में उतरते ही लियोनेल मेसी पांच विश्वकप खेलने का रिकॉर्ड बना गए, जो कि डिएगो माराडोना और जेवियर मासचेरानो से एक ज्यादा मैच है। मुकाबले में मेसी ने 10वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई, उन्होंने पेनल्टी पर गोल किया। मेसी का यह विश्व कप इतिहास में यह सातवां गोल है। वह अर्जेंटीना के लिए चार अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बन गए हैं, उन्होंने 2006, 2014, 2018 और 2022 में गोल किया।



**आज का मैच**
मोरक्को बनाम क्रोएशिया
जर्मनी बनाम जापान

### डेनमार्क और ट्यूनिशिया मैच ड्रॉ

**दोहा।** डेनमार्क और ट्यूनिशिया का मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा। इस विश्व कप में पहली बार किसी मैच में एक भी गोल नहीं हुए। मुकाबले में फेवरेट के तौर पर उतरी डेनमार्क की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह ट्यूनिशिया की रक्षापंक्ति को नहीं भेद पाई। उसके लिए स्टार क्रिश्चियन एरिक्सन ने सबसे बेहतर खेल दिखाया और गोल के लिए कई अवसर बनाए। डेनमार्क की टीम पजेशन, पास और पास एक्यूरेसी में आगे रही। उसने 62 फीसदी पजेशन अपने पास रखा। डेनिश खिलाड़ियों ने 596 पास किए। वहीं, ट्यूनिशिया 374 पास किए।

## भारत और न्यूजीलैंड टी20 मैच रद्द, टीम इंडिया ने सीरीज जीती



एजेंसी

**नेपियर।** बारिश नहीं रुकने की वजह से अंपायरों ने मैच को खत्म करने का फैसला लिया है। डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच टाई पर खत्म हुआ। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 161 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में बारिश की वजह से मैच रुकने तक भारत ने नौ ओवर में चार विकेट पर 75 रन बना लिए थे। डीएलएस के तहत पार स्कोर नौ ओवर में 75 रन का था, जो भारत ने बना लिए थे। ऐसे में अंपायरों ने मैच को टाई घोषित किया। बारिश की वजह से दोबारा मैच नहीं होने और डीएलएस पर टाई होने पर सुपरओवर का इस्तेमाल नहीं होता है। भारत ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-0 से अपने नाम की। हार्दिक ने बतौर कप्तान लगातार दूसरी टी20 सीरीज जीती है। इससे पहले उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज जीती थी। पहला मैच बारिश से पूरी तरह धुल गया था। तब टॉस भी नहीं हो सका था। वहीं, दूसरे मैच को टीम इंडिया ने 65 रन से अपने नाम किया था।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
• Mathematics Practical ₹ 60
• Science Practical ₹ 60
• S. Science Practical ₹ 60
• Hindi Vyakaran–I ₹ 60
• English Grammar–I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran–I ₹ 60
• English Grammar–I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!